राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 326
लखनऊ, मंगलवार 28 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



ग्राम उधरनपुर में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 10
पर्यटन की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में जवाबदेही सुनिश्चित : जयवीर 03

## -: सर्राफा बाजार :-

| | |
|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = 1,46,040/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = 1,33,850/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = 1,09,540/10 ग्राम |
| चांदी | = 2,40,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### संभल : कब्जा मुक्त कराई गई भूमि पर भूमिहीन परिवारों को मिलेंगे पट्टे

**संभल।** उत्तर प्रदेश के जनपद संभल में भू-माफियाओं के खिलाफ प्रशासन ने अभियान चलाकर 10 हजार बीघा सरकारी भूमि कब्जा मुक्त कराई है। अब यह भूमि का उन परिवारों को आवासीय भूमि का पट्टा मिलेगा आवंटित किया जाएगा, जो भूमिहीन हैं और उनके पास घर नहीं है। इसके अलावा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को भी कृषि भूमि का पट्टा दिए जाएंगे। संभल के जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल ने सोमवार को बताया कि प्रारंभिक तौर पर अभी सर्वे चल रहा है। जनपद में भूमिहीन लोगों की सूची बनाने के निर्देश दे दिए गए हैं उनमें कुछ मानकों पर चयन किया जा रहा है। प्रत्येक गांव में लोगों की आवश्यकता के अनुसार भूमि आवंटन किया जाएगा। साथ ही साथ सरकारी योजनाओं के लिए भी भूमि उपलब्धता करने के लिए प्रत्येक विभाग से जानकारी मांगी जा रही है।

### भारत ने यूक्रेन के राजदूत को किया तलब

**नई दिल्ली।** वाणिज्यिक पोत एमवी ओमोरफी पर हुए हमले में एक भारतीय नागरिक की मौत के मामले में सोमवार को यूक्रेन के राजदूत डॉ. ओलेक्सांद्र पोलिशचुक को विदेश मंत्रालय में तलब कर घटनाक्रम पर भारत की ओर से गंभीर चिंता व्यक्त की गई। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि राजदूत को इस घटना के संबंध में मंत्रालय बुलाया गया, जहां भारत ने वाणिज्यिक जहाजों पर हमले की कड़े शब्दों में निंदा की। मंत्रालय ने कहा कि ऐसे हमले समुद्री नौवहन की सुरक्षा, नौवहन की स्वतंत्रता और अंतरराष्ट्रीय व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव डालते हैं। मंत्रालय ने यूक्रेनी राजदूत से आग्रह किया कि वह भारत की गंभीर चिंताओं से अपनी सरकार को अवगत कराएं। भारत ने स्पष्ट किया कि वाणिज्यिक जहाजों को निशाना बनाने तथा निर्दोष नाविकों के जीवन को खतरे में डालने वाली ऐसी घटनाएं पूरी तरह अस्वीकार्य हैं और भविष्य में इनसे हर हाल में बचा जाना चाहिए।

### एके-47 से हवाई फायरिंग करने वाला जवान निलंबित

**सीवान।** नीट पेपर लीक मामले को लेकर बिहार बंद के दौरान सीवान में हुए हिंसक प्रदर्शन के बीच एके-47 से हवाई फायरिंग करने वाले पुलिस जवान को निलंबित कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस मुख्यालय ने विशेष जांच दल (एसआईटी) में तैनात जवान अभिषेक पटेल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# पेपर लीक : सख्त कानून की राह साफ

- स्पीकर बिरला की पहल से टूटा गतिरोध
- विपक्ष बहस को तैयार
- अमित शाह के बयान की मांग बरकरार

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

लोकसभा में चर्चा और वोटिंग आज



लोक परीक्षा में पेपर लीक और संगठित परीक्षा घोटालों पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लाए गए पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पर मंगलवार को लोकसभा में चर्चा और मतदान होने की संभावना है। सोमवार को पूरे दिन चले राजनीतिक गतिरोध के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सहमति बनी। इसके बाद विपक्ष ने विधेयक पर चर्चा के लिए अपनी सहमति दे दी, हालांकि उसने छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मामले में गृह मंत्री अमित शाह के सदन में बयान की मांग भी दोहराई है।

सोमवार को केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने यह संशोधन विधेयक लोकसभा में पेश किया, लेकिन विपक्ष के लगातार हंगामे के कारण इस पर चर्चा शुरू नहीं हो सकी। कांग्रेस, समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दल नीट पेपर लीक के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों पर कथित लाठीचार्ज और पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर पहले चर्चा की मांग करते रहे। विपक्षी सांसद कई बार वेल में पहुंचे, नारेबाजी की और बैनर दिखाए, जिसके चलते लोकसभा की कार्यवाही चार बार स्थगित करनी पड़ी।

शाम तक गतिरोध दूर करने के लिए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विभिन्न विपक्षी नेताओं से अलग-अलग दौर की बातचीत की। सूत्रों के अनुसार कांग्रेस के केसी वेणुगोपाल, समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित कई नेताओं से चर्चा के बाद दोनों पक्ष मंगलवार को विधेयक पर चर्चा और मतदान कराने पर सहमत हो गए। संभावना है कि दोपहर 12 बजे से इस पर विस्तृत बहस शुरू होगी। उधर सरकार ने विपक्ष पर छात्रों के हितों से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक को बाधित करने का आरोप लगाया। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष पहले दिन से इस विषय पर चर्चा की मांग कर रहा था, लेकिन जब सरकार चर्चा के लिए तैयार हुई तो वही दल सदन नहीं चलने दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के युवा इस बहस को देखना चाहते हैं और सभी दलों को इसमें भाग लेना चाहिए।

वहीं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने स्पष्ट किया कि विपक्ष चर्चा से पीछे नहीं हट रहा है, लेकिन छात्रों पर हुई पुलिस कार्रवाई को लेकर सरकार को जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह सदन में आकर बताएं कि प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर बल प्रयोग क्यों किया गया।

पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इसीपेक के बाद पहली बार सोमवार को संसद पहुंचकर कार्यवाही में हिस्सा लिया। संसद परिसर में एनडीए सांसदों ने उनका शॉल और मिथिला पाग पहनाकर स्वागत किया तथा उनके समर्थन में नारे लगाए। विपक्ष लगातार यह आरोप लगा रहा है कि उनका इस्तीफा छात्र आंदोलन और राजनीतिक दबाव का परिणाम है, जबकि भाजपा इसे नैतिक जिम्मेदारी बताते हुए सरकार की जवाबदेही का उदाहरण बता रही है।

गौरतलब है कि मंगलवार को होने वाली चर्चा केवल एक संशोधन विधेयक तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह सरकार और विपक्ष के बीच परीक्षा प्रणाली, छात्र आंदोलनों, जवाबदेही और कानून व्यवस्था जैसे मुद्दों पर व्यापक राजनीतिक टकराव का मंच भी बनेगी। यदि सदन सुचारु रूप से चलता है तो सरकार इस महत्वपूर्ण विधेयक को पारित कराने का प्रयास करेगी, वहीं विपक्ष छात्रों के आंदोलन और पुलिस कार्रवाई के मुद्दे को बहस के केंद्र में रखने की कोशिश करेगा।

### 10 साल की जेल व 10 करोड़ जुर्माने का प्रस्ताव

केंद्र सरकार ने सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक, संगठित नकल और अन्य अनियमितताओं पर सख्ती बढ़ाने के लिए सोमवार को लोकसभा में सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026 पेश किया। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने सदन में यह विधेयक पेश करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य परीक्षा प्रणाली को अधिक पारदर्शी, निष्पक्ष और विश्वसनीय बनाना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में ऐसे मामलों में न्यूनतम तीन वर्ष और अधिकतम पांच वर्ष की सजा का प्रावधान है, जिसे बढ़ाकर न्यूनतम पांच वर्ष और अधिकतम दस वर्ष करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके साथ ही अधिकतम जुर्माना 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये करने का भी प्रावधान किया गया है।

### नीट विवाद के बाद सरकार का कदम

यह संशोधन ऐसे समय लाया गया है जब नीट-यूजी 2026 परीक्षा में पेपर लीक के आरोपों के बाद देशभर में व्यापक छात्र आंदोलन हुए। परीक्षा रद्द करनी पड़ी और दोबारा परीक्षा आयोजित की गई। मामले की जांच फिलहाल सीबीआई कर रही है और अब तक कई आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी बनाने और कानून को और सख्त करने की घोषणा की थी। इसी क्रम में इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी की अध्यक्षता में परीक्षा सुधारों के लिए एक उच्चस्तरीय टास्क फोर्स गठित करने का भी फैसला किया गया है।

### विधेयक की प्रमुख बातें

- ➩पेपर लीक और परीक्षा धांधली पर पहले से अधिक कठोर सजा और दोषियों पर आर्थिक दंड की राशि बढ़ाई जाएगी।
- ➩राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट बनाने का अधिकार।
- ➩रोजाना सुनवाई कर शीघ्र फैसला सुनिश्चित करने की व्यवस्था।
- ➩यूपीएससी, एसएससी, रेलवे, बैंकिंग, एनटीए समेत सभी केंद्रीय सार्वजनिक परीक्षाओं पर लागू।

### सदन की कार्यवाही के अहम बिंदु

- ❍ चार बार ठप हुई लोकसभा
लोकसभा की कार्यवाही सुबह शुरू होने के बाद विपक्ष के लगातार हंगामे के कारण चार बार स्थगित करनी पड़ी। हर बार कार्यवाही शुरू होते ही कांग्रेस, सपा और अन्य विपक्षी दलों के सांसद वेल में पहुंचकर नारेबाजी करने लगे।
- ❍ राज्यसभा भी हंगामे की भेंट चढ़ी
पेपर लीक और छात्रों पर पुलिस कार्रवाई के मुद्दे पर राज्यसभा भी पूरे दिन सुचारु रूप से नहीं चल सकी। सदन की कार्यवाही कई बार स्थगित करनी पड़ी, जिससे विधायी कामकाज प्रभावित हुआ।
- ❍ रिजिजू ने विपक्ष पर लगाया चर्चा से भागने का आरोप संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष पहले इस विषय पर चर्चा की मांग कर रहा था, लेकिन सरकार के चर्चा के लिए तैयार होने पर वही दल सदन नहीं चलने दे रहे हैं। उन्होंने इसे युवाओं के हितों के खिलाफ बताया।
- ❍ विपक्ष का एक ही आग्रह—पहले शाह का बयान कांग्रेस, सपा और अन्य विपक्षी दलों ने स्पष्ट किया कि वे विधेयक पर चर्चा से पीछे नहीं हट रहे हैं, लेकिन छात्रों पर कथित पुलिस कार्रवाई के मामले में पहले गृह मंत्री अमित शाह सदन में बयान दें। इसके बाद ही बहस आगे बढ़नी चाहिए।
- ❍ स्पीकर की पहल से बनी सहमति लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सत्ता पक्ष और विपक्ष के प्रमुख नेताओं से अलग-अलग बातचीत की। इसके बाद मंगलवार को विधेयक पर चर्चा और मतदान कराने पर सहमति बनी, जिससे गतिरोध टूटता दिखाई दिया।
- ❍ मंगलवार का एजेंडा तय यदि फिर कोई व्यवधान नहीं हुआ तो मंगलवार को दोपहर से विधेयक पर विस्तृत चर्चा होगी और उसी दिन मतदान कर इसे पारित कराने की सरकार की योजना है। सरकार के लिए यह मानसून सत्र का सबसे महत्वपूर्ण विधायी एजेंडा माना जा रहा है।

## शिक्षक भर्ती : 67,867 शिक्षकों की नौकरी सुरक्षित

### नए पात्र अभ्यर्थियों को रिक्त पदों पर मिलेगी नियुक्ति

**नई दिल्ली/लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



- सुप्रीम कोर्ट में यूपी सरकार का हलफनामा
- संशोधित मेरिट सूची तैयार

उत्तर प्रदेश की बहुचर्चित 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती मामले में राज्य सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में महत्वपूर्ण हलफनामा दाखिल करते हुए स्पष्ट किया कि वर्ष 2020 में नियुक्त 67,867 शिक्षकों की नौकरी नहीं जाएगी।

सरकार ने अदालत को बताया कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के निर्देशों के अनुरूप तैयार की गई संशोधित मेरिट सूची में यदि नए अभ्यर्थी पात्र पाए जाते हैं तो उन्हें उपलब्ध रिक्त पदों पर नियुक्ति दी जाएगी। इससे पहले से कार्यरत शिक्षकों की सेवा प्रभावित नहीं होगी।

सुनवाई के दौरान सरकार ने यह भी कहा कि यह व्यवस्था केवल 69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती तक सीमित रहेगी और भविष्य की किसी अन्य भर्ती के लिए इसे नजीर नहीं माना जाएगा। सरकार के अनुसार इस भर्ती से जुड़े लगभग नौ हजार अभ्यर्थियों ने अपनी पात्रता का दावा करते हुए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। संशोधित मेरिट सूची में पात्र पाए जाने पर उन्हें नियमों के अनुसार रिक्त पदों पर समायोजित किया जाएगा।

यह भर्ती शुरू से ही आरक्षण व्यवस्था को लेकर विवादों में रही है। अभ्यर्थियों का आरोप था कि वर्ष 2019 में आयोजित भर्ती में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अनुसूचित जाति (एससी) के लिए निर्धारित आरक्षण का सही तरीके से पालन नहीं किया गया। उनका कहना था कि ओबीसी के लिए निर्धारित 18,598 पदों में से केवल 2,637 पद ही दिए गए, जिससे उन्हें 27 प्रतिशत के बजाय करीब 3.86 प्रतिशत आरक्षण मिला। इसी तरह एससी वर्ग को भी निर्धारित 21 प्रतिशत के स्थान पर लगभग 16.6 प्रतिशत आरक्षण मिलने का आरोप लगाया गया। अभ्यर्थियों ने बेसिक शिक्षा नियमावली 1981 और आरक्षण अधिनियम 1994 के उल्लंघन का आरोप लगाया, जबकि राज्य सरकार लगातार भर्ती प्रक्रिया को नियमसम्मत बताती रही है।

69 हजार सहायक शिक्षक भर्ती के लिए 6 जनवरी 2019 को सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा (एटीआरई-2019) आयोजित हुई थी।



गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में इलाज करा रहे सामाजिक व पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक सोमवार को डिस्चार्ज हो गए। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद वह अपनी पत्नी डॉ. गीतांजलि के साथ दिल्ली के राजघाट पहुंचे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## आखिर जौहर यूनिवर्सिटी को मिली बड़ी राहत

**मुरादाबाद , समृद्धि न्यूज।**



- 38 भवनों के ध्वस्तीकरण पर मुरादाबाद कमिश्नर ने लगाई रोक

मुरादाबाद मंडल आयुक्त आंजनेय कुमार सिंह ने सोमवार को रामपुर की मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी को बड़ी कानूनी राहत दे दी। उन्होंने इस विश्वविद्यालय के 38 भवनों के खिलाफ आरडीए के प्रस्तावित ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक लगाते हुए, अगली सुनवाई तक किसी भी तरह की कार्रवाई न करने के निर्देश दिए हैं।

इस आदेश के बाद अब विश्वविद्यालय पर बुलडोजर चलने की संभावना टल गयी है। जौहर ट्रस्ट ने आरडीए के आदेश को मंडलायुक्त न्यायालय में चुनौती दी थी।

आयुक्त के आदेश के बाद रामपुर का जिला प्रशासन अब अगले निर्देश मिलने तक विश्वविद्यालय परिसर में किसी भी प्रकार की ध्वस्तीकरण कार्रवाई नहीं करेगा। मामले में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आगे का फैसला लिया जाएगा। इस प्रकरण की सुनवाई सोमवार को प्रस्तावित थी, लेकिन न्यायालय में शोक (कंडोलेंस) के कारण अवकाश रहने से सुनवाई अब अगली तारीख पर होगी। उल्लेखनीय है कि रामपुर विकास प्राधिकरण (आरडीए) ने मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय परिसर में निर्माण की जांच की और फिर आरडीए ने उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम, 1973 की धारा 27(1) के तहत 38 भवनों को ध्वस्त करने का आदेश जारी किया था। प्राधिकरण की जांच में दावा किया गया कि विश्वविद्यालय परिसर में बने 38 भवन बिना स्वीकृत मानचित्र के बनाए गए हैं।

इसी आधार पर विश्वविद्यालय प्रशासन को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर इन निर्माणों को स्वयं हटाने का निर्देश दिया था।

## दिल्ली हाईकोर्ट ने गांधी परिवार को दिया तीन हफ्ते का समय

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने सोमवार को कांग्रेस नेताओं सोनिया गांधी, राहुल गांधी और दूसरे प्रतिवादियों को नेशनल हेराल्ड से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ट्रायल कोर्ट के आदेश के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय की याचिका पर अपना जवाब दाखिल करने के लिए तीन हफ़्ते का समय दिया। ट्रायल कोर्ट ने ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने से इनकार कर दिया था। जस्टिस मनोज जैन ने कहा कि मामले की सुनवाई 10 सितंबर को होगी। गांधी परिवार के अलावा, ईडी की याचिका पर सुमन दुबे, सैम पित्रोदा, यंग इंडियन, डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड और सुनील भंडारी को भी नोटिस जारी किए गए हैं।



## आंदोलकारियों पर लाठीचार्ज गलत : सुप्रीम कोर्ट

### टिप्पणी

- शांतिपूर्ण विरोध संवैधानिक अधिकार : सीजेआई

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि शांतिपूर्ण और न्यायसंगत प्रदर्शन संविधान के तहत सुरक्षित हैं और केवल विरोध-प्रदर्शन लाठीचार्ज का आधार नहीं हो सकता है।

उन्होंने ये मौखिक टिप्पणियां तब कीं जब न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना वाली बेंच देश में नीट परीक्षा पेपर लीक को लेकर विरोध कर रहे छात्रों के खिलाफ पुलिस बल के अत्यधिक उपयोग का आरोप लगाने वाली याचिकाओं के एक समूह पर सुनवाई कर रही थी।

न्यायालय ने विरोध-प्रदर्शन के दौरान घायल हुए पुलिसकर्मियों के परिवारों को भी कार्यवाही में शामिल होने की इजाज़त दी। न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने कहा कि पुलिसकर्मियों और छात्रों, दोनों का घायल होना समान रूप से चिंताजनक है और उन्होंने सरकार से यह बताने को कहा कि पुलिस को हेलमेट जैसे ज़रूरी सुरक्षा उपकरण क्यों नहीं दिए गए थे।

पीठ मंगलवार को सभी याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने शुक्रवार को विरोध प्रदर्शनों के दौरान पुलिस की कथित ज्यादतियों का मामला तत्काल सुनवाई के लिए उठाया था। इससे पहले, 22 जुलाई को मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले पर एक अभ्यावेदन पर विचार करने से इनकार कर दिया था और बाद में स्पष्ट किया था कि उस समय शीर्ष अदालत के समक्ष कोई विधिवत याचिका दायर नहीं की गई थी।

### उत्तर कोरिया की परमाणु क्षमताओं का लगातार होगा उन्नयन : किम जोंग



**एजेंसी, मास्को।** उत्तर कोरिया की परमाणु क्षमताओं का लगातार उन्नयन किया जाएगा और वे सुरक्षा की सबसे अच्छी गारंटी बने रहेंगे। यह बात कोरियन वर्कर्स पार्टी की केंद्रीय समिति का सामान्य विभाग की निदेशक और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की बहन किम यो जोंग ने कही। कोरियन सेंट्रल न्यूज़ एजेंसी के अनुसार, किम यो जोंग ने कहा है कि हमारा रुख एक जैसा और स्पष्ट है कि परमाणु प्रतिरोध देश की संप्रभुता के लिए एक भरोसेमंद ढाल और सुरक्षा की सबसे अच्छी गारंटी है। उत्तर कोरिया की परमाणु क्षमता को बिना किसी रुकावट के लगातार बेहतर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में विरोधी ताकतों के कारण उत्पन्न हुए संकट के बीच यह बचाव ज़रूरी है।

### उपलब्धि

### भारत बना मेडिकल टूरिज्म का नया केंद्र

## इलाज की पहली पसंद बन रहा देश, 16 साल में विदेशी मरीज 4.5 गुना बढ़े

- सस्ती लागत, आधुनिक तकनीक व विशेषज्ञ डॉक्टरों के दम पर वैश्विक पहचान मजबूत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत अब केवल कम लागत पर इलाज कराने वाला देश नहीं रह गया है, बल्कि वैश्विक मेडिकल टूरिज्म के प्रमुख केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। पिछले 16 वर्षों में इलाज के लिए भारत आने वाले विदेशी मरीजों की संख्या में लगभग साढ़े चार गुना वृद्धि दर्ज की गई है। वर्ष 2009 में जहां करीब 1.12 लाख विदेशी मरीज इलाज के लिए भारत आए थे, वहीं 2025 तक यह संख्या बढ़कर लगभग 5.07 लाख पहुंच गई है। विशेषज्ञों का मानना है कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं, आधुनिक चिकित्सा तकनीक, प्रशिक्षित डॉक्टर और विकसित हो रही स्वास्थ्य अवसंरचना भारत को मेडिकल टूरिज्म का मजबूत केंद्र बना रही हैं। भारत में हृदय रोग, ऑर्थोपेडिक सर्जरी, कैंसर उपचार, किडनी प्रत्यारोपण, न्यूरोसर्जरी, आईवीएफ, कॉस्मेटिक सर्जरी तथा आयुर्वेद, योग और वेलनेस जैसी सेवाओं की अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मांग बढ़ रही है। अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोप जैसे देशों की तुलना में यहां इलाज की लागत 60 से 80 प्रतिशत तक कम पड़ती है। यही कारण है कि एशिया, अफ्रीका, मध्य एशिया, खाड़ी देशों तथा दक्षिण एशिया के हजारों मरीज भारत को प्राथमिकता दे रहे हैं।

स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड-19 महामारी के बाद वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर लोगों का भरोसा फिर से मजबूत हुआ है। भारत ने डिजिटल हेल्थ, टेलीमेडिसिन, रोबोटिक सर्जरी और अत्याधुनिक अस्पतालों के विस्तार के माध्यम से अपनी क्षमता बढ़ाई है। इससे विदेशी मरीजों का विश्वास भी बढ़ा है। केंद्र सरकार भी मेडिकल वैल्यू ट्रैवल को बढ़ावा देने के लिए कई कदम उठा रही है। ई-मेडिकल वीजा, अस्पतालों की अंतरराष्ट्रीय मान्यता, एयर कनेक्टिविटी और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार ने इस क्षेत्र को नई गति दी है। कई राज्यों ने मेडिकल टूरिज्म नीति बनाकर निजी निवेश और अस्पतालों के विस्तार को प्रोत्साहित किया है।

उद्योग से जुड़े अनुमानों के अनुसार भारत का मेडिकल टूरिज्म बाजार अगले कुछ वर्षों में करीब 1.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है। अस्पताल श्रृंखलाओं, डायग्नोस्टिक सेवाओं, होटल उद्योग, परिवहन, फार्मा और वेलनेस सेक्टर को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। इससे रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। हालांकि विशेषज्ञ यह भी मानते हैं कि इस क्षेत्र की तेज वृद्धि के साथ कुछ चुनौतियां भी हैं। सभी अस्पतालों में एक समान गुणवत्ता सुनिश्चित करना, विदेशी मरीजों के लिए बहुभाषी सहायता, उपचार के बाद फॉलो-अप व्यवस्था, मेडिकल इंश्योरेंस की वैश्विक स्वीकार्यता और छोटे शहरों तक स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार अभी भी महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। प्रतिस्पर्धा भी लगातार बढ़ रही है, क्योंकि थाईलैंड, तुर्किये, सिंगापुर, मलेशिया और दक्षिण कोरिया भी मेडिकल टूरिज्म को बढ़ावा देने में निवेश कर रहे हैं।

भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी चिकित्सा विशेषज्ञता और अपेक्षाकृत कम लागत है। देश में बड़ी संख्या में ऐसे डॉक्टर हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण प्राप्त है और जो जटिल सर्जरी में दक्ष हैं। साथ ही आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा जैसी पारंपरिक स्वास्थ्य प्रणालियां भारत को अन्य देशों से अलग पहचान देती हैं। यही कारण है कि अब अनेक विदेशी मरीज इलाज के साथ-साथ रिकवरी और वेलनेस कार्यक्रमों का भी लाभ लेने भारत आ रहे हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार यदि स्वास्थ्य अवसंरचना, गुणवत्ता मानकों और अंतरराष्ट्रीय प्रचार-प्रसार पर लगातार ध्यान दिया गया तो आने वाले वर्षों में भारत मेडिकल टूरिज्म के वैश्विक बाजार में और मजबूत स्थिति हासिल कर सकता है। इससे स्वास्थ्य क्षेत्र के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था, सेवा उद्योग और रोजगार पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।



### मेडिकल टूरिज्म में भारत क्यों बन रहा पहली पसंद?

**मुख्य तथ्य**

- ➲2009 में करीब 1.12 लाख विदेशी मरीज भारत आए।
- ➲2025 में संख्या बढ़कर 5.07 लाख के आसपास पहुंची।
- ➲16 वर्षों में विदेशी मरीजों की संख्या में 4.5 गुना वृद्धि।
- ➲अमेरिका और यूरोप की तुलना में इलाज 60-80% तक सस्ता।
- ➲हृदय, कैंसर, ऑर्थोपेडिक, आईवीएफ और प्रत्यारोपण उपचार की सबसे अधिक मांग।
- ➲ई-मेडिकल वीजा और आधुनिक अस्पतालों से बढ़ा भरोसा।
- ➲अनुमानित मेडिकल टूरिज्म बाजार 1.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की संभावना।
- ➲स्वास्थ्य सेवाओं के साथ होटल, परिवहन, फार्मा और वेलनेस उद्योग को भी बड़ा लाभ।

### नेपाल में सांप्रदायिक हिंसा

### सीमा पर हाई अलर्ट

**एजेंसी, अररिया।** नेपाल के सुनसरी जिले के कमानगंज में दो समुदायों के बीच हुई हिंसक झड़प और सांप्रदायिक तनाव के बाद भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। घटना में 24 वर्षीय बोलबम श्रद्धालु ओमप्रकाश मेहता की गोली लगने से मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। घटना के बाद सीमावर्ती बिहार के अररिया जिले में प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए अररिया के डीएम विनोद दूहन और एसपी जितेंद्र कुमार ने सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। दोनों अधिकारियों ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) राजकिशोर कुमार के साथ फुलकाहा और घूरना थाना क्षेत्रों से सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा का गहन निरीक्षण किया तथा सुरक्षा में तैनात अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि नेपाल की घटना का किसी भी प्रकार का प्रभाव भारतीय क्षेत्र में नहीं पड़ने दिया जाएगा।

# माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद बना महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाने का प्रभावी मंच



▶ राशन कार्ड से लेकर आय प्रमाण पत्र, वरासत और स्थानीय विवादों तक शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** देवीपाटन मंडल की आयुक्त के निर्देशन में संचालित 'माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद 'महिलाओं की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान का सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्राप्त शिकायतों पर संबंधित विभागों द्वारा निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध कार्रवाई की जा रही है, जिससे महिलाओं का प्रशासन पर विश्वास लगातार मजबूत हो रहा है। जनसुनवाई के दौरान बहराइच जनपद से संबंधित प्राप्त शिकायत पर बहराइच प्रशासन ने जांच कर वर्ष 2025-26 में जारी एक आय प्रमाण पत्र को नियमों के विपरीत पाए जाने पर उसके निरस्तीकरण की कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। साथ ही संबंधित लेखपाल के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई भी शुरू कर दी गई है। अन्य आरोप जांच में निराधार पाए गए और विस्तृत आख्या आयुक्त कार्यालय को भेज दी गई। इसी प्रकार गोण्डा जनपद में ग्राम पंचायत मेईपाठक की ननका देवी की शिकायत पर जिला पूर्ति विभाग ने जांच कर उन्हें पात्र पाते हुए छह यूनिट का पात्र गृहस्थी राशन कार्ड जारी कर दिया, जिससे उनकी लंबे समय से लंबित समस्या का समाधान हो गया। करनैलगंज तहसील के ग्राम शाहजोत निवासी रामलली की वरासत संबंधी शिकायत की जांच में पाया गया कि उनके पति की मृत्यु के बाद तत्कालीन नियमों के अनुसार वरासत की कार्रवाई पहले ही पूरी हो चुकी थी। जांच के दौरान आवेदिका ने स्वयं संतुष्टि व्यक्त करते हुए किसी प्रकार की शिकायत न होने की बात कही, जिसके बाद प्रकरण के निस्तारण की संस्तुति की गई। वहीं नगर क्षेत्र की शिकायतकर्ता मनूप्रिया द्वारा सड़क पर बने नाली चैम्बर को लेकर की गई शिकायत का भी पुलिस एवं प्रशासन की पहल पर आपसी सुलह-समझौते के माध्यम से समाधान करा दिया गया। शिकायतकर्ता ने दूरभाष पर नगर मजिस्ट्रेट को अवगत कराया कि उनकी समस्या का समाधान हो चुका है और अब वह किसी अतिरिक्त कार्रवाई की इच्छुक नहीं हैं। माँ पाटेश्वरी शक्ति संवाद के माध्यम से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित जांच, निष्पक्ष कार्रवाई और प्रभावी निस्तारण यह दर्शाता है कि प्रशासन केवल शिकायतें सुनने तक सीमित नहीं है, बल्कि प्रत्येक प्रकरण का समाधान सुनिश्चित करने के लिए गंभीरता से कार्य कर रहा है। यह पहल महिलाओं को न्याय, सुरक्षा और प्रशासनिक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में एक प्रभावी एवं भरोसेमंद मंच के रूप में निरंतर अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रही है।

# ट्रेन से कटकर तीन की मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले में अलग अलग थाना क्षेत्र में ट्रेन से तीन लोगों की कट कर मौत हो गई। पुलिस ने तीनों शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है। बस्ती जनपद के परस राम पुर थाना क्षेत्र के गौरा पांडेय पुर गांव के निवासी 55 वर्षीय राज कुमार पुत्र झिंकान की स्वामी नारायण छपिया रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कट कर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के छ बच्चे है। अखिलेश पांडेय निखिलेश पांडेय कमलेश पांडेय कार्तिक पांडेय बदमा पांडेय और रुक मणि पांडेय है। छपिया थाना क्षेत्र के ककर घटा गांव के निवासी 31 वर्षीय सुनील कुमार पुत्र करिया मनका पुर रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से कट कर दर्दनाक मौत हो गई। मृतक युवक सुनील कुमार किसी काम से मनका पुर आया था। छपिया जाने के लिए रविवार के दिन ट्रेन पकड़ रहा था।

# डीएम ने अनाथ बालक को प्रदान किया 10 लाख की सहायता

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।**



जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने सोमवार को जनपद में कोविड के कारण अनाथ हुए एक बालक को रू. 10 लाख की सहायता चेक के माध्यम से प्रदान की है। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री जी द्वारा घोषित तथा महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित पी.एम. केयर्स फॉर चिल्ड्रेन योजनान्तर्गत कोविड के कारण माता-पिता दोनों को खो चुके बच्चों के बैंक खाते में आर्थिक सहायता की धनराशि फिक्स डिपाजिट कराया गया है। इस वर्ष करनैलगंज विकास खण्ड क्षेत्र के एक बच्चे के 23 वर्ष पूर्ण होने पर उसे धनराशि रू. 10.00 लाख का चेक प्रदान किया गया है। चेक पाकर बालक ने प्रधानमंत्री व जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया और कहा कि इस योजना ने शिक्षा, स्वास्थ्य और वित्तीय सुरक्षा के रूप में जो सहयोग दिया है, यह भविष्य के लिए एक मजबूत नींव है। इस प्रयास ने आत्मनिर्भर बनने और समाज में एक सार्थक जीवन जीने का अवसर प्रदान किया है, आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि इस सहायता का सदुपयोग कर, एक सफल और जिम्मेदार नागरिक बनूँगा। इसी तरह जिलाधिकारी ने उ.प्र. मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) के तहत 04 बच्चों को स्वीकृति पत्र का भी वितरण किया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा, संरक्षण अधिकारी नेहा श्रीवास्तव, आंकड़ा विश्लेषक शिवगोविन्द वर्मा आदि मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### तीन थाना प्रभारी लाइन हाजिर, दस निरीक्षक सहित चार उपनिरीक्षक का हुआ स्थानांतरण

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने तीन थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया। दस निरीक्षक सहित चार उपनिरीक्षक का स्थानांतरण कर दिया।जिस में चन्दन कुमार थाना प्रभारी उमरी बेगम गंज धाने पुर थाना प्रभारी अरविंद कुमार यादव खरगू पुर थाना प्रभारी गोविंद कुमार को पुलिस लाइन भेज दिया। पुलिस लाइन में रहे निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी को थाना खरगू पुर का प्रभारी बनाया गया। प्रभारी जन सूचना के निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह वजीर गंज थाना का प्रभारी बनाया गया है। निरीक्षक रमा शंकर राय उमरी बेगम गंज का अतिरिक्त निरीक्षक को कर्नल गंज का अतिरिक्त निरीक्षक बनाया गया है। यशवंत कुमार सिंह अतिरिक्त प्रभारी मोती गंज को अपराध शाखा कर्नल गंज थाना के अतिरिक्त प्रभारी अरविंद कुमार को अपराध शाखा आशुतोष सिंह को पुलिस लाइन से प्रभारी एस ओ जी स्वाट टीम पुलिस लाइन से श्री मती सुमित्रा को प्रभारी जनसूचना सेल उपनिरीक्षक मनीष कुमार प्रभारी स्वाट सर्विलाश को प्रभारी सर्विलास सेल उपनिरीक्षक वीपुल पांडेय थानाध्यक्ष वजीर गंज को थाना अध्यक्ष धाने पुर खोरहंसा चौकी प्रभारी पवन मिश्रा को हटा कर थाना अध्यक्ष उमरी बेगम बनाया गया। कहोबा चौकी प्रभारी तेज नारायण गुप्ता को हटा कर थाना अध्यक्ष मोती गंज बनाया गया।

### महिला ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** परस पुर थाना क्षेत्र के सरैया गांव के निवासी 21 वर्षीय रोशनी उर्फ रिमझिम ने रविवार के दिन घर में पंखे से फांसी पर लट गई। परिजनों ने देखा तो उस को उतार कर शहर के एक निजी नर्सिंग होम में लाकर भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान सोमवार की सुबह उस की मौत हो गई। मृतका रोशनी उर्फ रिमझिम कर्नल गंज थाना क्षेत्र के जानकी पुरवा गांव के निवासी सुरेंद्र मिश्रा की पुत्री थी। उस के मामा अरविंद तिवारी ने बताया कि बीते 12 मई को शादी किया था। शादी में दान दहेज दिया था। पोस्ट मार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारवाही करने के बात कही है। नगर पुलिस ने उस के शव नर्सिंग होम से अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम को भेजा है।

### अनुशासनहीनता व अभद्रता में सफाईकर्मी निलंबित

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिला पंचायत राज अधिकारी गोवर्धन जैन ने अनुशासन हीनता में जिला निर्वाचन कार्यालय से संबद्ध सफाई कर्मचारी राजा राम को निलंबित कर दिया। सफाई कर्मचारी राजा राम को बीते 25 जुलाई को कार्यालय के आवश्यक कार्य हेतु बुलाया गया था लेकिन नहीं आए। सोमवार को इस के संबंध में कार्यालय में उपस्थित होकर नोटिस लेने के लिए बुलाया गया था। कार्यालय में आए तो कर्मचारियों के साथ अभद्रता किया।

### उतरौला में रहस्य गहराया: नहर किनारे मिला युवक का सामान

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** तहसील क्षेत्र के नगरिया बरामभरी स्थित नहर के किनारे एक युवक की बाइक और मोबाइल फोन संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने से सोमवार को पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। सूचना पर हुसैनाबाद ग्राम प्रधान अफसर, लापता युवक के परिजन तथा स्थानीय लोग भी घटनास्थल पर पहुंचे और युवक की तलाश शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार लापता युवक की पहचान निजाम पुत्र कप्तान, निवासी ग्राम सभा हुसैनाबाद के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि निजाम हुसैनाबाद बाजार में मोबाइल की दुकान संचालित करता है। सोमवार को वह मोबाइल से संबंधित सामान खरीदने के लिए उतरौला गया था। देर शाम तक घर वापस न लौटने और मोबाइल पर संपर्क न होने से परिवार के लोग चिंतित हो गए। इसके बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। खोजबीन के दौरान नगरिया बरामभरी नहर के पास उसकी बाइक और मोबाइल फोन लावारिस हालत में पड़े मिले। यह सूचना क्षेत्र में तेजी से फैल गई, जिसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। युवक का कोई सुराग न मिलने से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में चिंता का माहौल बना हुआ है। घटना की जानकारी मिलते ही ग्राम प्रधान अफसर ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बाइक और मोबाइल फोन को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और आसपास मौजूद लोगों से पूछताछ भी की।

### भव्य कलश यात्रा के साथ बालाजी मंदिर निर्माण का शुभारंभ

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़।** पयागपुर क्षेत्र में बालाजी मंदिर निर्माण



कार्य का शुभारंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। श्रद्धा और भक्ति के माहौल में निकली यात्रा में बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे मार्ग पर भगवान बालाजी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। कलश यात्रा मंदिर परिसर में विधि-विधान से पूजन-अर्चन के बाद शुरू हुई। श्रद्धालु मंदिर परिसर से पयागपुर बस स्टॉप होते हुए काली मंदिर तक पहुंचे, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यात्रा का समापन हुआ। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर धार्मिक परंपरा का निर्वहन किया। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की सुख-समृद्धि तथा मंदिर निर्माण कार्य के सफल एवं शीघ्र पूर्ण होने की कामना की।

# गोंडा जंक्शन पर मोबाइल चोर गिरोह के दो शातिर गिरफ्तार

▶ 75 हजार रुपये के दो चोरी के मोबाइल बरामद

**मनकापुर/गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की अपराध आसूचना शाखा, TOPB टीम और जीआरपी गोंडा की संयुक्त कार्रवाई में गोंडा जंक्शन से दो शातिर मोबाइल चोरों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से चोरी के दो एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद हुए हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 75,000 बताई गई है। गोंडा उदय राज, प्रभारी निरीक्षक अनिरुद्ध राय तथा जीआरपी गोंडा की संयुक्त टीम रेलवे स्टेशन पर आपराधिक गतिविधियों की निगरानी कर रही थी। इसी दौरान प्लेटफॉर्म नंबर-2 के पश्चिमी छोर स्थित पैदल पुल के नीचे दो संदिग्ध युवकों को पकड़कर तलाशी ली गई। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे गोंडा रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म और ट्रेनों में सो रहे यात्रियों के मोबाइल फोन चोरी करते थे। बाद में मजबूरी का बहाना बनाकर उन मोबाइल फोन को अन्य लोगों को बेच देते थे। गिरफ्तार नौशाद अहमद (20 वर्ष) पुत्र फैयाज अहमद तथा फरीद सिद्दीकी (21 वर्ष) पुत्र शाहिद सिद्दीकी, दोनों निवासी शास्त्रीनगर तोपखाना, थाना कोतवाली नगर, जनपद गोंडा के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ जीआरपी थाना गोंडा में मु.अ.सं. 89/2026 के तहत धारा 317(2) एवं 317(5) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक राजेश कुमार पाण्डेय द्वारा की जा रही है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल धनंजय कुमार सिंह, कांस्टेबल विनोद कुमार, कांस्टेबल अरशद अली एवं कांस्टेबल जितेंद्र कुशवाहा सहित संयुक्त टीम के अन्य अधिकारियों और कर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत व बचाव कार्यों को मिलेगी नई गति, 'हनुमान रथ' हुआ रवाना

▶ जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों ने दिखाई हरी झंडी, राहत कार्यों के लिए हुआ आसान







**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** तहसील तरबगंज के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्र ग्राम ऐलीपरसौली सहित आसपास के गांवों में राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं त्वरित बनाने के उद्देश्य से विशेष राहत एवं रेस्क्यू वाहन 'हनुमान रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह विशेष वाहन अब बाढ़ के दौरान फंसे हुए लोगों तक समय पर राहत सामग्री पहुंचाने तथा आवश्यकतानुसार रेस्क्यू अभियान संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इस अवसर पर विधायक तरबगंज प्रेम नारायण पाण्डेय, विधायक सदर गोण्डा प्रतीक भूषण सिंह, जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, एमएलसी मंजू सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने संयुक्त रूप से वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**राहत सामग्री पहुंचाने और रेस्क्यू अभियान में बनेगा प्रभावी माध्यम**

बाढ़ के दौरान कई बार ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं, जब किसी गांव में कोई व्यक्ति पानी से घिरकर फंस जाता है अथवा गांवों के चारों ओर जलभराव इतना अधिक हो जाता है कि सामान्य वाहनों का पहुंचना संभव नहीं होता। ऐसी विषम परिस्थितियों में 'हनुमान रथ' राहत एवं बचाव कार्यों का एक प्रभावी साधन सिद्ध होगा। इस विशेष वाहन के माध्यम से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में खाद्यान्न, पेयजल, दवाइयां एवं अन्य आवश्यक राहत सामग्री शीघ्रता से पहुंचाई जा सकेगी। साथ ही जरूरत पड़ने पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाकर लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने में भी यह वाहन अत्यंत उपयोगी रहेगा। यह वाहन विधायक सदर गोण्डा प्रतीक भूषण सिंह द्वारा उपलब्ध कराया गया है, जिससे बाढ़ प्रभावित लोगों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने में प्रशासन को महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा।

**प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की संयुक्त पहल से बढ़ेगा जनविश्वास**

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने कहा कि बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाओं में त्वरित राहत एवं प्रभावी बचाव कार्य प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। 'हनुमान रथ' के संचालन से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत कार्यों को नई गति मिलेगी तथा आपदा की स्थिति में लोगों तक शीघ्र सहायता पहुंचाना पहले की अपेक्षा अधिक सरल और प्रभावी होगा। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि यह वाहन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों को और अधिक सुदृढ़ एवं जनहितकारी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# पानी के गड्ढे में डूबने से दो बच्चों की मौत

▶ खेलते-खेलते गहराई में समाए मासूम, सुबह उतराती मिली लाश



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** बारिश के मौसम में पुलिया के पास जमा गहरा पानी दो बच्चों के लिए काल बन गया। रविवार रात लापता बच्चों का शव सोमवार सुबह पुलिया के पास भरे 3 फीट गहरे पानी में उतराता मिले। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, दोनों बच्चों को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह पूरी घटना हुजूरपुर थाना अंतर्गत लौदा महोली गांव की है। लौदा महोली गांव के रहने वाले गुरुदयाल खेतबाड़ी करते है। उनका 8 वर्षीय बेटा सचिन गोस्वामी प्राइमरी स्कूल में कक्षा तीन में पढ़ता था। रविवार रात सचिन पड़ोस में रहने वाले प्रभुदयाल के 10 वर्षीय बेटे विनीत गोस्वामी के संग खेलते हुए गांव के बाहर स्थित पुलिया की ओर चले गए थे। विनित भी सचिन के संग तीसरी कक्षा में पढ़ता था। वहीं, पिता प्रभुदायल ईंट भट्टे पर मजदूरी करते हैं। विनित उनका इकलौता बेटा था। ग्रामीणों ने बताया कि पुलिया के आसपास बारिश का पानी काफी मात्रा में जमा था। आशंका है कि खेलते समय दोनों बच्चे गहरे पानी में उतर गए और संतुलन बिगड़ने से डूब गए। आसपास कोई मौजूद नहीं होने के कारण समय रहते उन्हें बचाया नहीं जा सका। काफी देर तक बच्चों के घर नहीं लौटने पर परिजनों की चिंता बढ़ गई। परिवार के लोगों ने ग्रामीणों के साथ मिलकर गांव और आसपास के इलाकों में उनकी तलाश शुरू की। बावजूद इसके बच्चों का कहीं सुराग नहीं मिल सका। जिसके बाद किसी अनहोनी की आशंका के मद्देनजर परिजनों ने नजदीकी थाने में लिखित शिकायत देते हुए बच्चों की गुमशुदगी दर्ज कराई। सोमवार सुबह करीब 06:30 बजे खोजबीन के दौरान पुलिया के पास जमा गहरे पानी में दोनों बच्चों का पता चला। ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें बाहर निकाला।

**3 फीट गड्ढे में उतराती मिली लाश**

प्रभारी निरीक्षक विपिन प्रकाश सिंह ने बताया कि बच्चों के शवों को तीन फीट गड्ढे में उतराता देख ग्रामीणों ने फौरन पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना दी। जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। जिसके बाद बच्चों को नजदीकी अस्पताल में पहुंचाया।

# गोण्डा में सूरज सिंह ने निकाली जन-आक्रोश पद यात्रा, जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन



▶ चंदा चोर गद्दी छोड़ के नारों से गूँजा गोंडा

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर सपा नेता सूरज सिंह के नेतृत्व में हजारों की संख्या में समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च निकाला और कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन कर नारेबाजी की और तमाम मांगों को लेकर हुंकार भरी। सपा नेता सूरज सिंह की अगुआई में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को सपाइयों ने 22 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। नगर कोतवाली के पास सपा नेता सूरज सिंह के नेतृत्व में हजारों लोग इकट्ठा हुए जहां नगर कोतवाली के पास एक निजी होटल से जन-आक्रोश पैदल मार्च करते हुए डीजे के साथ हाथों में तिरंगा और समाजवादी पार्टी का झंडा लिए सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। सपाइयों ने देशव्यापी और प्रदेशव्यापी जन समस्याओं को लेकर गोंडा जिला अधिकारी प्रियंका निरंजन को ज्ञापन सौंपा। सपा नेताओ के ने खाद की समस्या, सिलेंडर की समस्या शहर में जल भराव की समस्या, बिजली की समस्या, जर्जर ट्रांसफार्मर, पुलिस उत्पीड़न, सरकारी अस्पतालों में दुर्व्यवस्था, बजाज चीनी मिल गन्ना भुगतान, सीवर लाइन, नगर में जाम, जौहर विश्वविद्यालय का ध्वस्तीकरण करने के आदेश को लेकर के विरोध प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। समाजवादियों द्वारा जन आक्रोश पैदल मार्च के दौरान 'चंदा चोर गद्दी छोड़, शिक्षा का सम्मान बचाओ, हर बेटी की यही पुकार बंद करो उत्पीड़न और अत्याचार, पेपर लीक बंद करो माफियाओं पर कार्रवाई करो' जैसे नारे भी समाजवादियों ने लगाए हैं। प्रदर्शन के दौरान सपा नेता सूरज सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में जिन भी समाजवादियों पर मुकदमा गलत तरीके से लिखा जाएगा सपा सरकार आने पर उसे पर कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी। खाद की समस्या के लिए आज किसान परेशान है, बिजली की समस्या के लिए किसान परेशान है सिलेंडर की समस्या को लेकर की किसान परेशान है। पुलिस उत्पीड़न से आम लोग़ परेशान है सरकारी अस्पतालों में सभी व्यवस्थाएं में मिले हैं लोग परेशान है। किसानों का गन्ना भुगतान नहीं हो रहा है लोग परेशान है बाढ़ से कटान हो रही है कोई आर्थिक मदद नहीं मिली है लोग परेशान हैं। सूरज सिंह ने कहा कि भगवान राम को लाने की बात करने का फर्जी दावा ठोकने वालों की नाक के नीचे से हजारों करोड़ों की चंदा चोरी हो गई और आज तक दूध का दूध पानी का पानी नहीं हुआ। अरशद हुसैन जिलाध्यक्ष , रणविजय सिंह पूर्व एमएएलसी, महफूज खान पूर्व एमएएलसी सहित आदि उपस्थित रहे और सरकार बदलने का आह्वाहन किया।

# गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग शहर में जुलूस निकालकर प्रदर्शन




▶ जिले में गौ सम्मान अभियान शुरू

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

जिले में सोमवार को 'गौ सम्मान आवाहन अभियान' का शुभारंभ किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने डीएम कार्यालय के पास स्थित धरना स्थल पर पहुंचकर गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग की। यह अभियान नगरौर स्थित आश्रम के महंत विष्णु देवाचार्य के नेतृत्व में शुरू हुआ। दोपहर 12 बजे लोगों ने नगर में जुलूस निकाला और गाय की सुरक्षा को लेकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी बाद में जिला मुख्यालय पर स्थित धरना स्थल पहुंचे। वहां उन्होंने पूरे देश में गौ हत्या रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की मांग की।इसके साथ ही, प्रधानमंत्री से गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने का आग्रह किया। महंत देवाचार्य ने कहा कि आज भी देश के कई हिस्सों में गाय की हत्याएं हो रही हैं। उन्होंने इसे रोकने के लिए सख्त कानून बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया, क्योंकि सनातन धर्म में गाय को माता का स्थान दिया गया है। उन्होंने बताया कि सरकार से गाय को राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग को लेकर जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## फंदे से लटका मिला नवविवाहिता का शव पुलिस जांच में जुटी

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के गुजराती पुरवा गांव में सोमवार सुबह एक नवविवाहिता का शव कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार सिंह पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच शुरू की।पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। टीम ने घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य संकलित किए। इसके बाद पुलिस ने शव को फंदे से उतरवाकर पंचायतनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बताया जा रहा है कि मृतका रित्यांशी (20) पत्नी अंकुल की शादी करीब एक वर्ष पहले हुई थी। मायके वालों का आरोप है कि ससुराली जन दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। रित्यांशी का मायका थैलिया ग्राम पंचायत में है। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

# जिला पोषण समिति की बैठक डीएम की अध्यक्षता में संपन्न

**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पोषण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में संचालित विभिन्न पोषण एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य कार्यक्रमों की बिंदुवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को शासन की मंशानुरूप योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। बैठक में सबसे पहले ई-कवच (e-Kavach) पोर्टल की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने



अधिकारियों को निर्देशित किया कि गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं नवजात शिशुओं का समयबद्ध पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा पोर्टल पर सभी सूचनाएं शत-प्रतिशत एवं वास्तविक समय में अपडेट की जाएं। उन्होंने कहा कि ई-कवच उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विकसित एक डिजिटल ट्रैकिंग प्रणाली है, जिसके माध्यम से गर्भधारण के शुरुआती चरण से लेकर प्रसव एवं नवजात शिशु के टीकाकरण तक सभी आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं की ऑनलाइन निगरानी की जाती है। इस पोर्टल पर गर्भवती महिलाओं का पंजीकरण, नियमित प्रसवपूर्व जांच (ANC), टीकाकरण, संस्थागत प्रसव, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं (High Risk Pregnancy) की पहचान, प्रसवोत्तर देखभाल तथा नवजात एवं शिशुओं के टीकाकरण एवं स्वास्थ्य संबंधी विवरण दर्ज किए जाते हैं। इससे किसी भी लाभार्थी के छूटने की संभावना कम होती है तथा समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलती है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पात्र लाभार्थी का समय पर पंजीकरण एवं डेटा अद्यतन सुनिश्चित किया जाए ताकि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य को प्रभावी रूप से प्राप्त किया जा सके। बैठक में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि योजना के अंतर्गत पात्र गर्भवती एवं धात्री महिलाओं का अधिक से अधिक पंजीकरण कराया जाए, जिससे उन्हें निर्धारित वित्तीय सहायता समय से प्राप्त हो सके।

# कीचड़ भरी सड़क से निकलने को मजबूर ग्रामीण, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** शिवपुर ब्लॉक क्षेत्र की लालपुर शिवपुर ग्राम पंचायत के अमृतलाल पुरवा गांव में बदहाल सड़क से परेशान एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने सोमवार दोपहर करीब एक बजे ब्लॉक मुख्यालय पहुंचकर खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की मांग करते हुए समस्या से संबंधित फोटो भी ज्ञापन के साथ संलग्न किए। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क की बदहाली को लेकर पूर्व में भी कई बार मौखिक और लिखित शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ। सड़क खराब होने से अमृतलाल पुरवा समेत पांच अन्य गांवों के लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## सूचना

मैं शपथी प्रवीण कुमार सिंह पुत्र कैलाश सिंह निवासी मोहल्ला पटेल नगर मनकापुर जनपद गोंडा का निवासी हूं तथा सशपथ बयान करता हूं कि मेरी पुत्री नित्या सिंह फातिमा इंटर कॉलेज की छात्रा है जिसके बोर्ड परीक्षा के फॉर्म में पिता का नाम प्रवीण सिंह लिख गया है जो कि गलत है पिता के नाम के जगह प्रवीण कुमार सिंह होना चाहिए और नित्या सिंह पुत्री प्रवीण कुमार सिंह यही सही शब्द है।

**प्रवीण कुमार सिंह**
**पुत्र कैलाश सिंह**
**निवासी-मोहल्ला पटेल नगर**
**मनकापुर, जनपद-गोंडा।**

# हर समस्या का निष्पक्षता से कराएंगे समाधान : योगी

- मुख्यमंत्री ने 'जनता दर्शन' में आए लोगों को दिया भरोसा
- शिकायतों का निस्तारण व समस्याओं का समाधान शीघ्रता से कराने के दिये निर्देश



लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनपदों से आए प्रत्येक व्यक्ति से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने यहां आए लोगों से कहा कि आप परेशान कतई न हों, सरकार हर उचित समस्या का निष्पक्ष समाधान कराएगी। मुख्यमंत्री ने अभिभावकों के साथ आए बच्चों से भी बातचीत की, उनकी पढ़ाई और रूचि के बारे में भी जाना, फिर सभी को चॉकलेट भी दी।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'जनता दर्शन' में लोगों से मुलाकात कर उन्हें भरोसा दिलाते हुए कहा कि परेशान न हों, सबकी उचित समस्या पर प्रभावी कार्रवाई कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां आईं शिकायतों का निस्तारण और समस्याओं का समाधान शीघ्रता से कराया जाए।

'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ कुछ बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने इन बच्चों को दुलारा, उनसे पढ़ाई और रुचि के बारे में भी पूछा, फिर चॉकलेट के साथ आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने बच्चों से कहा कि मन लगाकर पढ़ाई करें। इसके साथ ही किसी अन्य विधा (खेल, गीत-संगीत, कला, नाट्य) आदि में भी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने भीतर की कला को निखारें।

### अस्पतालों के एस्टिमेट की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने के दिये निर्देश

अलग-अलग मामलों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण के लिए सीएम योगी ने संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी का निस्तारण निष्पक्ष और समयबद्ध होना चाहिए। अपराध व जमीन पर जबरन कब्जा किए जाने संबंधी शिकायतों पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके साथ ही इलाज के लिए आर्थिक मदद से जुड़े प्रार्थना पत्रों पर उन्होंने अस्पतालों के एस्टिमेट की प्रक्रिया को तेजी से पूरा करने को कहा। योगी ने लोगों को आश्वस्त किया कि एस्टिमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी।

# स्वास्थ्य सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : ए. के. शर्मा

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



उत्तर प्रदेश सरकार में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने सोमवार को राजधानी लखनऊ के विजय खंड स्थित रेमेडी कैंसर केयर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के सभी चिकित्सकों, चिकित्साकर्मियों एवं स्टाफ को बधाई देते हुए समाज की सेवा के प्रति उनके समर्पण की सराहना की। उन्होंने विशेष रूप से युवा डॉक्टरों की टीम का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि मरीजों का जीवन बचाने का कार्य सबसे बड़ा मानवीय और पुण्य कार्य है।

अपने संबोधन में मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार जनस्वास्थ्य के प्रति पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत योजना तथा मुख्यमंत्री सहायता कोष के माध्यम से सरकार का प्रयास है कि कोई भी जरूरतमंद परिवार आर्थिक अभाव के कारण बेहतर इलाज से वंचित न रहे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा उपलब्ध कराई गई आयुष्मान कार्ड की सुविधा ने लाखों परिवारों को बड़ी राहत दी है, वहीं मुख्यमंत्री सहायता कोष के माध्यम से भी जरूरतमंद मरीजों को समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। ऊर्जामंत्री ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि रेमेडी कैंसर केयर ने आयुष्मान भारत योजना एवं मुख्यमंत्री सहायता कोष के अंतर्गत 2000 से अधिक मरीजों का सफल उपचार कर समाज सेवा का अनुकरणीय कार्य किया है।

## खबरें एक नजर में

### दो युवकों ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में अलग-अलग थानाक्षेत्र में दो लोगों ने फांसी लगाकर जान दे दी है। सोमवार सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच कर रही है। कमिश्नरेट पुलिस लखनऊ की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार पहली घटना थाना काकोरी क्षेत्रान्तर्गत दुर्गागंज चौराहे से आगे मलिहाबाद रोड के किनारे आम के बाग में एक युवक शव फांसी पर लटका मिला। सूचना पर थाना काकोरी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को उतारकर जांच शुरू कर दी। मृतक की पहचान दुर्गागंज निवासी रोहित रावत उर्फ बउवा (25) के रूप में हुई है। युवक ने आम के पेड़ से चारपाई की निवार का फंदा बनाकर फांसी लगा ली गई। पुलिस ने फील्ड यूनिट के साथ घटनास्थल का साक्ष्य संकलन शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस अब इस बात का बता लगा रही है कि युवक ने किन कारणों से खुदकुशी की है। इसी तरह मड़ियाव थाना क्षेत्र में मो. तौहीद (24) ने घर पर अकेले होने के दौरान अपने कमरे में छत पर लगे पंखे से गमछे का फंदा बनाकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर मौजूद परिजनों ने बताया कि तौहीद की अभी शादी नहीं हुई है। वह स्विगी, जोमैटो में डिलीवरी का कार्य करके अपना भरण पोषण करता था। फिलहाल पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

### नहर में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पारा स्थित शारदा नहर में सोमवार सुबह करीब 11.50 बजे एक व्यक्ति का शव पानी में तैरता मिला। शव दिखाई देने पर राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पारा थाना पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाकर कब्जे में लिया और जांच शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नहर किनारे से गुजर रहे लोगों की नजर पानी में उतराते शव पर पड़ी, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त कराने के प्रयास शुरू कर दिए हैं। पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान धर्मेंद्र (45) पुत्र सियाराम, निवासी कोतवाली देहात, जनपद सीतापुर के रूप में हुई है। वह पिछले चार दिनों से घर से लापता था। मृतक के भाई रवि ने मौके पर पहुंचकर शव की शिनाख्त की। इसके बाद पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मौत के कारणों का पता लगाने में जुटी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल पाएगा। पुलिस फिलहाल सभी पहलुओं पर गौर करते हुए मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में विभिन्न तरह की चर्चाएं हो रही हैं।

### डिलीवरी बॉय का पंखे से लटका मिला शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मड़ियाँव थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह 8 बजे फूड डिलीवरी कर्मी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मोहम्मद तौफीक के रूप में हुई है, जो एक निजी फूड डिलीवरी कंपनी में कार्यरत था। परिजनों ने बताया कि घटना के समय घर में उसकी मां मौजूद थीं, जबकि पिता शहर से बाहर थे। तौफीक जिस कमरे में सोता था, उसी कमरे में उसका शव पंखे से लटका हुआ मिला। मृतक की मां रुबीना ने बताया कि घटना के समय वह किसी काम से बाहर गई थीं। जब वह लौटीं तो उन्होंने अपने बेटे को पंखे से लटका देखा, जिसके बाद उन्होंने अपनी बेटी को बुलाया और पुलिस को सूचना दी। मृतक के पिता मोहम्मद रफी उर्फ गुड्डू कारपेंटर का काम करते हैं और पिछले एक सप्ताह से शहर से बाहर हैं। उन्हें भी घटना की जानकारी दे दी गई है। मृतक की एक बड़ी बहन है जो मड़ियाँव क्षेत्र के गौस नगर में रहती है। बहन ने पुलिस को बताया कि तौफीक का अक्सर परिवार में अपनी बहन, भाई और मां से कमाई को लेकर विवाद होता रहता था, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। पुलिस ने बताया कि परिजनों से प्रारंभिक जानकारी ली गई है। साथ ही आसपास के सीसीटीवी फुटेज और अन्य तथ्यों की भी जांच की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि मौत के कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

### युवक पर फायर झोंका, पुलिस जांच में जुटी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के कैसरबाग थाना क्षेत्र में रविवार रात 1 बजे रतन स्क्वायर के पास एक युवक ने गोली मारी गई। इस फायरिंग में युवक अनस की बाईं जांघ में गोली धंस गई। घायल का इलाज ट्रॉमा सेंटर में चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, दोनों पक्ष एक-दूसरे के परिचित हैं। दोनों में किसी बात को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। रात में अनस की फूलबाग निवासी इमरान लाला, जुनैद और हमजा से किसी बात को लेकर कहासुनी हुई थी। उसके बाद गोली अनस को गोली मारी गई। पुलिस अभी सभी आरोपों की जांच कर रही है। घटना की सूचना मिलते ही कैसरबाग पुलिस मौके पर पहुंच गई और घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि फायरिंग की वजह और आरोपियों की भूमिका स्पष्ट हो सके।

# पर्यटन की परियोजनाओं के क्रियान्वयन में जवाबदेही सुनिश्चित : जयवीर

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

- कागज पर प्रस्तावों के आधार पर परियोजनाएं अब मंजूर नहीं होंगी
- निर्माण कार्य की हर चरण में होगी निगरानी



उत्तर प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने सोमवार को कहा कि परियोजनाएं अब कागज पर प्रस्तावों के आधार पर मंजूर नहीं होंगी। परियोजनाओं के क्रियान्वयन में पूरी पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। जनता का पैसा केवल उन योजनाओं पर खर्च होगा, जिसका असर जमीन पर साफतौर से देखा जा सके। निर्माण कार्य की हर चरण में निगरानी होगी। चयन से लेकर परियोजना पूरी होने तक जवाबदेही तय की जायेगी। विलम्बित परियोजनाओं को हरहाल में आगामी नवम्बर तक पूरा कराया जायेगा।

प्रदेश में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य सेक्टर के अंतर्गत प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों पर अवस्थापना सुविधाओं के सृजन एवं विकास के लिए 119841.10 लाख रुपये की 575 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं। इसके तहत जनपद आगरा में छत्रपति शिवाजी महाराज संग्रहालय की परियोजना का क्यूरेशन कार्य, जनपद लखनऊ में नवसेना शौर्य संग्रहालय का क्यूरेशन कार्य कराया जा रहा है। इसी प्रकार जनपद फर्रुखाबाद के संकिसा में महोबा में प्लेनिटोरियम का कार्य, सीतापुर के नैमिषारण्य धाम में वेदारण्यम की स्थापना का कार्य, जनपद फिरोजाबाद के समौर बाबा धाम, करहरा हेतु पार्किंग पर्यटन सुविधा केन्द्र तथा अन्य पर्यटन सुविधाओं का सृजन किया जा रहा है।

इसी प्रकार बलिया में महर्षि भृगु आश्रम, जनपद बस्ती में भदेश्वर नाथ मन्दिर का पर्यटन विकास, बिजनौर में विदुर कुटी स्थल, कन्नौज में मेंहदी घाट, जनपद कासगंज के सोरों तीर्थ क्षेत्र में पवित्र कुण्ड स्थित घाट का पुर्नविकास एवं सौन्दर्यीकरण, जनपद मथुरा में परिक्रमा मार्ग, मेरठ में हस्तिनापुर का समेकित पर्यटन विकास तथा जनपद संतकबीरनगर में स्थित तामेश्वरनाथ मन्दिर का पर्यटन विकास कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बरेली, मेरठ, सहारनपुर, आगरा, झांसी, कानपुर, गोरखपुर, वाराणसी, विंध्याचल, प्रयागराज, चित्रकूट, अलीगढ़ आदि मण्डलों की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि योजनाओं की उपयोगिता और जनहित का आकलन किया जाए। इसके बाद योजनाओं की स्वीकृति दी जायेगी। इसका वास्तविक लाभ आम जनता को मिलना चाहिए।

उन्होंने आगरा और अलीगढ़ मण्डल की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अब कोई भी परियोजना केवल प्रस्ताव के आधार पर स्वीकृत नहीं होगी बल्कि हर योजना को ठोस तथ्यों की कसौटी पर परखा जायेगा। प्रत्येक प्रस्ताव के साथ भूमि अभिलेख स्थल के नवीनतम फोटोग्राफ, व्यावहारिक लागत का आकलन तथा ऐतिहासिक एवं धार्मिक महत्व के परिणाम अनिवार्य होंगे।

# भगवा ध्वज जीवन-मृत्यु दोनों का देता है संकेत : संजय हर्ष मिश्र

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में स्थित राष्ट्रधर्म कार्यालय में सोमवार को आयोजित पुस्तक चर्चा कार्यक्रम में इतिहास संकलन योजना के अखिल भारतीय सह संगठन सचिव संजय हर्ष मिश्र ने कई महत्वपूर्ण, उपयोगी जानकारियां दीं। कार्यक्रम में भगवा ध्वज पुस्तक पर चर्चा की गयी, जिसके लेखक नारायण हरि पालकर हैं।

उन्होंने बताया कि ध्वज आठ प्रकार के होते हैं। ध्वज के महत्व, उपयोग की विस्तृत जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि प्रायः इनका उपयोग युद्ध में होता था। ध्वज राज्य का होता था, जबकि सेनापति की पताका होती थी। मिश्र ने स्वामी रामतीर्थ का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वामी जी कहते थे कि भगवा ध्वज जीवन-मृत्यु दोनों का ही संकेत देता है। भगवा ध्वज इस बात का संकेत देता है कि यह शरीर अन्त में मिट्टी में मिल जायेगा। महाराणा प्रताप, शिवाजी महाराज का ध्वज भगवा ही था।

उन्होंने कहा कि भारत में सात लोगों की झण्डा समिति बनायी गयी थी, जिसने केसरिया ध्वज को अपनाने का सुझाव दिया था। समिति का कहना था कि यह स्वतंत्र और अपना लगता है। हालांकि बाद में महात्मा गांधी के हस्तक्षेप के बाद तिरंगा को ही अपनाया गया।

### 14 नई गौशालाओं का लोकार्पण

# गौवंश पर अब 50 रुपये प्रतिदिन खर्च : मंत्री

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



> सरकार का प्रयास गौवंश को सड़कों से हटाकर सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके संरक्षण की व्यवस्था को मजबूत करना है
> **धर्मपाल सिंह**
> **पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री**

उत्तर प्रदेश सरकार ने गौसंरक्षण को लेकर अपनी योजनाओं का दायरा बढ़ाते हुए सोमवार को प्रदेश में 14 नई गौशालाओं का लोकार्पण किया। इस मौके पर पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रेस वार्ता में दावा किया कि राज्य में वर्तमान समय में करीब 12 लाख निराश्रित गौवंश की देखभाल की जा रही है, जिस पर सरकार प्रतिदिन लगभग 8 करोड़ खर्च कर रही है।

उन्होंने कहा कि सरकार ने गौशालाओं के संचालन के लिए मिलने वाली सहायता राशि भी बढ़ाई है। मंत्री ने बताया कि पिछली सरकार में एक गौवंश के भरण-पोषण के लिए प्रतिदिन 30 की सहायता दी जाती थी, जिसे मौजूदा सरकार ने बढ़ाकर 50 प्रतिदिन कर दिया है। उनके अनुसार, बढ़ी हुई राशि का उद्देश्य गौशालाओं में पशुओं के लिए बेहतर भोजन, चिकित्सा और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराना है। धर्मपाल सिंह ने बताया कि सोमवार को प्रदेश के विभिन्न जिलों में 14 नई गौशालाओं का लोकार्पण किया गया। उनका कहना है कि इन गौशालाओं में चारा, स्वच्छ पेयजल, आवास, शेड और अन्य बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था की गई है, जिससे निराश्रित गौवंश के संरक्षण की क्षमता बढ़ेगी। सरकार के मुताबिक, प्रदेश की गौशालाओं में वर्तमान में करीब 12 लाख गौवंश संरक्षित हैं। इनकी देखभाल पर प्रतिदिन लगभग 8 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार का प्रयास गौवंश को सड़कों से हटाकर सुरक्षित आश्रय उपलब्ध कराने के साथ-साथ उनके संरक्षण की व्यवस्था को मजबूत करना है।

कार्यक्रम में धर्मपाल सिंह ने कहा कि गो संरक्षण कार्यों में स्थानीय स्तर पर जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग लिया जाए। गौसंरक्षण केंद्रों के निर्माण कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाए। मंत्री ने जनप्रतिनिधियों एवं स्थानीय प्रशासन से अपेक्षा की कि वे इन वृहद गो संरक्षण केन्द्रों के संचालन में सक्रिय भूमिका निभाएं तथा अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित करें। उन्होंने आमजन से भी अपील की कि गो संरक्षण के इस अभियान में सहयोग प्रदान करें। उन्होंने पशुपालन विभाग के सोशल मीडिया सेल का भी औपचारिक रूप से उद्घाटन किया और विभाग की समस्त योजनाओं एवं गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रचारित एवं प्रसारित करने के भी निर्देश दिये।

# ऑनलाइन बैठकों में नहीं चलेगी लापरवाही, जवाबदेही तय

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

- मंडल व जनपद स्तर के अधिकारियों की अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में जवाबदेह, अनुशासित और परिणामोन्मुख प्रशासन की दिशा में बेसिक शिक्षा विभाग ने ऑनलाइन समीक्षा व्यवस्था को और अधिक सख्त बना दिया है।

अब निदेशालय स्तर पर आयोजित प्रत्येक ऑनलाइन समीक्षा बैठक में मंडल स्तर से सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) तथा जनपद स्तर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी की अनिवार्य सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। अनुपस्थिति या अनधिकृत प्रतिनिधित्व की गुंजाइश नहीं होगी।

इस संबंध में शिक्षा निदेशक (बेसिक) अनिल भूषण चतुर्वेदी ने सभी सहायक शिक्षा निदेशकों (बेसिक) और जिला बेसिक शिक्षा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं।

निर्देशों में कहा गया है कि समय-समय पर आयोजित महत्वपूर्ण ऑनलाइन समीक्षा बैठकों में कई जनपदों से अपेक्षित स्तर की सहभागिता नहीं हो रही थी। कई मामलों में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वयं बैठक में शामिल नहीं होते थे और न ही किसी अधिकृत वरिष्ठ अधिकारी की उपस्थिति सुनिश्चित होती थी। इसे प्रशासनिक जवाबदेही के अनुरूप नहीं मानते हुए अब स्पष्ट व्यवस्था लागू की गई है। सभी अधिकारी केवल अपनी आधिकारिक ई-मेल आईडी के माध्यम से ही बैठक में शामिल होंगे, जिससे प्रतिभागियों की पहचान सुनिश्चित होगी और समीक्षा प्रक्रिया अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनेगी।

### अधिकारी स्वयं होंगे बैठक में शामिल

नए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक ऑनलाइन समीक्षा बैठक में मंडल स्तर से सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) तथा जनपद स्तर से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी स्वयं प्रतिभाग करेंगे। यदि किसी अपरिहार्य शासकीय कारण से वे उपस्थित नहीं हो सकते हैं, तो अपने स्थान पर किसी वरिष्ठ अधीनस्थ अधिकारी को विधिवत अधिकृत कर बैठक में भेजेंगे, ताकि किसी भी मंडल अथवा जनपद का प्रतिनिधित्व प्रभावित न हो। निर्देशों में स्पष्ट किया गया है कि एक ही जनपद या मंडल से अलग-अलग डिवाइस और अलग-अलग आईडी से बैठक में जुड़ने की व्यवस्था स्वीकार नहीं होगी। यदि एक से अधिक अधिकारियों की उपस्थिति आवश्यक हो तो सभी अधिकारी एक ही स्थान पर बैठकर एक अधिकृत लॉगिन आईडी के माध्यम से बैठक में शामिल होंगे। इससे तकनीकी अव्यवस्था समाप्त होगी और समीक्षा अधिक सुव्यवस्थित बनेगी।

### राजधानी में मानसून फिर एक्टिव, कई इलाकों में झमाझम बारिश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सोमवार से फिर मानसून एक्टिव हो गया है। इसके कारण आने वाले कुछ दिनों तक लगातार बारिश हो सकती है। शहर में सुबह से बादल छाए हुए हैं। गोमतीनगर, समता मूलक चौराहा समेत कई इलाकों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बादलों की गरज चमक और 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार के साथ हवा चलने सहित बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के अनुसार, दिन में रुक-रुककर बरसात होती रहेगी। इससे उमसभरी गर्मी से राहत मिलेगी। शहर में अभी तक सामान्य से 36 फीसदी कम बरसात हुई है। अब तक करीब 196 मिलीमीटर बारिश हुई है।

# यूपी की वृहद श्रेणी की छह औद्योगिक इकाइयों को एल.ओ.सी. जारी

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।



उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में औद्योगिक निवेश को गति देने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश औद्योगिक निवेश एवं रोजगार प्रोत्साहन नीति-2022 के तहत 06 बड़ी औद्योगिक इकाइयों को लेटर ऑफ कम्फर्ट (एलओसी) जारी करने की स्वीकृति प्रदान की है। अधिकृत समिति की संस्तुतियों के आधार पर लिए गए इस निर्णय से प्रदेश में 716 करोड़ रूपये से अधिक के नए औद्योगिक निवेश का मार्ग प्रशस्त होगा।

इस सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार की ओर से जारी शासनादेश के अनुसार स्वीकृत परियोजनाओं में धामपुर बायो ऑर्गेनिक्स लिमिटेड (बरेली) की 60 करोड रूपये, के.एन. इंजीनियरिंग सॉल्यूशंस प्रा.लि. (फिरोजाबाद) की 160.20 करोड़ रूपये, वीफॉर्म टेक्नोपैक लिमिटेड (वाराणसी) की 167.22 करोड़ रूपये, वीफॉर्म टेक्नोपैक लिमिटेड (गौतमबुद्ध नगर) की 120.97 करोड़ रूपये, प्रीमियर मेडिकल सिस्टम्स एंड डिवाइसेज प्रा.लि. (गौतमबुद्ध नगर) की 68 करोड़ रूपये तथा एस्ट्रल लिमिटेड (कानपुर देहात) की 139.53 करोड़ रूपये की निवेश परियोजनाएं शामिल हैं।

इन परियोजनाओं को नीति के तहत पूंजीगत सब्सिडी तथा नेट एसजीएसटी प्रतिपूर्ति जैसे प्रोत्साहनों का लाभ प्रदान किया जाएगा। इससे उद्योगों की स्थापना एवं विस्तार में तेजी आएगी, विनिर्माण गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा प्रदेश में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

# जौहर विश्वविद्यालय पर कोई भी कार्रवाई शिक्षा व्यवस्था पर हमला : हाफिज मोबिन

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।




अपना दल कमेरावादी के राष्ट्रीय महासचिव मो. हाफिज मोबीन सोमवार को लखनऊ स्थित केंद्रीय कार्यालय पर पत्रकार वार्ता कर कहा कि मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय एक प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान है। उमें सभी धर्म संप्रदाय एवं वर्गों के हजारों छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण करते हैं। उस पर राजनीतिक विद्वेष के कारण इमारत एवं भवनों को तथाकथित रूप से अवैध बताकर ध्वस्त करने का कुत्सित प्रयास न किया जाए। ऐसी किसी भी कार्रवाई की अपना दल कमेरावादी कड़ी मुखालफत करता है।

हाफिज मोबीन ने कहा कि इस विश्वविद्यालय के बनाने में मोहम्मद आजम खान की बहुत बड़ा योगदान था। इसलिए सरकार इसे बर्बाद करना चाहती है। यह एक शिक्षण संस्थान है। यह आजम खान का कोई मकान या दुकान नहीं है। इस पर कार्रवाई सभी वर्गों के आने वाले हजारों छात्र-छात्राओं का पठन-पाठन एवं भविष्य प्रभावित होगा। उन्होंने सरकार को नकारात्मक राजनीति से हटकर रचनात्मक एवं सृजनात्मक कार्यों की तरफ आगे बढ़ने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि अगर जौहर विश्वविद्यालय पर कार्रवाई होती है तो अपना दल कमेरावादी छात्र, युवाओं के साथ मिलकर सड़क पर उतरकर जन आंदोलन करने को बाध्य होगा।

**समस्या** | टीवी उन्मूलन के लिये सतर्कता जरूरी, जांच और चिकित्सकीय परामर्श आवश्यक

# प्रदेश में सुप्त टीबी रोगियों की बड़ी संख्या

- राष्ट्रीय टीबी प्रसार सर्वेक्षण में पाया गया कि बैक्टीरियोलॉजिकल रूप से पॉजिटिव टीबी के 52 प्रतिशत मामलों में कोई लक्षण नहीं, फिर भी टीबी का खतरा
- अगर प्रतिरोधक क्षमता कम है तो पास के स्वास्थ्य केंद्र पर जरूर कराएं अपनी जांच

लखनऊ, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश में तपेदिक (टीबी) उन्मूलन की दिशा में तेजी से काम हो रहा है, लेकिन एक ऐसा पहलू है, जिससे अधिकतर लोग अनजान हैं। विशेषज्ञों के अनुसार प्रदेश की लगभग आधी आबादी लक्षणविहीन या सुप्त टीबी संक्रमण से प्रभावित है। इसका अर्थ यह नहीं है कि ये सभी लोग टीबी के मरीज हैं, बल्कि उनके शरीर में टीबी के जीवाणु मौजूद हैं, जो फिलहाल निष्क्रिय अवस्था में हैं और किसी प्रकार के लक्षण पैदा नहीं कर रहे हैं।

भारत में हाल ही में हुए राष्ट्रीय टीबी प्रसार सर्वेक्षण में पाया गया कि बैक्टीरियोलॉजिकल रूप से पॉजिटिव टीबी के 52 प्रतिशत मामलों में कोई लक्षण नहीं दिखे, जबकि 17 प्रतिशत मामलों में लक्षण तो थे, लेकिन मरीज़ों ने अभी तक इलाज नहीं शुरू कराया था। सिविल अस्पताल के चेस्ट रोग विशेषज्ञ डॉ आशुतोष दूबे के अनुसार सुप्त टीबी संक्रमण से ग्रसित व्यक्ति को न खांसी होती है, न बुखार और न ही वजन कम होने जैसी समस्याएं दिखाई देती हैं। ऐसे लोग सामान्य जीवन जीते हैं और दूसरों में संक्रमण भी नहीं फैलाते लेकिन यदि किसी कारणवश उनकी रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाए, जैसे मधुमेह, कुपोषण, एचआईवी, कैंसर, धूम्रपान या बढ़ती उम्र के कारण, तो यही निष्क्रिय संक्रमण सक्रिय टीबी में बदल सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यदि किसी व्यक्ति का किसी सक्रिय टीबी मरीज से लंबे समय तक संपर्क रहा है या वह ऐसे समूह में आता है, जहां संक्रमण का खतरा अधिक है तो चिकित्सकीय सलाह पर जांच और आवश्यक होने पर टीबी प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट (टीपीटी) लिया जा सकता है। इससे भविष्य में सक्रिय टीबी होने का खतरा काफी हद तक कम किया जा सकता है। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत सरकार सक्रिय टीबी मरीजों की पहचान, जांच और निःशुल्क उपचार के साथ-साथ उनके निकट संपर्क में रहने वाले लोगों की भी स्क्रीनिंग कर रही है। बच्चों, एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों और अन्य उच्च जोखिम वाले समूहों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि संक्रमण सक्रिय होने से पहले ही उसे रोका जा सके। हाल ही में चले 100 दिवसीय विशेष टीबी मुक्त भारत अभियान में ही 53967 लक्षणविहीन टीबी मरीजों की पहचान की गई है। राष्ट्रीय टीबी टास्क फोर्स के वाइस चेयरमैन डॉ राजेंद्र प्रसाद के अनुसार टीबी उन्मूलन का लक्ष्य केवल मरीजों का इलाज करना नहीं, बल्कि छिपे हुए संक्रमण के प्रति लोगों को जागरूक बनाना भी है। यदि लोग सुप्त टीबी संक्रमण को समझें, जोखिम वाले समूह समय पर जांच कराएं और चिकित्सकीय सलाह का पालन करें तो प्रदेश को टीबी मुक्त बनाने की दिशा में यह अहम कदम साबित होगा।



## खबरें एक नजर में

### क्रिश्चियन गर्ल्स इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




**शाहजहांपुर।** जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी अश्विनी कुमार के मार्गदर्शन में महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ कौशल विकास के बारे में क्रिश्चियन गर्ल्स इंटर कॉलेज में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित द्वारा छात्र-छात्राओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला सशक्तिकरण एवं बालिका शिक्षा के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही महिला कल्याण विभाग की संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, आपातकालीन सेवा 112 तथा साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के संबंध में जानकारी देते हुए बच्चों के अधिकारों एवं बाल संरक्षण के प्रति जागरूक किया। छात्राओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला (विधवा) पेंशन योजना एवं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के बारे में जानकारी प्रदान की तथा इन योजनाओं का लाभ लेने के लिए जागरूक किया कार्यक्रम में जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएँ एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

### मीटर बाईपास करके दो लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा, रिपोर्ट दर्ज

**बंडा, शाहजहांपुर।** विद्युत उपखंड अधिकारी के निर्देश पर अभियान चलाकर दो स्थानों पर मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करते पकड़े जाने पर दोनों के खिलाफ बिजली चोरी अधिनियम के तहत एंटी थेफ्ट शाहजहांपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी गई है। उपखंड अधिकारी के निर्देश पर अवर अभियंता जयंत कुमार के साथ सूरज चौधरी, शाही अब्बास अली और इंद्रजीत ने चेकिंग अभियान के दौरान गांव ब्राहिमपुर झझरिया की गीता देवी के परिसर को चेक किया तो मीटर को बाईपास करके बिजली चोरी करती मिली वहीं दूसरी जगह गांव भगवंत नगर फतेहपुर उर्फ उवरिया गांव की अनीता देवी के घर पर मै जांच के दौरान खंभे से सीधे केबल जोड़कर मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करती मिली दोनों के खिलाफ बिजली चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। उपखंड अधिकारी मनीष चंद्रा ने बताया कि बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा।

### राहतः 35 सेमी घटा खन्नौत नदी, बाढ़ राहत नियंत्रण कक्ष की रिपोर्ट

**शाहजहांपुर।** पिछले दिनों से बढ़ रहे नदियों के जलस्तर को लेकर बाढ़ नियंत्रण कक्ष की आई रिपोर्ट लोगों के लिए राहत भरी है। इसमें खन्नौत नदी का जलस्तर 144.45 मीटर गेज से 35 सेमी घटकर 144.10 मीटर रह गया है। इसके साथ ही अन्य नदियों का जलस्तर भी घटा है। बात अगर दूनी बैराज से गर्रा नदी में पास हो रहे, पानी का डिस्चार्ज भी सोमवार को शून्य रहा। कटना नदी में 2100 क्यूसेक पानी पास किया गया, जोकि शाहजहांपुर से पहले गर्रा नदी में मिल जाती है।

### लोनिवि के मुख्य अभियंता बरेली क्षेत्र ने चार्ज संभाला

**डिप्लोमा इंजी संघ के प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टचार भेंट की**



**शाहजहांपुर।** लोक निर्माण विभाग बरेली क्षेत्र के नवागंतुक मुख्य अभियंता इंजीनियर चंद्रशेखर प्रसाद गुप्ता से डिप्लोमा इंजीनियर्स संघ लोनिवि के प्रतिनिधि मंडल ने शिष्टाचार भेंट की। मुख्य अभियंता इं चंद्रशेखर प्रसाद गुप्ता इससे पूर्व जनपद सिद्धार्थनगर, अयोध्या, राय बरेली व कानपुर में अधिशासी अभियंता के पद पर रहे हैं। मुख्य अभियंता ने संघ के पदाधिकारियों से कहा कि आप लोग समय समय पर मुझसे मुलाकात करके वार्तालाप करते रहियेगा जिससे समय रहते मेरे स्तर की समस्याओं का हल निकलता रहे। इस अवसर पर बरेली क्षेत्र के संरक्षक इंजीनियर एके शर्मा, क्षेत्रीय अध्यक्ष अज़ीम शाहनवाज, क्षेत्रीय महामंत्री लालाराम, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार, जनपद अध्यक्ष शाहजहांपुर इं राम औतार, जनपद सचिव इं अहमद मुबीन, जनपद अध्यक्ष बदायूँ इं राहुल कुमार, जनपद सचिव पीलीभीत इं अनूप कुमार , इं संजय यादव, इं कुलदीप शाक्य, इं आनंद स्वरूप , इं शिव मूर्ति गुप्ता अवर प्राविधिक आदि उपस्थित रहे।

### नाबालिग किशोरी को भगाने की रिपोर्ट दर्ज

**पुवायां, शाहजहांपुर।** किशोरी के पिता ने 17 वर्षीय पुत्री को बहला फुसलाकर लगा ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पिता ने बताया कि उनकी 17 वर्षीय पुत्री को गांव का ही आशुतोष पुत्र राममूर्ति शादी करने का झांसा देकर रविवार दोपहर लगभग 11बजे घर से अगवा कर ले गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरू कर दी।

### भतीजे की टिप्पणी से आहत महिला ने जहर खाकर दी जान, पति की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के मुकीमपुर गांव में भतीजे की अभद्र टिप्पणी से आहत महिला ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दियाहै। मुकीमपुर गांव निवासी रूबी देवी उम्र 42 वर्ष ने रविवार शाम करीब चार बजे खुटार रोड स्थित जिंद बाबा के स्थान पर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत होने पर शहर के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया, जहां रविवार रात उनकी मौत हो गई। मृतका के पति रामचंद्र का आरोप है कि उनका भतीजा, जो घर से करीब 20 मीटर की दूरी पर रहता है, लंबे समय से उनकी पत्नी पर आपत्तिजनक टिप्पणियां तथा चरित्र के बारे में कहता था। रविवार दोपहर करीब दो बजे आरोपी ने उनकी पत्नी के साथ विवाद किया और थप्पड़ मारे। इसी घटना से आहत होकर उन्होंने ने जहर खा लिया। रामचंद्र ने बताया कि वह राजस्थान में मजदूरी करते है।और दो दिन पहले ही घर लौटे। पत्नी ने भतीजे की हरकतों की जानकारी दी। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले शिकायत करने की कोशिश की गई, लेकिन आरोपी के परिजनों के दबाव के कारण कार्रवाई नहीं हो सकी। मृतका अपने पीछे तीन बच्चों को छोड़ गई हैं। पुलिस ने मृतका के पति रामचंद्र की तहरीर पर गांव मुकीमपुर निवासी हितेश अवस्थी के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# प्रधानमंत्री आवास के नाम पर पैसा मांगा तो होगी कड़ी कार्रवाईः एडीएम

**कांट, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अपर जिलाधिकारी प्रशासन रजनीश मिश्रा ने मंगलवार को नगर पंचायत कांट के कई वार्डों में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों की पात्रता का औचक निरीक्षण किया। एडीएम के अचानक पहुंचने से नगर पंचायत कर्मियों और संबंधित लोगों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अधिकारी नूर जहां सहित संबंधित वार्डों के सभासद मौजूद रहे।

एडीएम प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चयनित लाभार्थियों की पात्रता और आवास की स्थिति की जांच की। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को योजना में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए।एडीएम रजनीश मिश्रा ने लाभार्थियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने के नाम पर किसी को भी पैसा देने की जरूरत नहीं है। यदि कोई कर्मचारी, बिचौलिया या अन्य व्यक्ति आवास के नाम पर पैसे की मांग करता है तो इसकी तत्काल शिकायत करें। पैसा मांगने वाले के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।इसके बाद एडीएम ने कांवड़ यात्रा को लेकर कांवरियों के लिए नगर पंचायत की ओर से बनाए गए विश्राम गृह का भी निरीक्षण किया। उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नूर जहां सहित संबंधित वार्डों के सभासद और नगर पंचायत कर्मचारी मौजूद रहे।

## सीएचसी में पोषण पोटली का वितरण



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

जनपद में मालब्रोस इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड की ओर से पिछले एक साल से लगातार क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की जा रही है। जोकि टीवी मुक्त भारत बनाने में एक सशक्त कदम है। इसी क्रम में सोमवार को सीएचसी निगोही में 25 टीवी रोगियों क़ो पोषण पोटली का वितरण किया गया। कार्यक्रम डीटीओ डा.ओमेंद्र राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आरती सिंह, देवराज सिंह, चमन यादव, मनीष शर्मा, दीपक का विशेष योगदान रहा। डीटीओ ने क्षय रोगियों को बचाव, स्वस्थ रहने के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा विभिन्न कार्यक्रम क्षय रोग की जागरूकता को चलाएं जा रहे हैं। इसमें सभी की जागरूकता जरूरी है।

## कारगिल विजय दिवस पर वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक किया नमन



**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

कारगिल विजय दिवस के अवसर पर रविवार को सिटी पार्क फेज-2 में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सिटी पार्क के बड़ी संख्या में निवासी एकत्र हुए और देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का सर्वोच्च बलिदान देने वाले कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शहीदों की वीरता, त्याग और अदम्य साहस को याद करते हुए उनके बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम के समापन पर सभी निवासियों ने सामूहिक राष्ट्रगान गाकर देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान पूरा वातावरण देशभक्ति और राष्ट्रप्रेम की भावना से ओत-प्रोत रहा। उपस्थित निवासियों ने कहा कि देश के वीर शहीदों का सर्वोच्च बलिदान सदैव राष्ट्रवासियों को प्रेरणा देता रहेगा और उनकी शौर्यगाथा हमेशा अमर रहेगी।

## जीएसटी टीम पर उत्पीड़न का आरोप, सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश द्वारा प्रांतीय नेतृत्व के आह्वान पर प्रदेश में जीएसटी विभाग के सचल दल के द्वारा व्यापारियो के उत्पीड़न के विरोध में केंद्रीय वित्त मंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता के नेतृत्व में सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। ज़िला अध्यक्ष सौमित्र गुप्ता ने कहा जी.एस.टी. विभाग के अधिकारी कानून को मनमर्जी से तोड़ मरोड कर व्यापारियों के उत्पीडन में लगे हुए हैं। भरपूर राजस्व एकत्र करने के बाद भी नित नये तरीकों से व्यापारियों का उत्पीडन किया जा रहा है। सचल दस्तो के द्वारा पूरा टैक्स जमा होने के बाद भी तकनीकी आधार पर (मानवीय भूलों) अनावश्यक कमियां निकालकर जुर्माना जमा कराया जा रहा है, जिसकी आड़ में भारी भ्रष्टाचार पनप रहा है। सचल दस्तो का काम कर अपवंचना को रोकना है। जहॉ पूरा कर जमा है तकनीकी कमी अथवा मानवीय भूलों के आधार पर गाड़ी रोककर जुर्माना लगाये जाने पर रोक लगायी जाये।

महानगर अध्यक्ष मो. सलाउद्दीन अख्तर ने कहा जी.एस.टी. अधिनियम में 40 लाख रूपये तक का व्यापार करने वाले व्यापारियों को रजिस्टेऊशन से छूट प्राप्त है, परन्तु विभागीय अधिकारी टारगेट पूरा करने के लिए कम टर्नओवर वाले व्यापारियों का भी उत्पीड़न कर रजिस्टेऊशन प्राप्त करने के लिए बाध्य कर रहे हैं। 40 लाख से कम कारोबार करने वाले व्यापारियों के जी.एस.टी. रजिस्टेशन के लिए बाध्य करने पर रोक लगायी जाये। प्रांतीय मंत्री अनूप गुप्ता ने कहा आगरा सम्मेलन में प्रदेश विभिन्न ज़िलो से आये व्यापारियो ने सचल दल के उत्पीड़न की घटनाएँ से प्रांतीय नेतृत्व को अवगत कराया गया था। ज्ञापन देने वाले में ज़िला महामंत्री सुशील कुमार गुप्ता, ज़िला कोषाध्यक्ष राजेंद्र गुप्ता, सैयद अनवर मियां, महानगर वरिष्ठ उपाध्यक्ष आबिद हसन ख़ान, ज़ुबैर ख़ान, मो. नदीम नोवी, हाशिम शाह, पवन गुप्ता, नदीम ख़ान, मुकेश कश्यप, मो दानिश, अमित शर्मा, मुकेश कश्यप राम, एहतेशाम मंसूरी, अभिषेक, सुहेल ख़ान आदि मौजूद रहे।

## बहनोई के घर आए सरकारी स्कूल के चपरासी का शव टीन शेड में मिला



**पुवायां, शाहजहांपुर।** पीलीभीत जिले के सरकारी जूनियर विद्यालय में नौकरी कर रहे चपरासी का शव सोमवार सुबह पुवायां थाना क्षेत्र के सबलापुर गांव में टीन शेड के अंदर पड़ा मिला। शव मिलने से पुलिस महकमें हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। मौत के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस हर पहलू से जांच कर रही है। जनपद पीलीभीत के बिलसंडा कस्बे के मोहल्ला ऊंचा मंदिर निवासी 35 वर्षीय जवाहर लाल रविवार को अपने बहनोई के घर सबलापुर गांव आए थे। अगले दिन सुबह ग्रामीणों ने टीन शेड में उनका शव पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। परिजनों ने बताया कि जवाहर लाल की पत्नी का करीब 12 वर्ष पहले निधन हो चुका था। उनका एक बेटा है। परिजनों ने बताया कि जवाहर कुछ समय से शराब पीने के आदी हो गए थे। जवाहर लाल बिलसंडा क्षेत्र के बड़ा गांव स्थित सरकारी जूनियर विद्यालय में चपरासी के पद पर थे। खंड शिक्षा अधिकारी एसएस मौर्य ने बताया कि वह लंबे समय से विद्यालय से गैरहाजिर चल रहे थे। पिछले एक वर्ष में उन्होंने कम दिन ड्यूटी की। उनका वेतन रोकने की चेतावनी दी गई थी। फिलहाल निलंबन नहीं किया गया मृतक के बहनोई रजनीश दिल्ली में मजदूरी करते हैं, जबकि दूसरे बहनोई राजेश बंडा थाना के कूरा गांव में रहते हैं। उनके पास ही जवाहर का मंदबुद्धि भाई रहता है। क्षेत्राधिकारी पुवायां प्रवीण मलिक ने बताया कि एक व्यक्ति का शव टीन शेड में पड़ा मिला है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण स्पष्ट होगा। पुलिस प्रत्येक बिंदु पर जांच कर रही है।

## पुण्यतिथि पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




योग विज्ञान संस्थान के तत्वावधान में संस्था संस्थापक ऋषिराम शर्मा की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि व सामूहिक योग साधना का आयोजन किया गया। आर्य महिला महाविद्यालय में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ आर्य समाज स्त्री सभा की उप-प्रधान गायत्री दीक्षित, योग विज्ञान संस्थान की राष्ट्रीय इकाई के सदस्य व जिला प्रधान डा. अवधेश मणि त्रिपाठी, उप प्रधान जीसी मिश्रा,केन्द्र प्रमुख राजेश दीक्षित ने ऋषिराम शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण व समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। जिला प्रधान डा.अवधेश मणि त्रिपाठी ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा कि योगऋषि पं. ऋषिराम शर्मा का सम्पूर्ण जीवन निःस्वार्थ भाव से योग के आध्यात्मिक और वैज्ञानिक स्वरूप के लिए समर्पित एक त्यागी और तपस्वी का जीवन था। देश के विभिन्न हिस्सों के साथ विदेशों में भी संस्थान के केन्द्रों की स्थापना कर उन्होंने स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करने का महत्वपूर्ण कार्य किया। सामूहिक योग साधना के क्रम में योग प्रशिक्षक गीता पांडे, सौरभ गोयल, संध्या गुप्ता, तेजवीर गुप्ता, अर्चना दीक्षित, डा.सारिका अग्रवाल,राजेश दीक्षित ने विभिन्न आसनों,प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास कराया। साधकों ने पं.ऋषिराम शर्मा के प्रिय भजन औरों के हित जो जीता है,औरों के हित जो मरता है। उसका हर आंसू रामायण, प्रत्येक कर्म ही गीता है का सामूहिक गायन भी किया। संस्थान जिलामंत्री कवि डा. इन्दु अजनबी के संचालन में हुए आयोजन में प्रमुख रूप से स्वतन्त्र रस्तोगी, ललित मोहन, प्रवीण मिश्रा, कुसुम लता मिश्रा, राजवीर यादव, अशोक रस्तोगी, नीलेश सक्सेना, मधु सक्सेना, रेनू सक्सेना, राकेश मिश्रा, निशा वरनबाल, आशाराम गुप्ता, चरनजीत मेहरोत्रा, डॉ राजेन्द्र कुशवाहा व रेखा कुशवाहा समेत अनेक साधकों ने योगाभ्यास के ही साथ ऋषिराम शर्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जैम-2026 में कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन

- भौतिकी में हासिल की अखिल भारतीय रैंक 2294



**शाहजहांपुर।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा परास्नातक में प्रवेश हेतु आयोजित की जाने वाली संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2026 में कौशल कुमार यादव ने भौतिकी विषय में उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए सफलता अर्जित की है। परीक्षा में कुल 9123 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था जिसमें कौशल ने अखिल भारतीय रैंक 2294 प्राप्त की। 12.04 कट ऑफ के सापेक्ष कौशल ने 18.33 अंक प्राप्त किए। इस आधार पर कौशल को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जालंधर में प्रवेश मिला है। उल्लेखनीय है कि कौशल ने स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज से सत्र 2024-25 में बी.एससी. की परीक्षा उत्तीर्ण की है। अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों तथा सतत अध्ययन को देते हुए कौशल ने बताया कि वे भौतिकी के क्षेत्र में उच्च शिक्षा एवं शोध की ओर बढ़ना चाहते हैं। इस मौके पर वर्तमान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने कौशल एवं सम्पूर्ण भौतिकी विभाग को इस उपलब्धि हेतु बधाई दी। भौतिकी विभागाध्यक्ष शिशिर शुक्ला, डॉ आलोक कुमार सिंह, राजनंदन सिंह राजपूत, हर्ष पाराशरी, सत्येंद्र कुमार सिंह, सुधाकर गुप्ता, प्रशांत शर्मा, रजनीश दीक्षित, देवेंद्र कुमार सहित पूरे स्टाफ ने कौशल को उनकी सफलता पर शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## अग्निकांड में तबाह हुए परिवार को चेयरपर्सन ने सर्वाधिक 20 हजार की दी आर्थिक मदद

- विधायक सलोना कुशवाहा, पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने भी दिया सहयोग
- सपा के अनवर उल्ला खान, पूर्व जिला पंचायत सदस्य सौरभ गांधी, सभासद पति उपेंद्र सिंह ने भी दी मदद
- सरकारी मदद न मिलने से लोगों में रोष

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



तीन दिन पूर्व नगर के मोहल्ला वहिदुल्लागंज स्थित एक घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से पूरे घर के करीब 20 लाख रुपए का सामान स्वाहा हो जाने से परिवार सदमे में आ गया। सब कुछ तबाह होने के बाद पीड़ित परिवार को सरकारी मदद न मिलने पर लोगों ने आर्थिक सहयोग के लिए बढ़ना शुरू कर दिया है। चेयरपर्सन हजारा बेगम ने पीड़ित परिवार से मिलकर सर्वाधिक 20 हजार रुपए का सहयोग दिया। गौरतलब है कि शनिवार रात करीब सवा आठ बजे मोहल्ला वहीदुल्लागंज में प्रदीप रस्तोगी के यहां रह रही उनकी वहन अंजू लता उर्फ रेनू रस्तोगी के घर में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग जाने से पूरे घर का सामान जलकर खाक हो गया था। अग्निकांड के दौरान रेनू बेटे के साथ मंदिर गई हुई थीं। फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियों ने घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया था। पीड़ित परिवार ने फायर ब्रिगेड को करीब 20 लाख रुपए के समस्त घरेलू सामान का नुकसान बताया था। अग्निकांड के बाद से परिवार को मेडिकल स्वामी श्याम रस्तोगी ने अपने घर में शरण दी है।रविवार को पूर्व विधायक रोशनलाल वर्मा ने पीड़ित परिवार से मिलकर पांच हजार रुपए का सहयोग दिया। जबकि विधायक सलोना कुशवाहा ने मौके पर जाकर परिवार को सांत्वना देते हुए सात हजार रुपए की मदद की। इसी क्रम में सपा अल्पसंख्यक के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला खान, उपेंद्र सिंह , सौरभ सिंह गांधी ने भी राशन, विस्तर व अन्य सामान के अलावा धनराशि देकर सहयोग किया। सोमवार को तहसीलदार अजहर अंसारी लेखपाल विनोद कुमार के साथ मौके पर पहुंचे। और स्थिति का जायजा लेते हुए सरकारी मदद का भरोसा दिलाया। दोपहर करीब 12 बजे चेयरपर्सन हाजरा बेगम पालिका अधीनस्थों के साथ पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचीं। उन्होंने इस दुख में ढाढस बंधाते हुए सर्वाधिक 20 हजार रुपए का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। अग्नि कांड में तबाह हुए परिवार को श्याम रस्तोगी ने अपने घर में शरण दी। चेयरपर्सन हाजरा बेगम ने मिलकर सर्वाधिक 20 हजार रुपए का सहयोग दिया। रेनू रस्तोगी के पति का देहांत हो चुका है। बेटी की शादी के बाद वह दो बेटों के साथ भाई के मकान में रह रही थीं। जो अग्निकांड में तबाह हो चुका है। उनके पास रहने के लिए निजी घरौंदा नहीं है। ऐसे भीषण दुख में लोग उनके यहां पहुंचकर ढाढस बंधा रहे हैं। लेकिन अभी तक पीड़ित परिवार को कोई सरकारी राहत नहीं मिल सकी है।

# संकल्प से हुआ अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन का गठन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय स्थित इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी कार्यालय में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन की आवश्यक बैठक आयोजित की गई। शुभारंभ भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। बैठक में संगठन के सदस्यता अभियान को गति देने तथा भारत सरकार की मंशा के अनुरूप भारत की परंपरागत चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद के संरक्षण, संवर्धन एवं जनस्वास्थ्य में उसकी अग्रणी भूमिका को और अधिक सशक्त बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। महासम्मेलन के जिलाध्यक्ष डा. विजय जौहरी ने कहा कि आयुर्वेद भारत की हजारों वर्ष पुरानी वैज्ञानिक एवं परंपरागत चिकित्सा पद्धति है, जिसने सदियों तक जनस्वास्थ्य की रक्षा की। उन्होंने कहा कि बीसवीं शताब्दी के प्रारंभ में विदेशी शासनकाल के दौरान आयुर्वेद की शिक्षा, चिकित्सा एवं औषध निर्माण व्यवस्था उपेक्षित होती चली गई। आयुर्वेदिक शिक्षण संस्थानों, चिकित्सकों के पंजीकरण तथा औषध निर्माण की कोई एक समान व्यवस्था नहीं थी। ऐसी परिस्थितियों में देशभर के आयुर्वेदाचार्यों एवं वैद्यों ने यह अनुभव किया कि यदि आयुर्वेद को संगठित नहीं किया गया तो भारत की यह महान चिकित्सा परंपरा कमजोर होती जाएगी। इसी उद्देश्य से वर्ष 1907 में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन की स्थापना की गई। उन्होंने बताया कि महासम्मेलन ने कई दशकों तक आयुर्वेद को सरकारी मान्यता दिलाने, आयुर्वेदिक महाविद्यालयों की स्थापना, विश्वविद्यालयों से संबद्ध स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा, चिकित्सकों के पंजीकरण, अनुसंधान संस्थानों की स्थापना, केंद्रीय परिषद के गठन तथा केंद्र एवं राज्यों में आयुर्वेद के लिए पृथक विभाग एवं वर्तमान आयुष व्यवस्था जैसी संस्थागत संरचना विकसित करने की मांग निरंतर उठाई। डा. विजय जौहरी ने कहा कि वर्ष 1970 में संसद द्वारा भारतीय चिकित्सा केंद्रीय परिषद अधिनियम पारित किया गया, जिसके अंतर्गत सेंट्रल काउंसिल ऑफ इंडियन मेडिसिन का गठन हुआ। इस ऐतिहासिक अधिनियम की पृष्ठभूमि तैयार करने और आयुर्वेदिक चिकित्सकों को राष्ट्रीय स्तर पर संगठित करने में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इससे आयुर्वेद शिक्षा के राष्ट्रीय मानक निर्धारित हुए तथा चिकित्सकों के पंजीकरण एवं शिक्षा व्यवस्था को विधिक आधार प्राप्त हुआ। इन सतत प्रयासों के फलस्वरूप आज देश में बीएएमएस, एमडी, एमएस, पीएचडी सहित उच्च आयुर्वेद शिक्षा तथा अनुसंधान की सुदृढ़ व्यवस्था स्थापित हो चुकी है।डा. जौहरी ने कहा कि अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन सदैव भारत सरकार एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी स्वास्थ्य नीतियों का सहयोगी रहा है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग एवं आयुष विभाग द्वारा जनस्वास्थ्य संरक्षण के लिए संचालित सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों, जन-जागरूकता अभियानों, रोग नियंत्रण कार्यक्रमों, टीकाकरण, आपदा राहत, स्वास्थ्य शिविरों तथा अन्य लोकहितकारी गतिविधियों में अखिल भारतीय आयुर्वेद महासम्मेलन के आयुर्वेदिक चिकित्सक सक्रिय एवं सहयोगी भूमिका निभाएंगे। उन्होंने सभी चिकित्सकों से आह्वान किया कि वे शासन-प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर जनसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा आयुर्वेद के माध्यम से स्वस्थ, निरोग एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करें।

उक्त कार्यक्रम में विर्गो यूएपी फार्मा प्राइवेट लिमिटेड के राजीव शर्मा एवं आयुर्वेदिक स्टोर सिंह एजेंसी के प्रोप्राइटर सरदार सर्वजीत सिंह ने आयुर्वेदिक प्रचार सामग्री वितरित कर सभी का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर डा.एसपी कौशल, डा. मुकेश कुमार, डा. हेमेंद्र वर्मा, डा.आरपी सक्सेना, डा.अविनाव श्रीवास्तव, डा. सुमन अग्रवाल, डा. पल्लवी सक्सेना, डा. राजेंद्र कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

### हाईवे पर गोवंश को बचाने में पलटी कार, दो लोग घायल

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हाईवे पर तेज रफ्तार कार के सामने अचानक गौवंश आ जाने से उसे बचाने के दौरान कार ब्रेक लगते ही पलट गई। हादसे में कार सवार दो लोग घायल हो गए। जिन्हें सीएचसी पहुंचाया गया। नगर के मोहल्ला मौजमपुर निवासी असलम पुत्र कल्लू 50 और मोहल्ला कच्चा कटरा निवासी अफसा पत्नी मोहम्मद हुसैन 60 कार से बरेली जा रहे थे। इसी दौरान सरयू पुलिया स्थित पेट्रोल पंप के पास अचानक कार के सामने आए गोवंश को बचाने के मद्देनजर ब्रेक लगाने पर कार अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें दोनों घायल हो गए। राहगीरों ने दोनों घायलों को कार से सुरक्षित बाहर निकाला। और परिजनों को घटना की सूचना दी। हादसे की सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंच गए। घायलों को एंबुलेंस से सीएचसी ले जाया गया।

## खबरें एक नजर में

### ई रिक्शा से गिरकर बालिका गम्भीर घायल, सीएचसी से जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** ई रिक्शा से गिरने से एक बालिका गम्भीर रूप से घायल हो गई परिजन आनन फानन में सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां से डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। गांव रोशन पुर निवासी वीरपाल की आठ वर्षीय बेटी कन्यावती को सोमवार को अपराह्न चार बजे लहूलुहान हालत में सीएचसी में लाया गया उसके माथे में काफी खुली चोट और उल्टी होने पर डॉक्टर ने ब्रेन में दिक्कत होने की आशंका जताते हुए उसे जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वीर पाल ने बताया कि बालिका रिक्शा से गिरकर घायल हो गई है।

### तबादले: 6 सहायक आयुक्त राज्य कर का गैर जनपद स्थानांतरण

**छह नये सहायक आयुक्तों की नवीन तैनाती**

**शाहजहांपुर।** जनपद में राज्यकर विभाग में तैनात छह सहायक आयुक्त राज्यकर का तबादला कर दिया गया। जिनके स्थान पर नये सहायक आयुक्तों की तैनाती दी गई है। इन सहायक आयुक्तों में मधुसूदन सिंह मुजफ्फरनगर से शाहजहांपुर, सर्वेश चंद श्रीवास्तव जौनपुर से शाहजहांपुर, प्रशांत सिंह शाहजहांपुर से बांदा, संजू राय शाहजहांपुर से गाजियाबाद, रमेश कुमार सिंह बिजनौर मुख्यालय नजीबाबाद से शाहजहांपुर व योगेंद्र कुमार शाहजहांपुर से प्रयागराज भेजे गए हैं।

### घर के बाहर बंधी दो भैंस चोरी

**पुवायां, शाहजहांपुर।** घर के बाहर बंधी किसी व्यक्ति ने दो भैंस चोरी कर ली। जिसकी पीड़ित ने पुलिस को शिकायत करते हुए भैंस बरामद कर चोरी की रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की। नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी मोहम्मद नबी तथा अवनीश सिंह ने पुलिसको तहरीर देकर बताया है 26 जुलाई को उनके घर के बाहर दो भैंस बंधी हुई थी। जिन्हे चोर चोरी कर ले गए। जिसका सीसीटीवी फुटेज नहिल रोड पर एक कमरे में कैद हो गया। कोतवाल आरके रावत ने बताया है प्रार्थना पत्र मिला है जांच की जा रही है।

### स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**शाहजहांपुर।** स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विश्वविद्यालय परिसर एवं उससे संबद्ध महाविद्यालयों में संचालित स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। प्रवेश प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं मेरिट आधारित होगी तथा आवेदन समर्थ पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किए जाएंगे विश्वविद्यालय प्रशासन ने इस संबंध में प्रवेश संबंधी नियम, दिशा-निर्देश एवं समय-सारिणी जारी कर दी है। विश्वविद्यालय के कुलसचिव द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अभ्यर्थियों को सर्वप्रथम समर्थ पोर्टल पर 200 रुपये का पंजीकरण शुल्क जमा कर ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। इसके उपरांत वे अपनी पात्रता एवं रुचि अनुरूप पाठ्यक्रम के अनुसार विश्वविद्यालय कैम्पस सहित अधिकतम पाँच महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। आवेदन के साथ आवश्यक शैक्षिक अभिलेखों की प्रतियां, पासपोर्ट आकार के फोटो तथा अन्य अनिवार्य दस्तावेज निर्धारित तिथि तक संबंधित महाविद्यालय में जमा करने होंगे। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट किया है कि सभी महाविद्यालयों को प्रवेश प्रक्रिया उत्तर प्रदेश शासन एवं विश्वविद्यालय के नियमों के अनुरूप ही संपन्न करनी होगी। निर्धारित स्वीकृत सीटों से अधिक प्रवेश की अनुमति नहीं होगी तथा सभी प्रवेश मेरिट सूची के आधार पर ही सुनिश्चित किए जाएंगे। प्रवेश से पूर्व अभ्यर्थियों के मूल अभिलेखों का सत्यापन भी अनिवार्य होगा। अभ्यर्थी एक ही महाविद्यालय में एक ही पाठ्यक्रम में प्रवेश ले सकेंगे। वे अपनी इच्छा एवं अर्हतानुसार पाठ्यक्रम व महाविद्यालय का चयन सीटों की उपलब्धता के आधार पर करने के लिए स्वतंत्र होंगे। जारी समय-सारिणी के अनुसार 28 जुलाई 2026 से ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होंगे, 4 अगस्त 2026 तक आवेदन किए जा सकेंगे, जबकि संबंधित महाविद्यालयों में आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि 7 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। मेरिट सूची एवं प्रवेश की आगामी समय-सारिणी विश्वविद्यालय द्वारा पृथक से जारी की जाएगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अभ्यर्थियों से अपील की है कि वे समय रहते समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण कर निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए आवेदन पूर्ण करें, जिससे प्रवेश प्रक्रिया सुचारु एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न हो सके।

**सावन माह की तैयारियों को लेकर प्रशासन अलर्ट**

# महादेवन मंदिर की विद्युत व्यवस्था का लिया गया जायजा, अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

आगामी सावन माह के दौरान महादेवन मंदिर में श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग ने तैयारियों का जायजा लेना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में ग्रामीण क्षेत्र के जूनियर इंजीनियर अमित कुमार चौधरी एवं नगर क्षेत्र के जूनियर इंजीनियर सतीश चंद्र ने महादेवन मंदिर परिसर तथा आसपास की विद्युत व्यवस्थाओं का संयुक्त निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान दोनों अधिकारियों ने मंदिर परिसर के आसपास गुजर रही विद्युत लाइनों, बिजली के पोलों, ट्रांसफार्मर तथा अन्य विद्युत उपकरणों की स्थिति का अवलोकन किया। साथ ही यह भी देखा गया कि सावन माह में श्रद्धालुओं की बढ़ने वाली संख्या को देखते हुए विद्युत आपूर्ति सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के लिए किन-किन स्थानों पर आवश्यक कार्य किए जाने की जरूरत है।

विद्युत विभाग के अधिकारियों के अनुसार, निरीक्षण का उद्देश्य सावन माह के दौरान निर्बाध एवं सुरक्षित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्थाओं का आकलन करना है। जहां भी तकनीकी सुधार या रखरखाव की आवश्यकता होगी, वहां विभागीय प्रक्रिया के अनुसार आवश्यक कार्य कराए जाएंगे, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

सावन माह में महादेवन मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग द्वारा समय रहते व्यवस्थाओं की समीक्षा की जा रही है, जिससे मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति सुचारु एवं सुरक्षित बनी रहे।

## प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों का कार्यकाल पूर्ण होने पर किया गया सम्मानित



**पुवायां, शाहजहांपुर।** प्रधान तथा क्षेत्र पंचायत के सदस्यों का कार्यकाल पूर्ण होने पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। सोमवार को पूर्व विधायक शकुंतला देवी एवं ब्लॉक प्रमुख नीलम देवी ने प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों के 5 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर ब्लॉक सभागार में सम्मान समारोह किया गया जिसमें महिला सदस्यों ने ब्लॉक प्रमुख और पूर्व विधायक को बुके देकर सम्मानित किया। सभी के कार्यकाल की सराहना की गई। और बताया गया की सरकार की तरफ से सभी का कार्यकाल बढ़ाया गया है जिसमें जो रुके हुए कार्य हैं उन्हें भी गति मिलेगी और पूर्ण किए जाएंगे। खंड विकास अधिकारी राम प्रकाश राना ने सभी को संबोधित करते हुए कहा की सरकार की इस पहल से प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्यों को विकास कार्य कराने में कोई समस्या नहीं आएगी। तथा गांव में और तेजी से कराए जाएंगे। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख पति सुरजन लाल, प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी, सुरेशमिश्रा, पूर्व ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विपिन शुक्ला, दंगल सिंह यादव, सत्येंद्र वाजपेई उर्फ सोनू, राम लखन वर्मा, शेर बहादुर, इमरान खान सहित तमाम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

## बूंद-बूंद पानी को तरस रही पब्लिक रजिस्ट्री दफ्तर का वाटर कूलर खराब

**एक सप्ताह से ज्यादा से खराब वाटर कूलर की कोई सुध लेने वाला नहीं**



**शाहजँहांपुर।** जिस दफ्तर से जिले का सबसे ज्यादा राजस्व आता हो और वहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में वहां वकील, वादकारी और पब्लिक का आना जाना हो। उसके बाबजूद वहां पीने की व्यवस्था को लगा वाटर कूलर पिछले एक सप्ताह से ज्यादा समय से खराब पड़ा हुआ है। जिसकी वहां बैठने वाले जिम्मेदार कोई सुध लेने वाला नहीं, पीने के पानी के लिए वहां आने वाले लोगों को इधर उधर भटकना पड़ रहा या फिर दस बीस रुपये खर्च कर पानी की बोतल खरीदकर प्यास बुझानी पड़ रही है। हम बात कर रहे हैं कि सब रजिस्ट्री दफ्तर सदर की, जहां पर पीने के पानी को लगा वाटरकूलर खराब पड़ा हुआ है। जिस कारण पीने के पानी को संकट बना हुआ है। सबसे खास बात यह है कि यह दफ्तर कलेक्ट्रेट की बिल्डिंग से बिल्कुल लगा हुआ है, उसके बाबजूद यहां का हाल बेहाल बना हुआ है। हालांकि सब रजिस्ट्रार सदर धर्मेंद्र कुमार का कहना है कि मुझे इसकी जानकारी नहीं है, अधीनस्थ को निर्देश दिए गए हैं कि वाटरकूलर को जल्द सही कराया जाए।

# शुभ विवाह: जैतीपुर-जलालाबाद में 139 बेटियों के हाथ हुए पीले

**जैतीपुर में 69 व जलालाबाद में 70 बेटियों का सामूहिक विवाह संपन्न**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत माधव मैरिज लॉन जैतीपुर एवं स्टार मैरिज लॉन जलालाबाद में सामूहिक विवाह कार्यक्रम विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ। समारोह में मंच संचालन इन्दु अजनबी एवं राम सिंह द्वारा किया गया। सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन बड़ी ही धूमधाम से किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि कटरा विधायक वीर विक्रम सिंह प्रिन्स, जलालाबाद विधायक मुख्य अतिथि हरि प्रकाश वर्मा, अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत जैतीपुर, खुदागंज कटरा, जलालाबाद, मिर्जापुर एवं कलान, अध्यक्ष नगर पंचायत खुदागंज, कटरा, जलालाबाद, अल्हागंज,



उपजिलाधिकारी तिलहर, जलालाबाद,सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद-नगर पंचायत समेत सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी आदि की मौजूदगी रही। विधानसभा कटरा 69 जोडों का विवाह हुआ, जिसमें 64 हिन्दु एवं 5 मुस्लिम एवं जलालाबाद विधानसभा में 70 जोडों में 68 हिन्दु एवं 2 जोडें मुस्लिम नवयुगलों का विवाह सम्पन्न हुआ। जनप्रतिनिधियों द्वारा नवयुगलों को नव दांपत्य जीवन की शुभकामनाएं दी गई। सामूहिक विवाह कार्यक्रम कराने मे खण्ड विकास अधिकारी खुदागंज, जैतीपुर, जलालाबाद, कलान, मिर्जापुर नगर पंचायत खुदागंज, नगर पंचायत कटरा, जलालाबाद, अल्हागंज के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा कार्यालय जिला समाज कल्याण अधिकारी के विभागीय कर्मचारी द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।

समारोह के संपन्न होने के योजना के सम्बन्ध में जिला समाज कल्याण अधिकारी राजेश शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

# बिजली संविदा कर्मचारियों की 10 मांगों पर अधीक्षण अभियंता से वार्ता, समाधान का मिला भरोसा

**ईपीएफ, वेतन, ईएसआईसी, सुरक्षा उपकरण और छंटनी समेत कई मुद्दों पर हुई चर्चा**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विद्युत संविदा मजदूर संगठन के पदाधिकारियों ने सोमवार को अधीक्षण अभियंता से मुलाकात कर संविदा कर्मचारियों की 10 प्रमुख समस्याओं को उठाया। वार्ता के दौरान कर्मचारियों के लंबित प्रकरणों के शीघ्र समाधान की मांग की गई। संगठन की ओर से 14 माह से लंबित ईपीएफ जमा कराने, ईपीएफ एग्जिट डेट अपडेट करने, समय से वेतन भुगतान, ईएसआईसी कार्ड उपलब्ध कराने, सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराने, ड्यूटी के दौरान दुर्घटना होने पर समुचित उपचार की व्यवस्था, छंटनी किए गए कर्मचारियों की पुनर्बहाली, अकुशल कर्मचारियों को कुशल श्रेणी में समायोजित करने तथा सेवाकाल बढ़ाने समेत अन्य मांगों को प्रमुखता से रखा गया। अधीक्षण अभियंता ने संगठन की मांगों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए अधिकांश समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी करने तथा लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण कराने की बात कही। बैठक के बाद संगठन पदाधिकारियों ने उम्मीद जताई कि विभाग अपने आश्वासनों को जल्द अमल में लाएगा, जिससे जिले के संविदा कर्मचारियों की लंबे समय से चली आ रही समस्याओं का समाधान हो सकेगा।

# ट्रांसफार्मर में आग और कई स्थानों पर फॉल्ट से घंटों बाधित रही विद्युत आपूर्ति, गर्मी में लोग हुए परेशान

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

कस्बे के रामसहाय चौराहे पर स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर में रविवार देर रात अचानक आग लगने से नगर की बिजली व्यवस्था प्रभावित हो गई। आग की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के साथ आवश्यक मरम्मत कार्य शुरू कराया। इस दौरान करीब दो घंटे तक नगर की विद्युत आपूर्ति बाधित रही।

विद्युत विभाग के अनुसार, रविवार रात नगर के विभिन्न क्षेत्रों में कई स्थानों पर छोटे-छोटे तकनीकी फॉल्ट भी उत्पन्न हो गए थे। इसके चलते सोमवार सुबह लगभग 11 बजे से एक बार फिर कई इलाकों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। दोपहर करीब 2:20 बजे तक बिजली गुल रहने से उमस भरी गर्मी में लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली न होने से घरेलू कार्य प्रभावित रहे, वहीं बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे अधिक परेशान दिखाई दिए। कई लोग गर्मी से राहत पाने के लिए अपने घरों से बाहर दरवाजों और सड़कों पर बैठे नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर में एक साथ कई स्थानों पर फॉल्ट होने के बावजूद मरम्मत कार्य के लिए केवल एक ही लाइनमैन उपलब्ध होने से बिजली आपूर्ति बहाल करने में अपेक्षा से अधिक समय लगा। लोगों ने नगर में अतिरिक्त तकनीकी कर्मचारियों की तैनाती की मांग करते हुए कहा कि इससे भविष्य में फॉल्ट होने पर विद्युत आपूर्ति जल्द सामान्य की जा सकेगी।

नगर विद्युत उपकेंद्र के जूनियर इंजीनियर सतीश चंद्र ने बताया कि रविवार रात कई स्थानों पर तार टूटकर खंभों से नीचे गिर गए थे, जबकि रामसहाय चौराहे पर ट्रांसफार्मर में भी आग लग गई थी। इन तकनीकी समस्याओं के कारण विद्युत आपूर्ति बहाल करने में समय लगा। उन्होंने बताया कि विभाग की टीम युद्धस्तर पर मरम्मत कार्य में जुटी रही और फॉल्ट दूर होने के बाद चरणबद्ध तरीके से बिजली आपूर्ति सामान्य कर दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि नगर में वर्तमान में केवल एक लाइनमैन होने के कारण एक साथ कई स्थानों पर आए फॉल्ट को ठीक करने में स्वाभाविक रूप से अधिक समय लग जाता है।

# एबीवीपी ने निकाला कैंडल मार्च, कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि




**शहीद पार्क से कचहरी चौराहा तक कैंडल मार्च**

**शाहजहांपुर।** कारगिल विजय दिवस के 27वें अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद महानगर द्वारा रविवार शाम विशाल वीर शहीदों को श्रद्धांजलि, राष्ट्र के नाम एक ज्योति कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। भारतीय सेना के अदम्य शौर्य एवं सर्वोच्च बलिदान को नमन करते हुए सैकड़ों एबीवीपी कार्यकर्ताओं, छात्र-छात्राओं ने हाथों में तिरंगा एवं मोमबत्ती लेकर मार्च में सहभागिता की। कार्यक्रम शहीद पार्क के मुख्य द्वार से प्रारंभ होकर कचहरी चौराहे पर संपन्न हुआ। समापन स्थल पर 2 मिनट का मौन रखकर 527 कारगिल शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई एवं राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। जिला संगठन मंत्री संदीप सागर ने कहा कि 26 जुलाई 1999 को हमारे वीर जवानों ने -50 डिग्री की बर्फ और 18000 फीट की ऊंचाई पर लड़कर कारगिल की चोटियों को दुश्मनों से मुक्त कराया था। कैप्टन विक्रम बत्रा का ये दिल मांगे मोर आज भी हर युवा का जोश है। महानगर मंत्री आयुष श्रीवास्तव ने कहा कि कारगिल विजय सिर्फ एक युद्ध की जीत नहीं थी, ये 140 करोड़ देशवासियों के स्वाभिमान की जीत थी। आज का ये कैंडल मार्च एक संदेश है। मार्च के दौरान वीर जवान अमर रहें,भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारे गूंजते रहे। कार्यक्रम में संदीप सागर, आयुष्मान चौहान, योगेंद्र मिश्रा, जितेंद्र पाल, आयुष श्रीवास्तव, वैभव सक्सैना, सक्सेना, अशुतोष मिश्रा, अंशिका, अंकित , छाया, सचिन सक्सेना, विराट आर्यन , अमित , योगेश आदि रहे।

## ई-ऑफिस के शत-प्रतिशन संचालन के लिए अधिकारियों व कार्मिकों को ट्रेनिंग

**शाहजहांपुर।** डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद के सभी कार्यालयों में ई-ऑफिस प्रणाली के प्रभावी एवं सुचारू क्रियान्वयन के लिए कलेक्ट्रेट बिस्मिल सभागार में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से पत्रावलियों के त्वरित गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना है। ई ऑफिस पर कार्यालय में कार्य किया जाए। 1 अगस्त से ई-ऑफिस में गलती करने पर संबंधित अधिकारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दी जाएगी। डीएम ने प्रशिक्षण के दौरान बताया कि जनपद में ई-ऑफिस के माध्यम से पत्रावलियों का व्यवहार अपेक्षित गति से नहीं हो पा रहा है, जबकि शासन की प्राथमिकताओं में ई-ऑफिस प्रणाली का शत-प्रतिशत एवं प्रभावी संचालन प्रमुखता से शामिल है। प्रशिक्षण के दौरान ई-ऑफिस प्रणाली में पत्रावलियों को ऑनलाइन प्राप्त करने, उनका समयबद्ध निस्तारण करने, डिजिटल माध्यम से अग्रसारित करने तथा संबंधित प्रक्रियाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन एवं उसके प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कार्मिकों को निर्देशित किया कि ई-ऑफिस शासन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि ऑफिस में किसी प्रकार की लापरवाही एवं गलतियों को स्वीकार नहीं किया जाएगा। एडीएम वित्त अरविंद कुमार, एडीएम न्यायिक मोहम्मद अवेश सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कई क्षेत्रों में साढ़े तीन घंटे विद्युत आपूर्ति रही ठप्प

**विद्युत व्यवस्था दुरूस्त करने के लिये विभाग ने चलाया पेड़ों की छंटाई अभियान, हल्की बारिश बनी बाधक**

**रोजा, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने के लिये रोजा विद्युत उप केंद्र के विभिन्न इलाकों में सोमवार को भी लोगों को बिजली कटौती से जूझना पड़ा। विद्युत विभाग के द्वारा पेड़ों की छंटाई और मेंटेनेंस के चलते बिजली कटौती हुई। इससे लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

रोजा विद्युत उपकेंद्र के जेई अजय कुमार यादव ने बताया कि आंधी और



बारिश के समय पेड़ की डाल बिजली के तारों में फंस जाती हैं, जिस कारण शार्ट सर्किट हो जाता हैं। कर्मचारियों को इसकी मरम्मत में काफी दिक्कत होती हैं और पेड़ो से तारों के ढकने की वजह से जंपर बनाने में खासी परेशानी उठानी पड़ती हैं। जिस के चलते रोजा विद्युत उपकेंद्र के अंतर्गत मिश्रीपुर फीडर पर अनुरक्षण मरम्मत का कार्य किया गया। जिसके कारण विद्युत उपकेंद्र रोजा से पोषित मिश्रीपुर फीडर के अंतर्गत रोजा मंडी, पुत्तूलाल चौराहा, दलेलगंज गाढ़ी गढ़ीपुरा चमकनी गाढ़ी गाढ़ीपुरा सराय कांइया, मिश्रीपुर, की विद्युत आपूर्ति सोमवार सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक बाधित रही। उन्होंने बताया कि हल्की बूंदा बादी के चलते कार्य करने में दिक्कत आई है। फिलहाल विद्युत आपूर्ति के कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ी।

## बसपा नेता ने उठाई नगर में संचालित अवैध पैथालॉजी लैबों पर कार्रवाई की मांग

**तिलहर-शाहजहांपुर।** बसपा नेता चंद्रपाल ने मुख्य चिकित्साधिकारी को शिकायती पत्र भेजकर नगर में अवैध संचालित पैथालॉजी लैवों की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मन की है। गांव कुमिरखा निवासी चन्द्र पाल पुत्र इतवारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को भेजे शिकायती पत्र में तिलहर नगर में डेढ़ दर्जन से अधिक पैथोलॉजी लैब अवैध रूप से संचालित किए जाने की शिकायत करते हुए जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है। शिकायत में पैथोलॉजी लैबों के संचालकों के पास कोई वैध लाइसेंस नहीं है और न ही मानक के अनुरूप संचालित हो रही है जिनपर पैथोलॉजिस्ट या पंजीकृत लैब टेक्नीशियन मौजूद नहीं रहता है। अप्रशिक्षित युवकों द्वारा लोगों के खून व अन्य जांचें की जा रही हैं जिसके चलते लैबों से अक्सर गलत और भ्रामक जांच रिपोर्ट जारी कर दी जाती है। जिससे मरीजों की जान को गंभीर खतरा होना स्वाभाविक है साथ ही आर्थिक शोषण भी हो रहा है यही नहीं अवैध लैबों से निकलने वाला संक्रमित कचरा (सुई, सिरिंज, खून आदि) खुले में फेंका जा रहा है जिससे संक्रमण और बीमारियां फैलने का लोगों में भय व्याप्त है शिकायत कर्ता ने जनहित और मरीजों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उक्त अवैध संचालित पैथोलॉजी लैबों की जांच कराकर कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# शिक्षा के मंदिरों पर बुलडोजर चलाना लोकतांत्रिक मूल्यों व विद्यार्थियों के साथ अन्याय

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार व समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश अध्यक्ष जनाब शकील अहमद नदवी के आवाहन पर जनपद की अल्पसंख्यक सभा की ओर से मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय रामपुर से संबंधित 38 भवनों के ध्वस्तीकारण के आदेश को निरस्त किए जाने विद्यार्थियों के शैक्षणिक हितों की रक्षा किए जाने के संबंध में समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष हफीज अंसारी के नेतृत्व में दर्जनों पार्टी के नेता व पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता महानगर के खिरनीबाग जीआईसी मैदान के पास एकत्रित हुए। जहां भाजपा सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी व प्रदर्शन करने के बाद राज्यपाल सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से सिटी मजिस्ट्रेट रजनीकांत पांडे को सौपा। पार्टी जिलाध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी रामपुर स्थित मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों को ध्वस्त किए जाने के आदेश का कड़ा विरोध करती है और इसकी तत्काल निरस्तीकरण की मांग करती है। शिक्षा के मंदिरों पर बुलडोज़र चलाना लोकतांत्रिक मूल्यों, संविधान की भावना तथा विद्यार्थियों के भविष्य के साथ अन्याय है। कार्रवाई से हजारों छात्र-छात्राओं की शिक्षा, शोध और रोजगार की संभावनाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने का खतरा है। पूर्व मंत्री



अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करती हैं कि ध्वस्तीकरण के आदेश को तत्काल निरस्त किया जाए, विश्वविद्यालय और विद्यार्थियों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाए। पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी हर परिस्थिति में छात्रों, शिक्षकों और शिक्षा के अधिकार के साथ मजबूती से खड़ी रहेगी। सपा अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनवर उल्ला ने कहा कि समाजवादी अल्पसंख्यक सभा मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय, रामपुर के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण के आदेश को तत्काल निरस्त करने तथा छात्र-छात्राओं के शैक्षणिक भविष्य और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा की मांग करती है। सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद ने कहा कि भाजपा सरकार रामपुर की मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों के आदेश जारी कर हजारों छात्र-छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ कर बदले की राजनीति कर रही है समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा इसकी कड़ी निंदा करती है। सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा नेता डॉक्टर दोदराम वर्मा,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी ज्योत्सना कश्यप,सपा प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा, सपा नेता लखन प्रताप सिंह,सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव परवेज अंसारी, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव सरताज खान, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव नाजिम फारुकी, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश सचिव अनवर शादाब, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विकास चंद्र एडवोकेट, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल,सपा पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मोनू कुरैशी,रुखसार अंसारी सभासद, सरदार मंजीत सिंह, मोहम्मद नसीम खान, सपा नेता राजवीर सिंह बाढ़,महिला सभा की जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, महिला सभा की महानगर अध्यक्ष जफरीन, महिला सभा की जिला उपाध्यक्ष नीलम, पार्वती सैनी, सविता सैनी, अकील अंसारी, हिमांशु गुप्ता, अभय शंकर रामनिवास यादव, रहमत, सरताज अली इदरीसी, टिंकू सिंह, तौसीफ हुसैन, सुरेंद्र प्रताप, राधेश्याम यादव, डॉ जफर, शोएब अहमद, अब्दुल रहमान, फाजिल खान, सर्वेश मिश्रा चंद्र मोहन, अरशद खान सैयद शकील मियां, नाजिम पप्पू सलीम नेता हसनैन तस्लीम कुरैशी, आसिफ कुरेशी मुख्तर कुरैशी मोहम्मद आफाक एडवोकेट, मोहम्मद जकी, श्यामलाल जाटव, अनूप वर्मा, उवैस खान, उत्पल कुमार, तय्यब खान, मोहम्मद नबी, ऋषभ दीक्षित, जीशान अल्वी, मुन्ने शाह, मोहम्मद सलीम, शब्बीर अहमद, राजीव मौर्या, सुनील मौर्य आदि मौजूद रहे।

## संबंध विच्छेद

मैंने अपने भाई मोउज्जम अली व उसकी पत्नी नौशीन को दुर्व्यवहार के कारण संबंध विच्छेद कर लिए हैं, वे अपने कृत्यों के स्वयं जिम्मेदार होंगे। मुशाहिद अली पुत्र मुबारक अली नि. मो. बाड़ूजई प्रथम थाना सदर बाजार, शाहजहांपुर।


## ई-20 पेट्रोल भी बड़ी चुनौती

देश में ई-20 (20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल) अब केवल एक तकनीकी या ऊर्जा नीति का विषय नहीं रह गया है, बल्कि यह धीरे-धीरे राजनीतिक बहस और जनसरोकार का मुद्दा बनता दिखाई दे रहा है। पिछले कुछ महीनों में सोशल मीडिया पर ई-20 पेट्रोल को लेकर बढ़ती चर्चा, उपभोक्ताओं की शिकायतें और विपक्षी दलों की सक्रियता ने इस विषय को राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में ला दिया है। ऐसे समय में जब महंगाई और ईंधन की कीमतें पहले से ही आम लोगों के लिए चिंता का विषय हैं, ई-20 पेट्रोल को लेकर उठ रहे सवाल सरकार के लिए एक नई राजनीतिक चुनौती का संकेत दे रहे हैं। केंद्र सरकार ने पेट्रोल में इथेनॉल मिश्रण की नीति को ऊर्जा सुरक्षा, विदेशी तेल पर निर्भरता कम करने और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से लागू किया है। सरकार का कहना है कि भारत अपनी पेट्रोलियम आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा आयात करता है, जिससे विदेशी मुद्रा पर भारी दबाव पड़ता है। इथेनॉल मिश्रण बढ़ाने से आयात कम होगा, किसानों विशेषकर गन्ना उत्पादकों को अतिरिक्त बाजार मिलेगा और कार्बन उत्सर्जन में भी कमी आएगी। यही कारण है कि सरकार ने चरणबद्ध तरीके से ई-20 पेट्रोल को पूरे देश में उपलब्ध कराने का निर्णय लिया।

नीति के पीछे आर्थिक और पर्यावरणीय तर्क मजबूत दिखाई देते हैं, लेकिन इसके क्रियान्वयन को लेकर कई व्यावहारिक प्रश्न भी सामने आए हैं। सबसे बड़ा सवाल उन करोड़ों वाहनों को लेकर उठ रहा है, जो ई-20 ईंधन के अनुरूप डिजाइन नहीं किए गए थे। ऑटोमोबाइल क्षेत्र के कई विशेषज्ञों का मानना है कि पुराने इंजनों में अधिक इथेनॉल मिश्रण से ईंधन दक्षता, माइलेज और इंजन के कुछ पुर्जों पर प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि वाहन निर्माता कंपनियां धीरे-धीरे ई-20 अनुकूल वाहन बाजार में ला रही हैं, लेकिन देश की सड़कों पर आज भी बड़ी संख्या में पुराने वाहन चल रहे हैं। इसी मुद्दे को विपक्षी दल राजनीतिक अवसर के रूप में देख रहे हैं। विपक्ष का तर्क है कि सरकार ने उपभोक्ताओं को पर्याप्त विकल्प दिए बिना ई-20 पेट्रोल को सामान्य ईंधन बना दिया। यदि किसी वाहन का माइलेज घटता है या रखरखाव का खर्च बढ़ता है, तो इसका सीधा असर आम नागरिक की जेब पर पड़ेगा। ऐसे में विपक्ष इस विषय को महंगाई, उपभोक्ता अधिकार और सरकार की नीतियों से जोड़कर व्यापक जनसमर्थन जुटाने की कोशिश कर सकता है। हाल के दिनों में सोशल मीडिया पर ई-20 के विरोध में कई अभियान चलाए गए हैं। इनमें यह दावा किया जा रहा है कि ई-20 पेट्रोल से माइलेज कम हो रहा है और वाहन मालिकों को अतिरिक्त आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। दूसरी ओर, सरकार और कई विशेषज्ञों का कहना है कि हर वाहन पर इसका प्रभाव समान नहीं होता और नए मानकों के अनुरूप बने वाहनों में ऐसी समस्या नहीं आती। इसलिए इस विषय पर वैज्ञानिक परीक्षण, वाहन निर्माता कंपनियों की सलाह और आधिकारिक आंकड़ों के आधार पर ही निष्कर्ष निकाला जाना चाहिए। राजनीतिक दृष्टि से यह मुद्दा इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है क्योंकि यह सीधे करोड़ों वाहन मालिकों से जुड़ा हुआ है। यदि विपक्ष इसे संगठित तरीके से सड़क पर ले जाने में सफल होता है और लोगों को यह महसूस होने लगता है कि उनकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है, तो यह सरकार के लिए असहज स्थिति पैदा कर सकता है। संसद के भीतर भी इस विषय पर तीखी बहस की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह जनता के बीच फैली आशंकाओं को तथ्यों के आधार पर दूर करे। यदि यह स्पष्ट किया जाए कि किन वाहनों के लिए ई-20 पूरी तरह सुरक्षित है, किन वाहनों में सावधानी बरतनी चाहिए और उपभोक्ताओं के लिए क्या विकल्प उपलब्ध हैं, तो भ्रम काफी हद तक कम किया जा सकता है। साथ ही, यदि ई-20 से होने वाले वास्तविक लाभ और उसकी सीमाओं को पारदर्शी तरीके से सार्वजनिक किया जाए, तो इस मद्दे का राजनीतिक असर भी सीमित हो सकता है। इस पूरे विवाद का एक बड़ा आर्थिक पक्ष भी है। भारत हर वर्ष कच्चे तेल के आयात पर भारी विदेशी मुद्रा खर्च करता है। इथेनॉल मिश्रण बढ़ाने की नीति का उद्देश्य इस आयात निर्भरता को कम करना और देश के कृषि क्षेत्र को अतिरिक्त आय का स्रोत उपलब्ध कराना है। लेकिन किसी भी सार्वजनिक नीति की सफलता केवल उसके उद्देश्य से नहीं, बल्कि उसके सामाजिक स्वीकार्यता और प्रभावी क्रियान्वयन से तय होती है। यदि आम उपभोक्ता को यह महसूस होता है कि नीति का बोझ उसी पर पड़ रहा है, तो विरोध की संभावना स्वाभाविक रूप से बढ़ जाती है। फिलहाल ई-20 पेट्रोल का मुद्दा तकनीकी, आर्थिक और राजनीतिक तीनों स्तरों पर चर्चा का विषय बना हुआ है। एक ओर सरकार इसे ऊर्जा आत्मनिर्भरता और हरित अर्थव्यवस्था की दिशा में बड़ा कदम बता रही है, वहीं दूसरी ओर विपक्ष और कुछ उपभोक्ता संगठन इसके क्रियान्वयन, पुराने वाहनों पर प्रभाव और उपभोक्ता हितों को लेकर सवाल उठा रहे हैं। आने वाले महीनों में यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि सरकार जनता की शंकाओं का किस प्रकार समाधान करती है और विपक्ष इस मुद्दे को कितना व्यापक जनसमर्थन दिला पाता है।

### दो टूक




# मोदी की हार, लेकिन कांग्रेस की जीत नहीं

*शकील अख्तर*

अब खेल नेरेटिव का है। प्रधानमंत्री मोदी की पुरानी फेक इमेज अब नहीं बन सकती। बीजेपी आरएसएस को उसमें रुचि भी नहीं है। लेकिन हां, राहुल की छवि खराब करने का काम और तेज होगा। भाजपा संघ की राजनीति ही यही है। दूसरे की लकीर छोटी करना। और यहीं कांग्रेस को बहुत होशियारी से काम करने की जरूरत है। मोदी की 12 साल में यह सबसे बड़ी हार है। उनके भक्त, गोदी मीडिया खुद पार्टी के लोग और आरएसएस सब सोचते थे कि मोदी कोई जादू मारेंगे और जंतर मंतर खाली हो जाएगा। मास्टर स्ट्रोक। मोदी का चौंकाने वाला फैसला। इसी तरह यह लोग मोदी की फेक इमेज बनाते थे। गुजरात के झूठे विकास माडल से लेकर, छप्पन इंच की छाती और मोदी नहीं तो कौन जैसी झूठी धारणाएं बनाकर वे मोदीजी की महिमा मंडन करते थे। लेकिन जानते थे यह सच नहीं है। इसलिए दूसरी तरफ राहुल की छवि खराब करने का काम भी मोदी की छवि बनाने जैसी मेहनत से करते थे।

खुद राहुल ने कहा कि- मेरी छवि खराब करने के लिए हजारों-करोड़ रुपया खर्च किया। लेकिन सच्चाई हमेशा के लिए छुपाई नहीं जा सकती। अब धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के साथ मोदी की सारी इमेजें एक साथ टूट गईं। हमारी सरकार में इस्तीफे नहीं होते हैं यह एक बड़ा दावा था। और यह भी यूपीए सरकार को कमजोर दिखाने के लिए कि वहां इस्तीफा हो दिए जाते थे। यूपीए अध्यक्ष सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह अच्छा करते थे कि किसी पर आरोप होने के बाद उसका मंत्री पद छीन लेते थे। लेकिन यहां तो दबंगी में कहा जाता था कि यह यूपीए सरकार नहीं है भैया! यह एनडीए है यहां इस्तीफे नहीं होते। फिर क्या हुआ? जेन-जेड ने बता दिया कि सत्य और अहिंसा की ताकत क्या होती है। इस नई पीढ़ी के लिए बहुत सारी बातें कही जा रही हैं। समय के अनुसार इसकी वैल्यू नई हैं। लेकिन कुछ यूनिवर्सल ट्रुथ होते हैं।

गांधी जी का सत्य, अहिंसा उनमें सबसे ऊपर है। भारत से दुनिया में जाकर सार्वभौमिक सिद्धांत बना। जेन-जेड भी इस पर कायम रहा। गांधीजी की प्रासंगिकता जिसे यही लोग चौलेंज करते रहते थे फिर प्रतिपादित हुई। भारत के तीनों बड़े नायक जंतर मंतर पर लगातार छाए रहे। गांधी, भगत सिंह और डा. आम्बेडकर। भाजपा संघ का कोई नायक वहां नहीं था। उल्टा मोदी को इन करीब 36-37 दिनों में यहां सबसे ज्यादा आलोचना का शिकार होना पड़ा। उनके सारे आवरण वहां उतर गए। कहां अपनी ही पार्टी में सबसे बड़ा कद होने की धारणा बनाने के लिए, वाजपेयी, आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी का नाम लेना भी गुनाह बना दिया गया था। और बाहर तो सीधा नेहरू से मुकाबला किया जाता था। मगर 12 साल की सारी मेहनत सवा महीने में धुल गई। सच के सामने। छात्रों का आन्दोलन सच के मुद्दे पर था। बहुत लंबे समय तक शिक्षा जिसमें पेपर लीक सीबीएसई की बारहवीं की परीक्षाएं ठीक से न करा



पाने, बेरोजगारी जैसे छात्र और युवाओं के भविष्य से जुड़े जरूरी मुद्दे थे दबे रहे। मगर जैसा कि कहते हैं कि हर चीज का समय आता है तो वह आया। ब्लेम सारा सुप्रीम कोर्ट की चीफ जस्टिस सूर्यकांत पर आया। फंस गए। उन्होंने तो जैसा सब बोल रहे थे बिना किसी जवाबदेही के ऐसे ही बोल दिया था। बेरोजगार युवाओं को काकरोच। और युवा एवं छात्रों को बात लग गई। काकरोच जनता पार्टी बन गई। और दिल्ली के जंतर मंतर से जो आन्दोलन शुरू हुआ वह ऐसा फैला कि देश भर से होता हुआ विदेशों तक फैल गया। पहले तो किसान, मजदूर या नोटबंदी जीएसटी के समय छोटे व्यापारियों के विरोध पर जैसी गालियां उन्हें दिलवाई गई थी वैसी ही छात्रों को दिलवाई गई। मगर यह जेन-जेड था। 25 साल से कम उम्र। सुबह के हवा के झोंके की तरह ताजगी से भरा हुआ। उस पर इन पुराने हरबों का कोई असर नहीं होता है। उसकी भाषा नई, विचार नए और साहस से भरपूर। मोदी जी ने सोचा उनके प्लेटफार्म से जाकर बात करूं। दो दिन इंस्टाग्राम पर गए। मगर उल्टा मजाक बन गया। जेन-जेड में तमाशे नहीं चलते।

दिल के सच्चे हैं तो सच को फौरन पहचान लेते हैं। मोदी की हिम्पोक्रेसी मित्रों नफरत और विभाजन के नशे में डूबो दिए गए लोगों तक तो चल गई मगर डियर फ्रेन्ड्स छात्रों और युवाओं पर नहीं चला। यहां तो हिन्दू-मुसलमान, जात-पात, स्त्री- पुरुष कोई भेद था ही नहीं। पूरे देश ने देखा कि लड़कियां यहां सबसे सहज और निर्भय दिखीं। तो यह नई पीढ़ी की नई दुनिया थी। मोदी जी के पुराने बांटो, डराओ के तरीकों का इन पर कोई असर नहीं हुआ। मोदी जी इस पीढ़ी को समझ ही नहीं पाए। लेकिन यह छात्र और नौजवान मोदीजी को अच्छी तरह समझ गए। उनका मजाक उड़ाने के अलावा उनके बारे में कुछ और सोचा ही नहीं। दूसरी ओर राहुल की तरफ अपने आप खींचे चले गए। जंतर मंतर पर सबसे लंबी 23 दिन की भूख हड़ताल करने वाली जेएनयू की छात्रा नेहा बोरा अपने साथियों के साथ राहुल गांधी के यहां 10 जनपथ पहुंच गई। नेहा जंतर मंतर की सबसे बड़ी स्टार बन कर उभरी हैं। और कारण स्पष्ट है। वे विचारों के साथ आंदोलन कर रही थीं। शिक्षा व्यवस्था कैसी होनी चाहिए। 12 साल पहले तक कैसे स्टूडेंट फ्रेंडली थी और अब कैसे उसे निजी और आरएसएस के हाथ में सौंप दिया गया है? इस पर उनका गहन अध्ययन था। और उन्होंने 10 जनपथ पर राहुल के साथ प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि शिक्षा के बारे में हमारी सबसे अच्छी बातचीत राहुल जी के साथ हुई। मतलब राहुल की जो शिक्षा की समझ है वह आज की युवा पीढ़ी की तरह है। उससे मेल खाती है। राहुल इस पूरे आंदोलन में छात्रों के साथ खड़े रहे। जबकि पेपर लीक और सीबीएसई की परीक्षा में गड़बड़ी के खिलाफ उनका आंदोलन पहले से चल रहा था।

छात्रों की गूंज के नाम से वे 17 जून को कोटा में बड़ा छात्र सम्मेलन कर चुके थे। उसके बाद देहरादून में भी। मगर 20 जुलाई को छात्रों के ऊपर बेरहम लाठी चार्ज, आंसू गैस और पैलेट गन के इस्तेमाल के बाद राहुल ने छात्रों के समर्थन में प्रधानमंत्री निवास जाकर धरना दे दिया। संसद में तो रोज आवाज गूंज ही रही थी। 30 जनवरी मार्ग गांधी स्मृति भी गए। बापू की जहां हत्या हुई थी। छात्रों को संबल देने की उस जगह जाकर प्रार्थना की। यहां भी पुलिस ने रोका। प्रधानमंत्री निवास के बाहर से तो नेता प्रतिपक्ष को घसीटा ही गया था। उनकी नाक से खून आया था। मगर उसके अगले दिन ही प्रेस कान्फ्रेंस में कहा कि मुझ पर और चोट मार लें मगर सवाल छात्रों का है कि उन्हें क्यों मारा? रविवार को उन्होंने सीधे गृह मंत्री अमित शाह से पूछा छात्रों को मारने का आदेश किसने दिया? काकरोच जनता पार्टी ने अपना आन्दोलन खत्म कर दिया मगर राहुल की लड़ाई लंबी है। जो लोग कहते थे कि राहुल जंतर मंतर पर क्यों नहीं जाते उसका जवाब यही है। राहुल अमित शाह और मोदी से सवाल कर रहे हैं।

धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे के बाद शनिवार को उन्होंने कहा कि वह तो होना ही था। मगर सवाल पूरी शिक्षा व्यवस्था का है। उसमें घुसकर आरएसएस ने उसे दीमक की तरह खोखला कर दिया है। देश की बिगड़ती आर्थिक स्थिति का भी सवाल है। अमेरिका के सामने सरेंडर करने का भी। छात्रों के दायरे से फिलहाल यह चीजें बाहर की थीं। इसलिए राहुल ने बिना वहां जाए छात्रों का पूरा समर्थन और सहयोग किया।

कांग्रेस के लोग तो वहां रोज पहुंचते थे खाना-पीना दवाइयां लेकर। राहुल गांधी कहते हैं देश को अगर बचाना है तो मोदी को हटाना है। उनकी इस लड़ाई में छात्र युवा बड़ी संख्या में पहले से शामिल हैं। और जो बाकी थे वे भी अब समझ गए हैं कि धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा ठीक है। मगर अब देश को बचाने का सवाल है और उसके लिए भविष्य को सामने आना पड़ेगा। और अतीत को जाना पड़ेगा। राहुल ने खुद ही इसे डि कोड भी किया है। भविष्य मतलब युवा और अतीत मतलब मोदी और आरएसएस। साथ ही यह भी कह दिया कि अतीत कभी भविष्य से जीत नहीं सकता।

*(यह लेखक के स्वतंत्र विचार हैं।)*

# सोनम वांगचुक का अनशन और शिक्षा सुधार का एजेंडा

*अरुण कुमार डनायक*

जलवायु कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सोनम वांगचुक ने 24 जून को गुरुग्राम में केंद्र सरकार के दो मंत्रियों जे.पी. नड्डा और डॉ. जितेंद्र सिंह से लिखित आश्वासन मिलने के बाद 26 दिन लंबा अनशन समाप्त किया। इसके बाद घटनाक्रम तेजी से बदला और लंबे समय से जारी छात्र आंदोलन ने निर्णायक मोड़ लिया। सरकार ने वादा किया कि जंतर-मंतर और संसद मार्च में शामिल छात्रों पर कोई आपराधिक मामला दर्ज नहीं होगा तथा नीट प्रश्नपत्र लीक के बाद आत्महत्या करने वाले छात्रों के परिवारों को मुआवजा देने पर विचार किया जाएगा। साथ ही संसद में शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा और जवाबदेही सुनिश्चित करने के कदम उठाने की घोषणा की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दो इंस्टाग्राम वीडियो संदेशों में फास्ट-ट्रैक अदालतों और कठोर दंड वाले विधेयक का प्रारूप तैयार होने की बात कही, हालांकि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग पर तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। लेकिन लगातार बैठकों और बढ़ते युवा प्रतिरोध के दबाव में अंततरू 25 जुलाई को शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने इस्तीफा दे दिया। महात्मा गांधी के दृष्टिकोण में उपवास केवल राजनीतिक दबाव का साधन नहीं था, बल्कि आत्मशुद्धि, नैतिक जागरण और संवाद की प्रेरणा भी था। उन्होंने अपने आंदोलनों में कभी संवाद और समझौते के द्वार बंद नहीं किए सप्रू और जयकर जैसे मध्यस्थों ने कई अवसरों पर समाधान का मार्ग प्रशस्त किया। इसी परंपरा में सोनम वांगचुक के अनशन और छात्र आंदोलन की समाप्ति को किसी पक्ष की हार-जीत नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक सहमति और जवाबदेही की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जाना चाहिए। जंतर-मंतर से शुरू हुआ छात्र आंदोलन तेजी से कई राज्यों में फैल गया और उनकी मांगें नीट प्रश्नपत्र लीक से आगे बढ़कर पूरी शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही तक पहुंच गई। छात्रों का कहना है कि केवल नए कानून पर्याप्त नहीं होंगेय संस्थागत कमजोरियों और प्रशासनिक जिम्मेदारी पर गंभीर ध्यान देना होगा। बार-बार होने वाले प्रश्नपत्र लीक ने उनकी मेहनत और भविष्य को असुरक्षित बना दिया है, जबकि ग्रामीण पृष्ठभूमि से आए छात्र सरकारी और निजी विद्यालयों के बीच बढ़ती असमानता पर चिंतित हैं। पुलिस बल प्रयोग से घायल होने के बावजूद छात्रों ने आंदोलन जारी रखा, क्योंकि उनका उद्देश्य केवल एक परीक्षा का न्याय नहीं बल्कि पूरी शिक्षा व्यवस्था में सुधार है। छात्रों ने सीबीएसई मूल्यांकन प्रणाली, सीयूईटी में देरी, परीक्षा केंद्रों की अव्यवस्था, शिकायत निवारण तंत्र की कमजोरियों को भी गंभीर समस्याएं बताया। लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक जवाबदेही का एक महत्वपूर्ण माध्यम चुनाव, संसदीय उत्तरदायित्व और आवश्यकता पड़ने पर मंत्रीस्तरीय दायित्व तय करना भी है। सरकार ने अंततः शिक्षा मंत्री का इस्तीफा स्वीकार कर एक कदम उठाया, हालांकि इसमें व्यक्तिगत जिम्मेदारी का स्पष्ट स्वीकार नहीं दिखता। उच्च शिक्षा विभाग में सचिव स्तर पर फेरबदल और एनटीए के संविदा कर्मियों को हटाना छात्र संगठनों के अनुसार उनकी मूल मांगों का समाधान नहीं है। विपक्ष ने प्रधानमंत्री के संदेश को अपर्याप्त बताते हुए शिक्षा मंत्री के इस्तीफे और दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की थी। उन्होंने संसद के भीतर और बाहर शिक्षा व्यवस्था पर व्यापक चर्चा का दबाव बनाया। इस घटनाक्रम से स्पष्ट है कि विपक्ष की सरकार को चौतरफा घेरने की रणनीति सफल रही। अब जब छात्र अपने घर लौट चुके हैं, संसद के सुचारू रूप से चलने और शिक्षा सुधार जैसे दीर्घकालिक विषयों पर राजनीतिक दलों के बीच व्यापक सहमति बनने की संभावना है। फिल्म जगत, साहित्यकारों, शिक्षाविदों, वकीलों, मानवाधिकार संगठनों और नागरिक समाज के व्यापक समर्थन ने इस आंदोलन को छात्रों के दायरे से निकालकर शिक्षा सुधार और लोकतांत्रिक जवाबदेही का व्यापक सामाजिक अभियान बना दिया। भारत की शिक्षा व्यवस्था में सुधार केवल सरकार पर निर्भर नहीं हो सकताय इसके लिए नवाचार, जवाबदेही और उद्यमशीलता को जोड़ना होगा। देश की सबसे बड़ी पूंजी उसकी युवा जनसंख्या है, जो तभी लाभकारी बनेगी जब उसे गुणवत्तापूर्ण और रोजगारोन्मुख शिक्षा मिले। शिक्षा की गुणवत्ता विद्यालय के सरकारी या निजी होने से नहीं, बल्कि योग्य शिक्षकों, प्रभावी प्रबंधन और जवाबदेही से तय होती है। भवन, स्मार्ट क्लास या डिजिटल उपकरण पर्याप्त नहीं हैंय असली सुधार अच्छे शिक्षण, नियमित मूल्यांकन और शिक्षकों की जिम्मेदारी से आता है। विद्यालयों से लेकर महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों तक संपूर्ण शिक्षा व्यवस्था में सुधार आवश्यक है, ताकि यह अधिक पारदर्शी और विश्वसनीय बने। अत्यधिक नियम-कानून नए शिक्षा उद्यमियों के प्रवेश में बाधा डालते हैं, इन्हें सरल और पारदर्शी बनाया जाना चाहिए। आज की अर्थव्यवस्था में शिक्षा का उद्देश्य केवल डिग्री नहीं, बल्कि कौशल और रोजगार योग्य प्रतिभा का विकास है। परीक्षा प्रणाली में सुधार हेतु कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं का विस्तार, प्रश्नपत्रों की डिजिटल सुरक्षा, बायोमेट्रिक सत्यापन और एआई निगरानी अपनाई जानी चाहिए। मूल्यांकन में स्वचालित ग्रेडिंग से परिणाम शीघ्र और निष्पक्ष होंगे। साथ ही, परीक्षा नियामक संस्थाओं को स्वतंत्र और जवाबदेह बनाया जाए। एनटीए की संस्थागत क्षमता, तकनीकी दक्षता और स्वतंत्रता को सुदृढ़ करना भी आवश्यक है, ताकि उच्च स्तरीय परीक्षाओं का संचालन विश्वसनीय ढंग से हो सके। बैंकिंग भर्ती परीक्षाओं की ऑनलाइन प्रणाली इसकी सफलता का प्रमाण है। केवल परीक्षा प्रणाली में सुधार पर्याप्त नहीं है। जब लाखों विद्यार्थी सीमित सीटों के लिए तीव्र प्रतिस्पर्धा में रहेंगे, तो प्रश्नपत्र लीक और अनियमितताओं का असर गंभीर बना रहेगा। इसलिए गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा संस्थानों और सीटों की संख्या बढ़ाना भी उतना ही आवश्यक है।

शिक्षा व्यवस्था को इस दिशा में आगे बढ़ना होगा कि किसी विद्यार्थी का भविष्य केवल एक परीक्षा पर निर्भर न रहे। इसके लिए बहु-स्तरीय मूल्यांकन, अनेक अवसर और सतत आकलन जैसी व्यवस्थाओं को प्रोत्साहित करना आवश्यक है।भारत में प्रश्नपत्र लीक की समस्या नई नहीं है। पिछले दशक में भर्ती और प्रवेश परीक्षाओं में कई राज्यों तथा राष्ट्रीय स्तर पर ऐसी घटनाएं बार-बार हुई हैं। यह किसी एक परीक्षा या संस्था की विफलता नहीं, बल्कि परीक्षा प्रशासन की संरचनात्मक कमजोरी को दर्शाता है। नीट प्रश्नपत्र लीक से शुरू हुआ यह आंदोलन अब शिक्षा सुधार के व्यापक राष्ट्रीय विमर्श का रूप ले चुका है। शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के इस्तीफे उस उत्पन्न दबाव का प्रत्यक्ष परिणाम यदि केवल दोषियों को दंड दिलाने तक सीमित रहता है, तो इसका प्रभाव अल्पकालिक होगा। किंतु यदि इसके परिणामस्वरूप भारत की परीक्षा व्यवस्था अधिक पारदर्शी, तकनीकी रूप से सुरक्षित, जवाबदेह और छात्र-केंद्रित बनती है, तो यह भारतीय शिक्षा व्यवस्था के पुनर्गठन की ऐतिहासिक शुरुआत सिद्ध हो सकती है। आने वाले दिनों में सरकार द्वारा प्रस्तावित कानूनी और संस्थागत सुधार तथा संसद में होने वाली चर्चा यह तय करेगी कि यह आंदोलन केवल तत्काल संकट तक सीमित रहता है या दीर्घकालिक परिवर्तन का आधार बनता है। और यदि यह नीति छात्रों, शिक्षकों, अभिभावकों व शैक्षिक संगठनों के साथ व्यापक विमर्श से बने, न कि केवल विषय विशेषज्ञों के सुझावों तक सीमित रहे, तो यह सुधार और भी सार्थक होगा।

*(यह लेखक के स्वतंत्र विचार हैं।)*

### साहित्य



## आवाज़ की कीमत...!

**संजय एम तराणेकर**

भीड़ नहीं, बस सत्य चाहिए,
यूं संघर्ष को विश्वास चाहिए।
जो निकले थे न्याय की राह,
उनको न कोई स्वार्थ चाहिए।

आज नारे गूँजें या मौन बहे,
सच का दीपक फिर भी रहे।
सत्ता बदले या चेहरे बदलें,
जनता के सपने क्यों मचलें?

कागज़ पर वादे लिखते हैं,
धरातल पर क्यों मिटते हैं?
युवा पूछे हर एक सवाल,
कब होगा शिक्षा का ख्याल?

जो सत्य के पथ पर चलता है,
वह आँधियों से कब डरता है।
इतिहास उसी को याद रखे,
जो जनहित में जीवन रखे।

आओ मिलकर प्रण ये करें,
न्याय का दीप सदा हम धरें।
व्यक्ति नहीं, विचार अमर हों,
भारत के सपने फिर से निखरें।



# जीवन पर बढ़ता खतरा, धरती की चेतावनी सुनिए

*योगेश कुमार गोयल*

पूरी दुनिया में मौसम के तेजी से बिगड़ते मिजाज के कारण विभिन्न देशों में प्रकृति की मार अब स्पष्ट नजर आने लगी है। प्रकृति के साथ खिलवाड़ का ही परिणाम है कि अब हर साल देश के कई हिस्से भारी बारिश के कारण बाढ़ की वजह से त्राहि-त्राहि करते नजर आते हैं जबकि कई हिस्से मानसून के दौरान भी पर्याप्त बारिश के लिए तरसते रह जाते हैं। इस वर्ष भी कुछ ऐसे ही हालात हैं। दुनिया के कई ठंडे इलाके अब ग्लोबल वार्मिंग के कारण तपने लगे हैं तो कई सूखे इलाके बाढ़ से त्रस्त हैं, जंगल झुलस रहे हैं। बिगड़ते पर्यावरणीय संतुलन और मौसम चक्र में आते बदलाव के कारण पेड़-पौधों की अनेक प्रजातियों के अलावा जीव-जंतुओं की कई प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं।

पर्यावरण के तेजी से बदलते इस दौर में वैश्विक स्तर पर लोगों का ध्यान इन समस्याओं की ओर आकृष्ट करने के लिए ही प्रतिवर्ष 28 जुलाई को 'विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस' मनाया जाता है, जिसके माध्यम से वातावरण में हो रहे व्यापक बदलावों के चलते लगातार विलुप्ति के कगार पर पहुंच रही जीव जंतुओं और वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों की रक्षा का संकल्प लिया जाता है। विश्वभर में आधुनिकीकरण और औद्योगिकीकरण के चलते प्रकृति के साथ बड़े पैमाने पर जो खिलवाड़ हो रहा है, उसके मद्देनजर आमजन को जागरूक करने के लिहाज से आज के समय में प्रकृति संरक्षण दिवस की महत्ता बढ़ गई है।

साल 2020 में कोरोना महामारी के कारण लगे लॉकडाउन के दौर में पूरी दुनिया ने पहली बार प्रकृति को खुलकर मुस्कराते देखा था। तब औद्योगिक इकाइयां, हवाई व रेल यात्राएं, बस यात्रा तथा निजी वाहनों का आवागमन बंद होने से हर तरह के प्रदूषण का स्तर पूर्ण रूप से नियंत्रित हो गया था। गंगा, यमुना जैसी जो पवित्र नदियां कई जगहों पर गंदे नालों की भांति बहती दिखाई देती थी, उनमें जल की निर्मल धारा बहने लगी थी। जिन नदियों को साफ करने के लिए पिछले कुछ दशकों में अनेक योजनाएं और समितियां बनी तथा नदियों की स्वच्छता के नाम पर अरबों-खरबों रुपये खर्च हो गए, लॉकडाउन के दौरान वे स्वतः ही स्वच्छ और निर्मल हो गई थी।

पहली बार देखा गया था कि किस प्रकार लॉकडाउन के चलते लोगों के घरों में बंद रहने और सभी प्रकार के व्यावसायिक कार्य बंद हो जाने से हवा इतनी शुद्ध हो गई थी कि सैकड़ों किलोमीटर दूर स्थित पर्वतों की चोटियां भी स्पष्ट दिखाई दी थी। जिन नन्ही चिड़ियों की चहचहाहट को हमारे कान तरस गए थे, ब्रह्म मुहूर्त में उनकी मधुर आवाज फिर से सुनाई देनी लगी थी। प्रकृति के उस साफ-सुथरे स्वरूप को देखकर हर कोई खुश था। दरअसल प्रकृति को स्वयं अपनी मरम्मत करने और खुद को सजाने-संवारने का सुअवसर मिला था लेकिन इंसानी गतिविधियां पुनः शुरू होते ही प्रकृति के साथ निर्मम खिलवाड़ का वही दौर पुनः शुरू हो गया, जिसका परिणाम इस समय दुनिया के तमाम देश भुगत रहे हैं।

**(विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस/28 जुलाई/विशेष)**

लॉकडाउन के दौर ने पूरी दुनिया को यह समझने का बेहतरीन अवसर दिया था कि इंसानी गतिविधियों के कारण ही प्रकृति का जिस बड़े पैमाने पर दोहन किया जाता रहा है, उसी के कारण स्वर्ग से भी सुंदर हमारी धरती कराहती रही है। प्रकृति मनुष्य को ऐसा न करने के लिए बार-बार किसी न किसी बड़ी आपदा के रूप में चेतावनियां भी देती रही है लेकिन उन चेतावनियों को सदा दरकिनार किया जाता रहा है। प्रकृति के साथ मानवीय छेड़छाड़ का ही नतीजा रहा है कि बीते कुछ वर्षों में मौसम चक्र में बदलाव स्पष्ट दिखाई दिया है। वर्ष दर वर्ष अब जिस प्रकार मौसम के बिगड़ते मिजाज के चलते समय-समय पर तबाही देखने को मिल रही है, ऐसे में हमें अच्छी तरह समझ लेना चाहिए कि मौसम चक्र के बदलाव के कारण प्रकृति संतुलन पर जो विपरीत प्रभाव पड़ रहा है, उसकी अनदेखी के कितने भयावह परिणाम होंगे।



प्रकृति बार-बार मौसम चक्र में बदलाव के संकेत, चेतावनी तथा संभलने का अवसर देती रही है लेकिन हम आदतन किसी बड़े खतरे के सामने आने तक ऐसे संकेतों या चेतावनियों को नजरअंदाज करते रहे हैं, जिसका नतीजा अक्सर भारी तबाही के रूप में सामने आता रहा है। पिछले तीन दशकों से पर्यावरण प्रदूषण के कारण जिस प्रकार मौसम चक्र तीव्र गति से बदल रहा है और प्राकृतिक आपदाओं का आकस्मिक सिलसिला तेज हुआ है, उसके बावजूद यदि हम नहीं संभलना चाहते तो इसमें भला प्रकृति का क्या दोष? प्रकृति के साथ हम बड़े पैमाने पर जो छेड़छाड़ कर रहे हैं, उसी का नतीजा है कि पिछले कुछ समय में भयानक तूफान, बाढ़, सूखा, भूकंप जैसी प्राकृतिक आपदाओं का सिलसिला तेजी से बढ़ा है। जो पर्वतीय स्थान कुछ सालों पहले तक शांत और स्वच्छ वातावरण के कारण हर किसी को अपनी ओर आकर्षित किया करते थे, आज वहां भी प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है और ठंडे इलाकों के रूप में विख्यात पहाड़ भी तपने लगने हैं, वहां भी जल संकट गहराने लगा है। दरअसल पर्वतीय क्षेत्रों में यातायात के साधनों से बढ़ते प्रदूषण, बड़े-बड़े उद्योग स्थापित करने और राजमार्ग बनाने के नाम पर बड़े पैमाने पर वनों के दोहन, सुरंगें बनाने के लिए बेदर्दी से पहाड़ों का सीना चीरे जाने का ही दुष्परिणाम है कि हमारे इन खूबसूरत पहाड़ों की ठंडक अब लगातार कम हो रही है। पहाड़ों में बढ़ती इसी गरमाहट के चलते हमें अकसर घने वनों में भयानक आग लगने की खबरें भी सुनने को मिलती रहती हैं। पहाड़ों की इसी गरमाहट का सीधा असर निचले मैदानी इलाकों पर पड़ता है, जहां का पारा अब वर्ष दर वर्ष बढ़ रहा है। हालांकि प्रकृति बार-बार अपना रौद्र रूप दिखाकर स्पष्ट चेतावनी देती रही है कि यदि उसके साथ अंधाधुंध खिलवाड़ बंद नहीं हुआ तो उसके घातक परिणाम होंगे लेकिन विडंबना है कि लगातार प्रकृति का प्रचंड रूप देखते रहने के बावजूद प्रकृति की चेतावनियों को नजरअंदाज कर दुनिया अपने विनाश को आमंत्रित कर रही है। दरअसल हम समझना ही नहीं चाहते कि पहाड़ों का सीना चीरकर हरे-भरे जंगलों को तबाह कर हम कंक्रीट के जो जंगल विकसित कर रहे हैं, वह वास्तव में विकास नहीं है बल्कि विकास के नाम पर हम अपने ही विनाश का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। यदि हम अभी भी नहीं संभले और हमने प्रकृति से साथ खिलवाड़ बंद नहीं किया तो हमें आने वाले समय में इसके खतरनाक परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

*(यह लेखक के स्वतंत्र विचार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### निषाद पार्टी ने ब्लॉक प्रमुख को सौंपा ज्ञापन



**फतेहपुर।** निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष लोकनाथ निषाद के नेतृत्व में एक ज्ञापन राज्य मंत्री कृष्णा पासवान के आवास पहुंचकर उनके बेटे ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान को प्रेषित किया गया। इस दौरान इन लोगों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग किया की शासनादेश के अनुसार कार्मिक अनुभाग 2 की अधिसूचना संख्या के अंतर्गत निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, कहार, धीमर, बिंद, बाथम, तुरहा, गोड़िया, मांझी, मछुआ जातियों को पिछड़ी जाति की सूची में निकाल दिया गया है फिर भी जनपद एवं तहसील स्तर पर नियम विरूद्ध उपरोक्त संशोधन का अनुपालन न करते हुए उपरोक्त जातियों को पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र जारी हो रहा है जो नियमानुसार गलत एवं असंवैधानिक तथा महामहिम राज्यपाल द्वारा जारी अधिसूचना का स्पष्ट उल्लंघन है इन्हें उपरोक्त सभी जातियों महामहिड़ी जाति का प्रमाण पत्र जारी करने पर रोक लगाए जाने की मांग किया। इसके साथी ओबीसी से 9: अति पिछड़ी जाति जो सेन्सस मैनुअल के अनुसार अनुसूचित जाति की पर्यायवाची जातियां हैं उन्हें काट के अनुसूचित जाति का कोटा 21 में 9: जोड़कर 30: कर अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र निर्गत करने हेतु समस्त उप जिला अधिकारियों को आदेशित करने की भी मांग की गई। इस अवसर पर रजनी निषाद, सुधीर निषाद, अवधेश निषाद, उमाशंकर, उपेंद्र, पुरुषोत्तम, पृथ्वी पाल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सुरक्षा के दृष्टिगत जनपद में पुलिस द्वारा चलाया गया बैंक चेकिंग अभियान



**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के निर्देशन में सोमवार को बैंक खुलते ही जनपद में बैंक चेकिंग अभियान चलाया गया। यह अभियान बैंकिंग संस्थानों की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से संचालित किया गया। बताया है कि इस अभियान के दौरान जनपद पुलिस द्वारा बैंकों के अंदर एवं बाहर संदिग्ध व्यक्तियों, बैंक में आने-जाने वाले ग्राहकों तथा वाहनों की सघन जांच की गई। साथ ही बैंक परिसरों में लगे सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, सुरक्षा गार्डों की तैनाती एवं अन्य सुरक्षा प्रबंधों का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा बैंक प्रबंधकों एवं कर्मचारियों को सतर्क रहने तथा किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारीगण द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रों में बैंक चेकिंग की गई, जिसमें संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की जांच की गई तथा ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सुरक्षा एवं सतर्कता के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। महोबा पुलिस द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि वे सतर्क रहें तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें।

### मजदूर ने कमरे में साड़ी को पंखे के कुंडे में फंसाकर खुदकशी कर ली

**जालौन।** परिवारिक कारणों के चलते मजदूर ने कमरे में साड़ी को पंखे के कुंडे में फंसाकर खुदकुशी कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। वहीं, फोरेंसिर्क टीम ने भी नमूने जुटाए हैं। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भिटारा निवासी विशाल अहिरवार (28) मजदूरी कर परिवार का भरण पोषण करता था। उसके दो बेटियां गुड़िया और परी हैं। घर पर विशाल और उसकी बेटियां ही थीं। रविवार की रात करीब आठ बजे बेटियां खाना खाकर सोने चली गई। रात में ही किसी समय विशाल ने कमरे में पंखे के कुंडे में साड़ी फंसाकर फंदा बना लिया और उस पर लटक गया। फांसी लगाने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सुबह जब उसकी बेटियां स्कूल जाने के लिए उठी तो पिता को फासी के फंदे पर लटका देखकर उनकी चीख निकल गई और वह रोने लगीं। बच्चियों के रोने की आवाज सुनकर परिजन और मोहल्ले के लोग एकत्रित हो गए। वहां मौजूद लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही एसआई अटल बिहारी मौके पर पहुंच गए और फोरेंसिक टीम को बुला लिया। फोरेंसिक टीम की उपस्थिति में शव का फंदे से उतारा गया और टीम ने मौके से नमूने लिए। पुलिस की पूछतांछ में हालांकि आत्म हत्या की स्पष्ट जानकारी तो नहीं मिल सकी। लेकिन लोगों ने बताया कि विशाल शराब के नशे का आदी था। अक्सर घर में विवाद होता रहता था। लगभग 15 दिन पूर्व पत्नी मायके चली गई थी। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल हरिशंकर चंद ने बताया कि एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या की सूचना प्राप्त हुई थी। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### वृद्धाश्रम व आश्रय-गृह का औचक निरीक्षण किया न्यायिक अधिकारियों ने



**उरई(जालौन)।** उच्च न्यायालय के निर्देशानुसार आज न्यायिक अधिकारियों ने जिले में संचालित दो शैल्टर होम राठ रोड में संचालित वृद्धाश्रम एवं मु. लहरियापुरवा स्थित आश्रय-गृह का औचक निरीक्षण किया। यहां उन्होंने बहुत बारीकी से व्यवस्थाओं को परखा और आवश्यक दिशा-निर्देश भी कर्मचारीगण को दिये। न्यायिक अधिकारियों ने उक्त दोनों आश्रय स्थलों में रह रहे आश्रितों के रहन-सहन, खानपान, चिकित्सा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, सुरक्षा और बुनियादी व्यवस्थाओं को जांचा-परखा। सबसे पहले समाज कल्याण विभाग द्वारा राठ रोड उरई में स्वैच्छिक संस्था शिवा ग्रामोत्थान सेवा संस्था, एफ-473 गुजैनी रतनलाल नगर, कानपुर नगर के सहयोग से संचालित वृद्धाश्रम में निरीक्षण के दौरान 120 संवासी उपस्थित मिले। उपस्थित पंजिका के अनुसार रात्रिकालीन कर्मचारीगण एवं प्रबन्धक को छोड़कर सभी कर्मचारीगण उपस्थित मिले। वृद्धाश्रम की संवासियों से पूछा गया कि उन्हे चाय-नाश्ता और सुबह-शाम का भोजन समय से मिल रहा है या नहीं, इस पर संवासियों द्वारा बताया गया कि भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार मिल रहा हैं। वृद्धाश्रम की मेडिकल डिस्पेंसरी का निरीक्षण करने पर स्टाफनर्स उपस्थित मिली, जिनसे संवासियों की चिकित्साध्प्राथमिक उपचार हेतु डिस्पेन्सरी में आवश्यक दवाओं के बारे में जानकारी ली गयी। पूछे जाने पर किसी भी संवासी द्वारा कोई समस्या नहीं बताई गई। निरीक्षण करने वाली इस अनुश्रवण समिति में अपर जिला जज प्रथम सतीश चन्द्र द्विवेदी, प्रभारी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रतिभा सिंह एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी शामिल रही ।

# डीएम ने कन्या जन्मोत्सव का केक काटकर किया शुभारंभ

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**

▸ बेटी है अनमोल, बेटी है भविष्य की डोर की थीम पर मनाया गया कन्या जन्मोत्सव



जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने जिला अस्पताल में आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में प्रतिभाग कर नवजात शिशुओं का केक काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और उनकी माताओं को किट का वितरण भी किया एवं एक पौधा भी भेंट स्वरूप प्रदान किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा की आज महिला एवं बाल विकास विभाग तथा जिला अस्पताल द्वारा आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में उपस्थित होकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है। यह कार्यक्रम केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि समाज में बेटी के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण संदेश है। हमारी बेटियाँ परिवार, समाज और राष्ट्र की अमूल्य धरोहर हैं। आज की बेटियाँ शिक्षा, विज्ञान, खेल, प्रशासन, सेना, चिकित्सा और हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। इसलिए कन्या के जन्म को गर्व, खुशी और सम्मान के साथ स्वीकार करना हम सभी की जिम्मेदारी है। मैं सभी नवजात कन्याओं के माता-पिता को हार्दिक बधाई देती हूँ और उनसे आग्रह करती हूँ कि वे अपनी बेटियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा,अच्छा स्वास्थ्य और समान अवसर अवश्य प्रदान करें। बेटी को सशक्त बनाना ही समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाना है। सरकार द्वारा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ, सुकन्या समृद्धि योजना तथा महिला एवं बाल कल्याण की अनेक योजनाएँ संचालित की जा रही हैं। इनका उद्देश्य प्रत्येक बेटी को सुरक्षित, शिक्षित और आत्मनिर्भर बनाना है। हम सभी का दायित्व है कि इन योजनाओं का लाभ हर पात्र परिवार तक पहुँचे। आइए, आज इस अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि किसी भी बेटी के साथ भेदभाव नहीं करेंगे, कन्या भ्रूण हत्या जैसी कुप्रथाओं का विरोध करेंगे और हर बेटी को आगे बढ़ने का अवसर देंगे। जिलाधिकारी ने कहा की आज के समय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभी टीके और अन्य स्वास्थ्य सुविधाएं मुफ्त में मिल रही हैं, और प्रत्येक ग्रामसभा में बुधवार और शनिवार को वी एच एन डी सत्र का आयोजन किया जाता है जहां सभी माताएं अपने बच्चों का टीकाकरण करा सकती हैं, उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री पहल एक पेड़ मां के नाम के तहत आप लोगों को जो पौधे दिए गए हैं उनकी देखरेख अपनी बच्चियों की तरह करें जिससे जिस तरह बच्चियों का विकास हो उसी तरह इस पौधे का भी विकास हो क्यों कि वृक्ष हमारी जीवनरेखा हैं कोरोना के समय में हमे ऑक्सीजन की कितनी आवश्यकता थी, ये वृक्ष हमारी आक्सीजन की आवश्यकता को पूर्ण करते हैं इसलिए इनकी देखरेख अपने बच्चों की तरह करें। जिला प्रोबेशन अधिकारी रिशांत द्वारा अपनी विभागीय योजनाओं के बारे में बताया गया और सीएमओ ने भी बच्चियों को मिलने वाली चिकित्सकीय सुविधाओं व स्वास्थ्य विभाग की अन्य सुविधाओं के बारे में बताया।

## सपा अल्पसंख्यक सभा ने महामहिम राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष मोहम्मद सलमान के नेतृत्व में जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। जिसमें लोगों ने मांग किया की जौहर विश्वविद्यालय के 38 भवनों को ध्वस्त किए जाने की कार्रवाई प्रस्तावित है। यह विषय हजारों विद्यार्थियों शिक्षकों कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों के भविष्य से जुड़ा हुआ है। इन लोगों ने कहा किसी भी प्रकार की प्रशासनिक या कानूनी कार्रवाई संविधान कानून तथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप तथा शिक्षा एवं छात्रों के भविष्य पर विचारोपरांत होनी चाहिए यदि विश्वविद्यालय में किसी निर्माण नक्शे या भूमि से संबंधित कोई विवाद है तो उसका समाधान विधि संवत प्रक्रिया के माध्यम से किया जाना चाहिए ताकि शिक्षा विद्यार्थियों के हित तथा जन सामान्य का अहित ना हो इस अवसर पर चार सूत्री मांगों को प्रमुखता से उठाया गया। ज्ञापन देने वालों में सदर विधायक चंद्र प्रकाश लोधी, चौधरी मंजर यार, विजय सिंह, रफ्त हुसैन, रामदुलारे पासवान, आशीष नामदेव, यूनुस खान, सुशील पासवान, रिजवान, रवि निषाद, हेमू, अयूब खान सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## हरिहरगंज के व्यापारियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



हरिहरगंज स्थित ओवर ब्रिज के नीचे हो रहे निर्माण कार्य के संबंध में व्यापारियों ने यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला अधिकारी के नाम ज्ञापन प्रस्तुत किया। इस दौरान इन लोगों ने कहा कि वर्तमान में हरिहरगंज स्थित ओवर ब्रिज के नीचे निर्माण कार्य प्रगति पर है। उक्त निर्माण कार्य के कारण एक ओर लगभग 12 फुट चौड़ी सर्विस लेन ही शेष रह गई है। हरिहरगंज क्षेत्र के पूर्व एवं पश्चिम पटरी पर स्थित व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्राहक आते हैं ग्राहकों के दो पहिया, चार पहिया वाहन दुकानों के सामने खड़े होने के कारण मार्ग संकरा हो जाता है जिससे दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है। यह मार्ग रेलवे स्टेशन आने जाने का प्रमुख एवं अत्यंत व्यस्त मार्ग है। इसलिए यातायात बाधित होने से आम जनता एवं व्यापारियों दोनों को गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इन लोगों ने कहा की जो निर्माण कार्य किया जा रहा है वह वर्तमान सड़क स्तर से लगभग 1 फीट ऊंचा है। इससे भविष्य में यातायात और अधिक प्रभावित होने तथा जाम की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इन लोगों ने सड़क के वर्तमान स्तर के बराबर ही निर्माण कार्य करने की मांग किया। इस अवसर पर ज्ञापन देने वालों में व्यापार मंडल के अध्यक्ष किशन मेहरोत्रा, अवनीश गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता, नरेंद्र कुमार, मोहित रस्तोगी, अंशुल तिवारी, विजय कुमार, राजकुमार, राहुल, अर्पित रस्तोगी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## किसानों ने अधिकारियों से सिंचाई के लिए पर्याप्त विद्युत आपूर्ति की मांग की



**कोंच(जालौन)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम भदेवरा व ग्राम अटा के किसानों ने सिंचाई के लिए पर्याप्त विद्युत आपूर्ति न मिलने पर दिन सोमवार दोपहर 1 बजे एसडीओ धर्मेद्र कुमार से मौखिक शिकायत करने के बाद एसडीएम अभिनव कुमार यादव को ज्ञापन सौंपकर तत्काल समाधान की मांग की है किसानों का कहना है कि उनकी कृषि भूमि ग्राम अटा और भदेवरा में स्थित है जहां सिंचाई के लिए वैध विद्युत कनेक्शन लगे हुए हैं किसानों ने इन्हीं कनेक्शनों के भरोसे अपनी खेती में धान की फसल की बुवाई की है लेकिन पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति बेहद खराब है उनका आरोप है कि 24 घंटे में केवल 2 से 4 घंटे ही बिजली मिल रही है जिससे खेतों में खड़ी धान की फसल की समय पर सिंचाई नहीं हो पा रही है। पीड़ित किसानों ने एसडीएम से मांग की है कि विद्युत विभाग को तत्काल निर्देश देकर सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली उपलब्ध कराई जाए ताकि उनकी धान की फसल को बचाया जा सके और किसानों को आर्थिक नुकसान से राहत मिल सके। वही एसडीओ विद्युत धर्मेंद्र कुमार ने किसानों की समस्या को संज्ञान लेते हुए तत्काल संबंधित गांवों में करीब 10 घण्टे बिजली मुहैया कराने का आश्वासन दिया है।

## ट्रांसफार्मर खराब होने पर लोग उमस भरी गर्मी से परेशान

▸ विधुत कर्मी दुरुस्त करने में जुटे, चौबीस घन्टे बाद भी नहीं हो पायी सप्लाई शुरु

**कुलपहाड़/महोबा,समृद्धि न्यूज।**



ट्रॉन्सफामर खराब हो जाने से सुगिरा गाँव में एक चौथाई उपभोक्ता पेयजल और उमस भरी गर्मी से जूझने को मजबूर है, लोड वितरण सही न होने के कारण विद्युत विभाग के ट्रांसफार्मर लगातार जवाब दे रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार समस्या के समाधान हेतु कोई कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। चौबीस घन्टे बाद भी विधुत सप्लाई शुरू नही होने पर लोग उमस भरी गर्मी से परेशान है।

तहसील क्षेत्र के सुगिरा गांव में ढाई सौ केवीए का ट्रांसफार्मर खराब हो जाने से एक हजार से अधिक आबादी गर्मी और उमस में बिलबिला रही है ग्राम सुगिरा में 7 हजार आबादी का निवास है, जिसमें अधिकांश घरों में विद्युत कनेक्शन है। गांव में पहले से तीन ट्रांसफार्मर लगे हुए थे। एक और ट्रांसफर वर्तमान में लगाया गया है। लेकिन सारे ट्रांसफार्मर सड़क पर लगाए गये है, जिससे एक किलोमीटर अंदर तक गांव में विद्युत आपूर्ति की जाती है। गांव के ओम वाजपेई ने बताया कि सड़क के 1 किलो मीटर अंदर तक बस्ती में एक ट्रांसफार्मर से विद्युत आपूर्ति की जाती है। जिस कारण लोड वितरण में कमी के कारण ट्रांसफार्मर जल्दी-जल्दी फुक रहे हैं। 24 घंटे बीत जाने के बावजूद अभी तक विधुत ट्रांसफार्मर नहीं बदल गया है। जिससे लोग गर्मी और उमस में बिलबिलाने को मजबूर है। वहीं पानी की किल्लत से भी लोग परेशान हैं। लोगों का कहना है कि हर घर जल योजना के तहत गांव में पाइपलाइन डाली गई, और कनेक्शन भी किए गए। लेकिन पानी आज तक नहीं आया। विद्युत से संचालित घर-घर लगे ट्यूबवेल ही पानी का एकमात्र सहारा बना हुआ है। वही अवर अभियंता गोपाल का कहना है कि ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना प्राप्त हुई थी, जिसको सुधारने का प्रयास किया जा रहा है। यदि उसमें सुधार नहीं हुआ, तो नया ट्रांसफर लगा दिया जाएगा।

## पुलिस अधीक्षक की वर्चुअल जनसुनवाई ने फरियादियों में जगाया भरोसा

▸ एसपी शशांक सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय से गूगल मीट के माध्यम से वर्चुअल जनसुनवाई आयोजित की गई। इस पहल के अंतर्गत जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी एवं थाना प्रभारी वर्चुअल माध्यम से सीधे जुड़कर जनसमस्याओं के समाधान में सहभागी बने। पुलिस अधीक्षक ने जनसुनवाई के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आये शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गंभीरता पूर्वक सुना गया तथा संबंधित थाना प्रभारियों से सीधे संवाद स्थापित कर प्रत्येक प्रकरण के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण हेतु स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों का निस्तारण पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से सुनिश्चित किया जाए, जिससे आमजन को शीघ्र न्याय एवं राहत प्राप्त हो सके। साथ ही उन्होंने जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील दृष्टिकोण अपनाते हुए प्रत्येक स्तर पर प्रभावी एवं उत्तरदायी पुलिसिंग सुनिश्चित करने पर बल दिया।

## नदीगांव पुलिस ने हत्याकांड का किया पर्दाफाश

▸ शराब के झगड़े में युवक ने दी दोस्त को डंडे से पीट-पीटकर मौत

**उरई(जालौन),समृद्धि न्यूज।**



थाना नदीगांव पुलिस ने एक संवेदनशील हत्या के मामले का सफल अनावरण करते हुए मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर वारदात में प्रयुक्त आला-ए-कत्ल (डंडा) भी बरामद किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक जालौन के निर्देशन में गठित टीम ने चेकिंग के दौरान अंजाम दी।मामला दिनांक 05.07.2026 का है, जब थाना नदीगांव को सूचना मिली कि ग्राम भकरौल में सड़क किनारे खेत पर एक व्यक्ति शराब के नशे में अचेत पड़ा है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच की तो व्यक्ति मृत पाया गया। मृतक की पहचान राजकुमार बरार (पुत्र बालादीन) निवासी ग्राम भकरौल के रूप में हुई। मृतक की पत्नी सुमन ने थाने में चार नामजद लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था, हालांकि विवेचना में असली आरोपी दूसरा निकला।गिरफ्तार आरोपी सोनू पाल उर्फ महते (पुत्र जगदीश पाल, उम्र 32 वर्ष) ने पूछताछ में बताया कि 4 जुलाई 2026 को वह मृतक राजकुमार के साथ शराब पी रहा था। शराब के नशे में राजकुमार गाली-गलौज करने लगा। मना करने पर भी जब वह नहीं माना, तो आरोपी ने गुस्से में पहले उसे थप्पड़ मारा और फिर वहीं पड़े डंडे से उस पर हमला कर दिया, जिससे राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गया था। अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन एवं पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के पर्यवेक्षण में चल रही कार्रवाई के तहत 27 जुलाई 2026 को थानाध्यक्ष नदीगांव की टीम ने आरोपी को चेकिंग के दौरान दबोच लिया।

## गुरु पूर्णिमा पर देश भर के रविदास मंदिरों पर सामूहिक दीप प्रज्ज्वलन करेगी भाजपा

**उरई(जालौन),समृद्धि न्यूज।**



आज भारतीय जनता ने संतशिरोमणि गुरु रविदास जी की 650 वी जयंती पर समरसता संकल्प अभियान की जिले की कार्यशाला जिला पंचायत सभागार उरई में आयोजित की गई जिसके मुख्य अतिथि कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री संजीव उपाध्याय रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित ने की ।

मुख्य अतिथि ने बताया कि संतशिरोमणी गुरु रविदास महाराज की 650 वी जयंती के उपलक्ष्य में 29जुलाई 2026से 20फरबरी 2027तक रविदास महाराज संकल्प अभियान आयोजित किया जाएगा। सभी राज्यों में समरसता दीप अभियान कलश बंदन संत संपर्क छात्र संपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि हमें जातिवाद की नकारात्मक मानसिकता से बचना है और संत रविदास जी की सकारात्मक शिक्षा का अनुसरण करना है गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर देश भर के रविदास मंदिरों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक दीप प्रज्वलन किया जाएगा । बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष डा.घनश्याम अनुरागी जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान पूर्व जिलाध्यक्ष जगदीश तिवारी, मनोज राजपूत, विवेक कुशवाहा, पुष्पेंद्र सेगर, विनोद अहिरवार, मनोज यादव, अनीता कठेरिया, रिशाल सिंह, अमित समाधिया, भास्कर अवस्थी, रामानुग्रह राजावत, नीरज दुबे, रेखा वर्मा, सहित जिला पदाधिकारी मण्डल अध्यक्ष कार्यक्रम के संयोजक सहयोजक उपस्थित रहे।

### गेस्ट हाउस के बाहर से बाइक चोरी

**जालौन।** शादी समारोह में आए एक व्यक्ति की बाइक गेस्ट हाउस के बाहर से अज्ञात चोरों ने चोरी कर ली। पीड़ित वाहन स्वामी की सूचना पर पुलिस ने बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कर बाइक चोरों की तलाश शुरू कर दी है। कोंच कोतवाली क्षेत्र के पटेल नगर निवासी कलीम ने पुलिस को बताया कि रविवार को उनके रिश्तेदार के यहां शादी समारोह का आयोजन था। जिसमें शामिल होने के लिए वह बाइक से चुर्खी रोड स्थित अक्षदा गार्डन गेस्ट हाउस में आया। गेस्ट हाउस के बाहर बाइक खड़ी करके वह अंदर खाना खाने के लिए चला गया। तभी किसी अज्ञात चोर ने गेस्ट हाउस के बाहर खड़ी बाइक चोरी कर ली। कुछ समय बाद जब वह वापस आया तो बाइक गायब थी। पीड़ित वाहन स्वामी की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात बाइक चोर के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।


**कार्यालय नगर पंचायत कुलपहाड़ जनपद-महोबा**

पत्रांकः 202/एन.पी.के./निविदा सूचना/2026-27 दिनांक-27.07.2026

(ई प्रोक्योरमेण्ट नोटिस)

अल्पकालीन निविदा सूचना

पं. दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना, पेयजल हेतु व्यवस्था योजना एवं राज्य वित्त आयोग निधि से नगर पंचायत कुलपहाड़ द्वारा निम्नांकित निर्माण कार्य की निविदा दिनांक 28.07.2026 से 04.08.2026 को अपरान्ह 06:00 बजे तक डाउनलोड व ऑनलाइन अपलोड की जायेगी, जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 05.08.2026 को प्रातः 11:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी, जिन्हें विभाग की बेवसाईट http://etender.up.nic.in पर भी देखा जा सकता है। बिडर को सलाह दी जाती है कि बिड की नियम व शर्तों को ध्यान से पढ़ लें।

**संजीव कुमार**
**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत, कुलपहाड़**
**जनपद- महोबा**

**वैभव अरजरिया**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत, कुलपहाड़**
**जनपद- महोबा**

# गौ संरक्षण केंद्र का पशुधन मंत्री ने वर्चुअल किया शुभारंभ

## प्रदेश सरकार निराश्रित गौवंशों के संरक्षण व उनके बेहतर पालन-पोषण के लिए लगातार प्रयासरत



**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** क्षेत्र के ग्राम जमीन हुसैनाबाद में एक नवनिर्मित बृहद गौ संरक्षण केंद्र का उद्घाटन रविवार को किया गया। प्रदेश के पशुधन मंत्री धर्मपाल सिंह ने वर्चुअल माध्यम से इसका शुभारंभ किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने गौ माता का माल्यार्पण और विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर केंद्र का विधिवत शुभारंभ कराया। इस नवनिर्मित गौ संरक्षण केंद्र में लगभग 400 गौवंशों के संरक्षण, देखभाल और रखरखाव की व्यवस्था की गई है। यह केंद्र निराश्रित गौवंशों को सुरक्षित आश्रय प्रदान करेगा। विधायक दिनेश रावत ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार निराश्रित गौवंशों के संरक्षण और उनके बेहतर पालन-पोषण के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि ऐसे गौ संरक्षण केंद्रों से बेसहारा गौवंशों को सुरक्षित आश्रय मिलने के साथ-साथ किसानों को भी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद कुमार, उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी हैदरगढ़ डॉ. शेषमन, पशु चिकित्साधिकारी सुबेहा डॉ. अमित कुमार सिंह, डॉ. अमित गौतम, डॉ. अनिल कुमार वर्मा, डॉ. शमीम अहमद, निर्माण निगम लिमिटेड के एई अनाविल सिंह, जिला कृषि अधिकारी राजित राम वर्मा, डीसी मनरेगा विकास मिश्रा, प्रधान प्रतिनिधि सोनू सिंह, रामकिशोर मिश्रा, दीनबंधु पांडेय, विवेक मिश्रा, प्रधान अलगू सिंह, रविंद्र प्रताप सिंह सहित कई जनप्रतिनिधि, अधिकारी और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने गौ सेवा एवं गौ संरक्षण का संकल्प लिया। उन्होंने गौशाला के सफल संचालन के लिए शुभकामनाएं भी दीं।

# तारापुर वृहद गौशाला का उद्घाटन गोवंश संरक्षण पर दिया गया जोर



**समृद्धि न्यूज़, संग्रामपुर/अमेठी।** विकासखंड संग्रामपुर की ग्राम पंचायत तारापुर स्थित वृहद गौशाला का सोमवार को उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष सजीव सिंह (रामू) रहे। उद्घाटन फीता काटकर एवं गौपूजन के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सजीव सिंह ने कहा कि गौशालाएं निराश्रित गोवंश के संरक्षण और संवर्धन का प्रभावी माध्यम हैं। समाज और प्रशासन के समन्वित प्रयासों से गोवंश की बेहतर देखभाल सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने पशुपालकों से गोसंरक्षण के प्रति जागरूक रहने की अपील की। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. बृजेश कुमार ने बताया कि गौशाला में निराश्रित गोवंशों के लिए चारा, पेयजल, चिकित्सा सुविधा तथा सुरक्षित आवास की समुचित व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में सचिव मिथिलेश कुमार, ग्राम प्रधान प्रेमनाथ कनौजिया, पशुधन प्रसार अधिकारी सुशील कुमार, पैरावेट विकास सिंह, आशीष तिवारी सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि और ग्रामीण उपस्थित रहे। वक्ताओं ने गोसंरक्षण के साथ-साथ पशुपालन को ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने का महत्वपूर्ण आधार बताया।

## जल निकासी व्यवस्था सुधारने की मांग, व्यापार मंडल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, अमेठी।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल अमेठी के जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने सोमवार को जिलाधिकारी से मुलाकात कर जनपद की विभिन्न जनसमस्याओं, विशेष रूप से जल निकासी की समस्या के समाधान की मांग की। जिलाध्यक्ष ने बताया कि लगातार हो रही बारिश के कारण कई क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है, जिससे आमजन को आवागमन सहित विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की कि संबंधित विभागों को निर्देशित कर जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त कराई जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। जिलाधिकारी ने समस्या को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने तथा जल निकासी की समस्या के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर भी चर्चा की गई। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने प्रशासन से जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण की अपेक्षा जताई।

# उत्तर प्रदेश साहित्य सभा बाराबंकी की कार्यकारिणी बैठक व काव्य गोष्ठी संपन्न



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश साहित्य सभा, बाराबंकी की कार्यकारिणी की बैठक समिति के अध्यक्ष एवं राष्ट्रवादी ओज कवि डॉ. ओ.पी. वर्मा 'ओम' के दीनदयाल नगर स्थित आवास 'नारायण कृपा' पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डॉ. ओ.पी. वर्मा 'ओम' ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ व्यंग्यकार अनिल श्रीवास्तव 'लल्लू' ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कवि जगन्नाथ 'निर्दोष' द्वारा वाणी वंदना से हुआ। समिति के सचिव डॉ. कुमार पुष्पेंद्र ने उत्तर प्रदेश साहित्य सभा के उद्देश्य, कार्ययोजना एवं भावी कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए साहित्य के माध्यम से समाज में सकारात्मक चेतना विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। बैठक में कार्यकारिणी के सदस्यों ने समिति से संबंधित विभिन्न विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

## पंखा ठीक करते समय करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** सुबेहा थाना क्षेत्र के अहीरगांव में सोमवार को एक दर्दनाक हादसे में करंट लगने से 30 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार अहीरगांव निवासी रूपेश कुमार पुत्र महराज प्रसाद (30 वर्ष) सोमवार दोपहर करीब 12 बजे अपने घर में छत पर लगे पंखे को ठीक कर रहे थे। इसी दौरान वह अचानक विद्युत करंट की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से झुलस गए। हादसे के बाद परिजनों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) हैदरगढ़ ले जाया गया, जहां मौजूद चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# विद्यालय में सर्प दंश से कक्षा तीन के छात्र की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय देवगरपुर में पढ़ने गए कक्षा 3 के छात्र की सर्पदंश के कारण मौत हो गई। महिला शिक्षामित्र पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिजनों एवं ग्रामीणों ने कठोर कार्यवाही को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ में प्रदर्शन शुरू कर दिया गया है।पिता अशोक कुमार राजपूत एवं ग्रामीणों का कहना है जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के ना आने तक एवं प्रधानाध्यापक सहायक अध्यापक शिक्षामित्र के विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही एवं मुकदमा कायम होने तक शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा।

कोतवाली हैदरगढ़ के पूरे बद्धन मजरे सहावर निवासी अशोक राजपूत का 7 वर्षीय पुत्र अंशु राजपूत प्राथमिक विद्यालय देवगर पुर में कक्षा तीन का छात्र है। अन्य दिनों की तरह अंशु सोमवार को भी अन्य बच्चों के साथ विद्यालय पढ़ने गया था । बताते हैं कि लगभग 12:30 बजे बाथरूम गये छात्र को सांप ने काट लिया। बाथरूम से भागते हुए आए छात्र ने इसकी सूचना विद्यालय में मौजूद एकमात्र महिला शिक्षामित्र कोतवाली के चिल्हा मजरे सहावर गाँव निवासी अमृता सिंह पत्नी सोनू सिंह को दी। परंतु महिला शिक्षामित्र ने ना तो छात्र के उपचार की कोई व्यवस्था की और न ही समय से घर वालों को कोई सूचना दी।



पिता अशोक राजपूत ने आरोप लगाया कि जब वह सूचना मिलने की तत्काल बाद 1:30 बजे पहुंचे तो उनका पुत्र अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था । जिसको लेकर वह 1:40 पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे जहां पर डॉक्टर द्वारा उनके पुत्र को मृत घोषित कर दिया गया इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर प्रियंक श्रीवास्तव द्वारा सर्पदंश से मौत की पुष्टि की गई। छात्र की मौत की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में महिलाएं एवं ग्रामीण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हैदरगढ़ पंचायत और धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। परिजनों ने आरोप लगाया कि जानबूझकर उनके पुत्र को मौत के मुंह में ढकेला गया है। इसलिए विद्यालय के सभी शिक्षकों को सस्पेंड करने के अलावा सभी शिक्षकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया जाए। यही नहीं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा जनता के बीच जाकर शिक्षकों को सस्पेंड किए जाने की घोषणा की जाए।

## जौहर यूनिवर्सिटी को तोड़ने की नोटिस के विरोध में सपा कार्यकर्ताओं ने डीएम को सौंपा ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री पूर्व सांसद आजम खाँ साहब द्वारा लंबे संघर्ष के बाद निर्मित मौलाना मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के 38 ब्लॉकों को सरकार द्वारा गिराए जाने कब प्रयास किए जाने के विरोध में अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष इतिखाब आलम नोमानी ने आज अपनी पूरी टीम के साथ महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश को संबोधित ज्ञापन बाराबंकी जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर कठोर शब्दों में ऐसा किए जाने की निंदा करते हुए ज्ञापन सौंपते हुए इस पर तत्काल रोक लगाई जाने की मांग की। इस मौके पर जिला प्रदेश सचिव हुमायूं नईम खान, जिला महासचिव हिमांशु यादव, जिलाउपाध्यक्ष नसीम कीर्ति, कामता प्रसाद यादव, विजय कुमार यादव, अजय कुमार वर्मा बब्लू, प्रदुमन यादव, जितेन्द्र पटेल, क्यूम प्रधान, मोहम्मद अकरम अंसारी, अब्दुल रहीम,हुमायूं नईम खान, परवेज अहमद, सीतासरन यादव, राम शंकर यादव, राजेन्द्र यादव, फैशल अंसारी तमाम पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### करंट की चपेट में आने से महिला की मौत



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जामो थाना क्षेत्र के लालूपुर ढबिया गांव में विद्युत स्पर्शाघात से एक महिला की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बीती रात ग्रामवासी राजेश दुबे की पत्नी घर के बाहर लगे लोहे के गेट में उतर रहे विद्युत करंट के संपर्क में आ गई। बताया जा रहा है कि किसी कारणवश गेट में बिजली का करंट उतर आया था। जैसे ही महिला ने गेट को छुआ, वह करंट की चपेट में आ गई। परिजनों ने उन्हें बचाने का प्रयास किया और तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाने की कोशिश की लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए। हादसे के बाद परिवार का बुरा हाल है और पूरे गांव में शोक का माहौल है। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक जानकारी जुटाई। प्रारंभिक जांच में इसे बिजली करंट से हुआ हादसा माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई नियमानुसार की जा रही है।

### सीतापुर में बाढ़ को लेकर प्रशासन अलर्ट

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** जिले में संभावित बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और अपर जिलाधिकारी के निर्देशन में सिंचाई विभाग, तहसील प्रशासन सहित सभी संबंधित विभाग लगातार निगरानी बनाए हुए हैं। अपर जिलाधिकारी ने बताया कि फिलहाल जिले में बाढ़ जैसी कोई स्थिति नहीं है। शारदा नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 0.59 मीटर तथा घाघरा नदी का जलस्तर 1.63 मीटर नीचे है। दोनों नदियों का पानी नदी के दायरे में बह रहा है। बाढ़ से निपटने के लिए जिले की तीनों तहसीलों में 18 बाढ़ चौकियां, 19 बाढ़ शरणालय तथा 15 मेडिकल टीमें गठित की गई हैं। इसके अलावा 171 नावों, 2 मोटर बोट, लाइफ जैकेट और आपदा मित्र गोताखोरों की व्यवस्था की गई है। पीएसी सेकेंड बटालियन भी तहसीलों में कैंप कर रही है। जिला आपदा विशेषज्ञ हीरालाल ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी विभाग अलर्ट मोड में हैं। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय है और नदियों के जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। किसी भी आपात स्थिति में सहायता के लिए कंट्रोल रूम के दूरभाष 05862-245753 तथा टोल फ्री नंबर 1077 पर संपर्क किया जा सकता है।

### फस्ट बेल स्कूल में उत्साह के साथ मनाया गया ग्रीन डे

**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** फस्ट बेल स्कूल में नन्हें बच्चों के लिए ग्रीन डे का आयोजन किया गया। विद्यालय परिसर को हरे रंग की सजावट, पौधों और प्रकृतिक सौंदर्य से सजाया गया। हरे परिधानों में सजे बच्चों ने पूरे वातवरण को हरियाली के रंग में रंग दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण, प्रकृति प्रेम और हरियाली के महत्व के प्रति जागरूकता विकसित करना था। इस अवसर पर बच्चों ने हरे रंग से जुड़ी विभिन्न प्रतिविधियों में भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने गीत, कविता, नृत्य और रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से हरियाली के महत्व को प्रस्तुत किया। शिक्षिकाओं ने बच्चों को पौधारोपण, स्वच्छ पर्यावरण और प्रकृति के संरक्षण के महत्व से अवगत कराया।

# महिला ने बड़ी नहर में लगाई छलांग, तलाश में जुटी पुलिस



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत एक महिला के नहर में लापता होने की घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार अहुरी भावापुर गांव की रहने वाली महिला पारिवारिक कलह के बाद तिलोई शारदा सहायक नहर की ओर चली गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि महिला की दो मासूम बेटियां घर से लेकर नहर तक अपनी मां के पीछे-पीछे दौड़ती रहीं और उन्हें रोकने की कोशिश करती रहीं लेकिन महिला ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इसके बाद महिला नहर में उतर गई और देखते ही देखते लापता हो गई। सूचना पर शंकरगंज चौकी पुलिस और मोहनगंज कोतवाली की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने स्थानीय ग्रामीणों की मदद से महिला की तलाश शुरू कर दी है। नहर किनारे बड़ी संख्या में लोग जुटे हुए हैं और खोज अभियान लगातार जारी है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और खोज अभियान जारी रखते हुए हर संभव प्रयास कर रही है।

## पांच दिवसीय शिक्षकों के प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**समृद्धि न्यूज़, मसौली बाराबंकी।** नवीन शैक्षिक सत्र 2026-27 के अंतर्गत आयोजित पांच दिवसीय एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरेसी) शिक्षक प्रशिक्षण के प्रथम बैच का शुभारंभ सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ की अध्यक्षता में हुआ। सभी प्रतिभागी शिक्षकों से खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ने कहा कि एफएलएन प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को नवीन शिक्षण पद्धतियों, गतिविधि आधारित अधिगम तथा निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों के अनुरूप दक्ष बनाना है। उन्होंने कहा कि जब शिक्षक आधुनिक शैक्षणिक दृष्टिकोण एवं प्रभावी शिक्षण तकनीकों से समृद्ध होंगे, तभी विद्यार्थियों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता का प्रभावी विकास संभव होगा।

# प्रेमी युगल ने अलग-अलग फंदे से झूलकर समाप्त की जीवनलीला



**समृद्धि न्यूज़, बेलहरा बाराबंकी।** मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में कथित प्रेमी युगल की मौत से इलाके में सनसनी फैल गई।सुबह युवक का शव खेत में लगे बेरी के पेड़ से फंदे पर लटका मिला,जबकि कुछ ही घंटे बाद उसकी मौत की सूचना मिलने पर किशोरी ने भी अपने घर में दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।दोनों दो दिन पहले घर से भाग गए थे।पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के संतनगर गांव निवासी राजू उर्फ छेटू गौतम 25 का शव सोमवार सुबह गांव के पश्चिम दिशा स्थित एक खेत में बेरी के पेड़ से फांसी के फंदे पर लटका मिला।उधर राजू की मौत की खबर मिलते ही पाण्डेय पुरवा गांव निवासी रमेश वर्मा की 17 वर्षीय पुत्री राम दुलारी ने करीब साढ़े 11 बजे अपने घर के कमरे में दुपट्टे के सहारे फांसी लगा ली।

## रविवार से लापता युवक की शारदा सहायक नहर में तलाश जारी

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** बदोसराय कोतवाली क्षेत्र से रविवार दोपहर से लापता पिपरौली गांव निवासी रवि कुमार चौधरी 22 की तलाश सोमवार को शारदा सहायक नहर में जारी रही। परिजनों के अनुसार रवि रविवार दोपहर करीब एक बजे घर से बिना बताए निकला था।देर शाम तक घर न लौटने पर खोजबीन शुरू की गई।शाम को ग्रामीणों ने अद्रा पुल से आगे शारदा नहर के पास एक साइकिल और चप्पल देखी।सूचना पर पहुंची कोतवाली बदोसरांय पुलिस ने परिजनो से सामान की शिनाख्त करवाई तो वह सामान रवि का निकला।इसके बाद पुलिस ने युवक के नहर में कूदने की आशंका जताई।एसएएसआई मनोज कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और गोताखोरों की मदद से सर्च अभियान शुरू कराया। सोमवार को दिन भर तलाश की लेकिन देर शाम तक युवक का कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस आत्महत्या और अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# गोकशी की योजना बना रहे चार आरोपी पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत सोमवार को थाना जामो और स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गोकशी की योजना बना रहे चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार कार्रवाई के दौरान एक आरोपी ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी और जवाबी कार्रवाई में वह घायल हो गया। एक अन्य आरोपी अंधेरे का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा के नेतृत्व में जामो पुलिस और स्वाट टीम संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर रही थी।



इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पूरे दूगपाल के पास कुछ लोग गड्ढे में गोवंशीय पशुओं को बांधकर गोकशी की तैयारी कर रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके की घेराबंदी की। आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में आरोपी मो. मोसिन पुत्र मेहबुल्ला निवासी इमामगंज, थाना बंधुआकला, सुल्तानपुर घायल हो गया। मौके से मो. मोनू उर्फ असरफ, मो. आमिर और राम हृदय को गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि राजेश नामक आरोपी फरार हो गया। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, दो चाकू, लकड़ी का ठीहा, पेंचकस, तीन रस्सियां, पांच चटाईनुमा प्लास्टिक के बोरे, काली तिरपालनुमा पन्नी और एक टॉर्च बरामद की गई। पुलिस के अनुसार घायल आरोपी मो. मोसिन थाना बंधुआकला का हिस्ट्रीशीटर है और उसके विरुद्ध अमेठी तथा सुल्तानपुर में गोवध निवारण अधिनियम, गैंगस्टर एक्ट और अन्य धाराओं में चार मुकदमे दर्ज हैं। इस मामले में थाना जामो में बीएनएस, गोवध निवारण अधिनियम तथा आर्म्स एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने पूरी टीम को रु. 20,000 के नगद पुरस्कार की घोषणा की है।

## कालिकन धाम में बनेगा आधुनिक यात्री निवास, श्रद्धालुओं को मिलेगी सुविधा

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** विकास खण्ड संग्रामपुर की ग्राम पंचायत भवसिंहपुर स्थित प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कालिकन धाम में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को बढ़ाने के लिए 1.47 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक यात्री निवास भवन का निर्माण कराया जाएगा। पर्यटन विभाग की इस परियोजना का उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर ठहरने की सुविधा उपलब्ध कराना और धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देना है। शासन द्वारा प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर सुविधाओं के विस्तार की योजना के तहत कालिकन धाम को यह सौगात मिली है। निर्माण स्थल का चयन कर लिया गया है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। प्रस्तावित भवन में यात्रियों के लिए विशाल हॉल, स्वच्छ पेयजल, आधुनिक शौचालय, तथा अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। अमेठी निवासी एमएलसी गोविंद नारायण शुक्ला उर्फ राजा बाबू के प्रयासों से इस परियोजना को स्वीकृति मिली है। ग्राम प्रधान अशोक कुमार उपाध्याय रज्जू ने बताया कि यह भवन केवल श्रद्धालुओं के लिए ही नहीं, बल्कि कालिकन धाम इंटर कॉलेज में आयोजित प्रतियोगी परीक्षाओं में दूर-दराज से आने वाले परीक्षार्थियों के लिए भी उपयोगी रहेगा। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई है कि परियोजना समय पर पूरी होगी। इससे कालिकन धाम में धार्मिक पर्यटन को नई पहचान मिलेगी और आसपास के व्यापारियों व स्थानीय लोगों को भी आर्थिक लाभ प्राप्त होगा।

# चार अंतरजनपदीय महिला लुटेरी गिरफ्तार

## लूटी गई चेन बरामद



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र में रेलवे क्रॉसिंग के आगे अयोध्या रोड पर महिला से चेन लूट की घटना का पुलिस ने मात्र छह घंटे के भीतर खुलासा कर दिया। पुलिस ने चार अंतरजनपदीय महिला आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटी गई पीली धातु की चेन बरामद की है। पुलिस के अनुसार अयोध्या जनपद के कुमारगंज थाना क्षेत्र की निवासी इंदु सिंह के गले से चार महिलाएं चेन लूटकर फरार हो गई थीं। पीड़िता की सूचना पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की गई थी। पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह के नेतृत्व में जगदीशपुर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर चारों महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्ताओं की पहचान काजल, लाला, सुल्हरी और सुनीता के रूप में हुई, जो गोरखपुर जनपद के बड़हलगंज थाना क्षेत्र की निवासी हैं। तलाशी के दौरान अभियुक्ता लाला के कब्जे से लूटी गई चेन बरामद हुई। पूछताछ में चारों ने घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार महिलाओं ने शुरुआत में अपना नाम और पता गलत बताया था, लेकिन यक्ष ऐप के माध्यम से फेस मैचिंग कर उनकी सही पहचान की गई। इस मामले में बरामदगी के आधार पर संबंधित धाराओं में बढ़ोतरी भी की गई है। पुलिस ने बताया कि अभियुक्ता सुनीता और काजल के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं।

## पंडित दीनदयाल के व्यक्तित्व से कराया गया रूबरू

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** विकास भवन सभागार में दीनदयाल उपाध्याय सेवा प्रतिष्ठान के सीतापुर इकाई के गठन पश्चात पहली बैठक आयोजित की गई जिसमें सर्वप्रथम दीनदयाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।



इसके बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण मिश्र, महामंत्री मिश्रा गोपाल शुक्ला समेत सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया तथा उन्हें प्रतिष्ठान के उद्देश्यों कार्यों एवं रीति नीति से अवगत कराया। गोपालजी शुक्ला ने बताया कि प्रतिष्ठान किस प्रकार समाजसेवा के कार्य कर रहा है। पद्मकांत शर्मा ने प्रतिष्ठान के आदि से वर्तमान तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। दीनदयाल जी सहयोगी रहे आदरणीय रामेश्वर प्रसाद ने अपने संस्मरणों के माध्यम से दीनदयाल जी के व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात अन्य सदस्यों ने अपने जिज्ञासा प्रगट की जिसका अध्यक्ष जी ने समाधान किया। महामंत्री मिश्रा ने सभी का स्वागत किया तथा अध्यक्ष सरल ने आभार व्यक्त किया। अंत में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर देश की आन बान और शान बनाये रखने वाले उन सभी वीर सैनिकों को हार्दिक अभिनन्दन करते हुए अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई।

# डिवाइडर से टकराई दर्शनार्थियों की बस, कई घायल



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** रविवार शाम थाना क्षेत्र भालेसुलतान के अंतर्गत जनपद प्रतापगढ़ स्थित मनगढ़ धाम जा रही दर्शनार्थियों से भरी एक निजी बस का अचानक स्टेयरिंग फेल हो जाने से वारिसगंज के इमलीगांव रेलवे फाटक के पास बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। दुर्घटना के समय बस में करीब 35 दर्शनार्थी सवार थे, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। सभी यात्री सुरक्षित बच गए, जबकि बस चालक घायल हो गया है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दुर्घटना के समय सड़क पर स्पीड ब्रेकर होने के कारण बस की रफ्तार धीमी थी इसी वजह से बड़ा हादसा टल गया। बस के डिवाइडर से टकराते ही यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे में चालक का पैर बस के अंदर फंस गया, जिससे वह बाहर नहीं निकल सका। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जेसीबी की सहायता से चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। इसके बाद एंबुलेंस से उसे ट्रामा सेंटर जगदीशपुर भेजा गया, जहां उसका उपचार जारी है। प्रभारी निरीक्षक अजयेंद्र पटेल ने बताया कि दुर्घटना में चालक घायल हुआ है, जबकि बस में सवार सभी दर्शनार्थी सुरक्षित हैं। पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए, यातायात व्यवस्था को सामान्य कराया।

# जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ






▸ सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी (बालक) प्रतियोगिता में शामिल हुए छात्र

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में सीबीएसई क्लस्टर कबड्डी (बालक) प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ अत्यंत गरिमामय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। तीन दिवसीय यह प्रतियोगिता 26 से 28 जुलाई तक आयोजित की जा रही है, जिसमें उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए सीबीएसई विद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि अनिल पाल (स्टेट लेवल शूटिंग चैंपियन) ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गणेश वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में मुख्य अतिथि अनिल पाल ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता एवं टीम भावना का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं खेल भावना के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। समारोह के अंत में सभी अतिथियों एवं प्रतिभागी विद्यालयों का आभार व्यक्त किया गया तथा प्रतियोगिता के सफल एवं निष्पक्ष आयोजन के लिए आयोजन समिति, अधिकारियों, शिक्षकों एवं स्वयंसेवकों को शुभकामनाएँ दी गईं। उद्घाटन समारोह के पश्चात विभिन्न वर्गों के रोमांचक कबड्डी मुकाबलों का शुभारंभ हुआ, जिनमें खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल एवं अनुशासन का परिचय दिया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश कबड्डी तकनीकी समिति के चेयरमैन एवं अयोध्या से पधारे सुरेश सिंह, कबड्डी ऑब्जर्वर कृष्ण प्रताप सिंह, कबड्डी रेफरी शराफत अली, सीबीएसई स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर एम.एल. साहू तथा आयोजन समिति की ओर से रवि सिंह, अदनान, सुप्रीत, प्रवीण, हिमांशु यादव, अजय शर्मा, टिंकू कुमार, सुश्री क्षमा रानी, हिमांशु तिवारी, विजय पाल, दुर्गेश कुमार, धर्मेंद्र पाल, आशुतोष मौर्य, शिव श्याम शुक्ला, मोनू राजभर, शिवम तिवारी एवं नितेश की गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई।

### प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने विभिन्न जिलों से आई टीमें

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में आरएमएसजी विद्यापीठ इंटर कॉलेज, लायंस बाल विद्या मंदिर, लखनऊ पब्लिक स्कूल साउथ सिटी ब्रांच, एसआर ग्लोबल स्कूल, चिल्ड्रन पब्लिक स्कूल बिंदकी, तथागत ज्ञानस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उमा देवी चिल्ड्रन्स एकेडमी, राजर्षि रणंजय सिंह ग्लोबल स्कूल, बेन-हर गुरुकुल, बनवारी लाल शर्मा गुरुकुल, श्री बाबूलाल कमलापुरी इंटर कॉलेज, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, नारायण इंटरनेशनल स्कूल, सत्य'स द आर्यन स्कूल, एआईएमएस इंटरनेशनल स्कूल बहराइच, एआईएमएस इंटरनेशनल स्कूल गोंडा, सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल हरदोई, नृसिंह ग्लोबल एकेडमी, तिरुपति मोंटेसरी स्कूल, लखनऊ पब्लिक कॉलेज, नारायण कॉलेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स, सेंट जेवियर्स हाई स्कूल हरदोई, पं. दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म विद्यालय, दून इंटरनेशनल स्कूल मैनपुरी, एसकेडी एकेडमी गोमती नगर, डॉ. बनवारी लाल शर्मा गुरुकुल, माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल लखनऊ, सेंट जेवियर्स हाई स्कूल फतेहपुर, ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल हमीरपुर तथा सेठ एमआर जयपुरिया स्कूल गौरीगंज सहित प्रदेश के विभिन्न सीबीएसई विद्यालयों की टीमों ने सहभागिता की।

## भारत-अमेरिका ट्रेड डील के विरोध में गरजे किसान

▸ समझौता हुआ तो दिल्ली कूच की चेतावनी

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के ग्राम बहवलपुर में सोमवार को भारतीय किसान यूनियन (भानु) एवं किसान क्रांति दल की संयुक्त किसान बैठक आयोजित हुई।

करीब तीन घंटे तक चली बैठक में बड़ी संख्या में किसानों और संगठन के पदाधिकारियों ने भाग लेकर किसान हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक की अध्यक्षता भारतीय किसान यूनियन (भानु) के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव तथा राष्ट्रीय सचिव आर.पी. ठाकुर ने की। उन्होंने किसानों को उनके अधिकारों, संगठन की नीतियों और एकजुट होकर संघर्ष करने की आवश्यकता पर विस्तार से जानकारी दी। बैठक में भारत-अमेरिका के संभावित कृषि व्यापार समझौते का विरोध करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यदि किसानों के हितों के विपरीत कोई भी ट्रेड डील लागू की गई तो भारतीय किसान यूनियन (भानु) के नेतृत्व में किसान दिल्ली कूच करने को मजबूर होंगे। उन्होंने सरकार से किसानों के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की मांग की। इस दौरान कई किसानों ने संगठन की सदस्यता ग्रहण की, जिनका पदाधिकारियों ने स्वागत किया। बैठक में कानपुर मंडल अध्यक्ष अमित कुमार राजपूत, रविंद्र शर्मा, संजय दुबे, रामानंद गुप्ता, शिवम मिश्रा, अरशद खान, फैजान खान, सुशील कुमार राठौर, मजीद अंसारी, प्रेम चतुर्वेदी, विनय गुप्ता, आकाश कश्यप, आदित्य सिंह, राजीव यादव, आलोक यादव, रामकुमार यादव, विमलेश सिंह, रचित दुबे सहित बड़ी संख्या में किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पत्थर उतारते समय पलटा डंपर



**समधन, समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के रामाश्रम के पास सड़क निर्माण के लिए पत्थर उतारते समय एक डंपर अचानक फर्रुखाबाद – गुरसहायगंज मेन सड़क पर पलट गया हादसे में डंपर में भरे पत्थर सड़क पर फैल गए जिससे मार्ग पर लंबा जाम लग गया हालांकि चालक सुरक्षित बच गया जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह करीब 8 बजें ग्वालियर से पत्थर लेकर पहुंचे डंपर चालक नरसिंह ने प्रेशर सिस्टम चालू कर पत्थर उतारने का प्रयास किया इसी दौरान प्रेशर पाइप की पिन टूट गई और तेज़ धमाके के साथ डंपर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। देखते ही देखते सड़क पर पत्थर बिखर गए और दोनों वाहनों की लम्बी कतारें लग गई। मौके परमौजूद पोकलैंड चालक बृजेश कुमार ने बताया कि नदी किनारे सड़क के किनारों को मजबूत करने के लिए बड़े-बड़े पत्थर डाले जा रहे थे। इसी दौरान डंपर पलट गया उन्होंने बताया कि हादसे में चालक को कोई चोट नहीं आई हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का शक्ति से पालन करने की मांग की है उनका कहना है कि भारी निर्माण सामग्री उतरते समय पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों की पुनरावृत्ति न हो।

## समधन नगर पंचायत का स्वर्ग वाहन खराब जनता परेशान, वाहन की व्यवस्था होगी दुरूस्त

▸ अंतिम संस्कार के लिए नगर पालिका से मांगना पड़ता है वाहन

▸ बजट आवंटित कर स्वर्ग वाहन की व्यवस्था को दुरुस्त करवाया जायेगा



**समधन, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत समधन में अंतिम संस्कार के लिए उपयोग होने वाला स्वर्ग वाहन लंबे समय से खराब पड़ा है।

इससे नगर सहित क्षेत्र के निवासियों को शवों को श्मशान घाट तक ले जाने के लिए सुविधा का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत के पास एक ही स्वर्ग वाहन है, जिसकी व्यवस्था लोगों को अंतिम संस्कार के समय मिलनी चाहिए। हालांकि वाहन खराब होने के कारण यह सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जब किसी का निधन होता है तों परिवारजन अंतिम संस्कार के लिए वाहन मांगते हैं, लेकिन उन्हें बताया जाता है कि वाहन खराब है। इस स्थिति में लोगों को या तो अपने निजी वाहनों का उपयोग करना पड़ता है या फिर गुरसहायगंज नगर पालिका से स्वर्ग वाहन मांगना पड़ता है। यह व्यवस्था लोगों के लिए अतिरिक्त परेशानी का कारण बन रही है। इस सम्बन्ध में नगर पंचायत कार्यालय की अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने बताया कि वाहन की मरम्मत के लिए अभी तक कोई उपयुक्त मैकेनिक नहीं मिल पाया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही बजट आवंटित कर स्वर्ग वाहन की व्यवस्था को दुरुस्त करवाया जायेगा।

## खबरें एक नजर में

### सेब से लदा ट्रक हादसे का शिकार, चालक की मौत, दो साथी घायल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शाहजहांपुर और सिकंदरपुर के बीच रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में सेब से लदे ट्रक के चालक की मौत हो गई, जबकि उसके दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसके परिजनों को सूचित कर दिया है। मृतक की पहचान सुमित (25) पुत्र संदीप निवासी खरड़, जिला मोहाली (पंजाब) के रूप में हुई। घायल रमनदीप सिंह (25) पुत्र कमल पाल निवासी ग्राम चितौली, थाना कुराली, जिला मोहाली तथा गौरव (22) पुत्र निर्मल सिंह निवासी ग्राम चितौली, जिला रूपनगर (पंजाब) हैं। घायल साथियों ने बताया कि तीनों हिमाचल प्रदेश से ट्रक में सेब लेकर कोलकाता जा रहे थे। रास्ते में शाहजहांपुर और सिकंदरपुर के पास ट्रक के टायर का पूरा हिस्सा टूट जाने से वाहन अनियंत्रित हो गया और आगे सड़क किनारे खड़े दूसरे ट्रक से जा टकराया। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर 108 एंबुलेंस से सौ शैया अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने सुमित को मृत घोषित कर दिया, जबकि रमनदीप और गौरव का इलाज अस्पताल में जारी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गौ सम्मान अभियान के समर्थन में डीएम को सौंपा ज्ञापन

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** गौ सम्मान दिवस पर रविवार को गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत शहर में संकीर्तन यात्रा निकाली गई। गोल कुआं से शुरू हुई यात्रा विभिन्न मार्गों से होती हुई कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां गौभक्तों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 4 लाख 25 हजार हस्ताक्षर शामिल होने का दावा किया गया है। अभियान का संयोजन गौ सेवक रंजीत पांडेय और प्रीतम गौस्वामी ने किया। इस दौरान गौ सेवक कृष्णा पांडेय ने बताया कि अभियान का उद्देश्य गौ माता को राष्ट्रमाता का सम्मान दिलाना, देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण रोक लगाने, केंद्रीय गो सेवा मंत्रालय के गठन, गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने और गो आधारित प्राकृतिक कृषि को बढ़ावा देने जैसी मांगों को सरकार तक पहुंचाना है। इसके अलावा पंचगव्य उत्पादों के प्रोत्साहन और शिक्षा में गौ महाकाव्य को शामिल किए जाने की भी मांग की गई। ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से भेजा गया। कार्यक्रम में दीनु बाजपेयी, अंजुल दुबे, कृष्ण औतार गुप्ता, बंटू दुबे, राजकुमार, विशेष मिश्रा, उत्कर्ष अवस्थी, आलोक राजपूत, दिशा सक्सेना, अमन सक्सेना, यश दुबे, अभिनय दुबे, हर्ष भारद्वाज, चंद्रभान बाथम, आकाश कश्यप सहित बड़ी संख्या में गौभक्त और गौसेवक मौजूद रहे। आयोजकों ने कहा कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### गुरु पूर्णिमा पर होगा रूट डायवर्जन, 28 जुलाई से लागू रहेगी व्यवस्था

**कन्नौज।** गुरु पूर्णिमा (आषाढ़ी पूर्णिमा) पर्व पर मेहंदी घाट स्थित गंगा तट पर श्रद्धालुओं की संभावित भारी भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने 28 जुलाई दोपहर 12 बजे से 29 जुलाई को कार्यक्रम समाप्त होने तक अस्थायी रूट डायवर्जन लागू किया है। पुलिस ने वाहन चालकों और श्रद्धालुओं से निर्धारित मार्गों का पालन करने की अपील की है। यातायात पुलिस के अनुसार कन्नौज से हरदोई जाने वाले वाहनों को हरदोई मोड़ से कानपुर रोड, अरौल कट और आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे के रास्ते हरदोई, उन्नाव व लखनऊ की ओर भेजा जाएगा। वहीं हरदोई और बिलग्राम की ओर से कन्नौज आने वाले वाहनों को बाहरी क्षेत्र से ही वैकल्पिक मार्गों पर डायवर्ट किया जाएगा, ताकि मेहंदी घाट मार्ग पर जाम की स्थिति न बने। घाट क्षेत्र और मुख्य मार्गों पर आवश्यकता के अनुसार बैरिकेडिंग की जाएगी। मेहंदी घाट मेले में आने वाले श्रद्धालुओं से अपने वाहन केवल निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े करने को कहा गया है। यातायात व्यवस्था बनाए रखने और श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस व यातायात कर्मियों की तैनाती रहेगी। यातायात पुलिस ने किसी भी प्रकार की सहायता के लिए ट्रैफिक कमांड सेंटर का हेल्पलाइन नंबर 7839865383 जारी किया है।

## मां शीतला धाम का होगा कायाकल्प, योजना को मंजूरी

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़।**



जन- आस्था के प्रमुख केंद्र ब्लॉक जलालाबाद के ग्राम सियरमऊ स्थित मां शीतला धाम मंदिर का जल्द ही कायाकल्प होगा। प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण के प्रस्ताव पर पर्यटन विभाग ने मंदिर परिसर के सौंदर्यीकरण एवं जनसुविधाओं के विस्तार की योजना को मंजूरी दे दी है। योजना के तहत मंदिर को अधिक दिव्य, भव्य और सुविधासंपन्न स्वरूप दिया जाएगा, जिससे दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। मां शीतला धाम क्षेत्र का प्रमुख पौराणिक एवं धार्मिक स्थल है। चैत्र और शारदीय नवरात्रि सहित विभिन्न धार्मिक अवसरों पर यहां हजारों श्रद्धालु दर्शन- पूजन के लिए पहुंचते हैं। बढ़ती श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए लंबे समय से मंदिर परिसर में आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। राज्य मंत्री असीम अरुण ने योजना की स्वीकृति पर प्रसन्नता जताते हुए कहा कि मां शीतला धाम करोड़ों लोगों की आस्था का केंद्र है। यहां आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु को स्वच्छ, सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। पर्यटन विभाग की स्वीकृति के बाद मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण कर इसे और अधिक आकर्षक एवं भव्य बनाया जाएगा। परियोजना के तहत मंदिर परिसर, प्रवेश द्वार और पैदल मार्गों का पारंपरिक एवं आधुनिक शैली में सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए प्रतीक्षालय (वेटिंग हॉल), शुद्ध पेयजल व्यवस्था और आधुनिक शौचालय ब्लॉक का निर्माण होगा। सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए हाईमास्ट एवं सोलर लाइटें लगाई जाएंगी, साथ ही सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की व्यवस्था की जाएगी।

### पार्किंग स्थल किया जाएगा विकसित

**जलालाबाद।** नवरात्रि मेले के दौरान होने वाली भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए पार्किंग स्थल विकसित किया जाएगा और यातायात प्रबंधन को भी बेहतर बनाया जाएगा, ताकि श्रद्धालुओं को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। पर्यटन विभाग की इस स्वीकृति से क्षेत्र के धार्मिक पर्यटन को भी नई गति मिलने की उम्मीद है।

## मछुआ समाज को अनुसूचित जाति का लाभ देने की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



निषाद इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) ने मछुआ समाज से जुड़ी विभिन्न जातियों को अनुसूचित जाति का लाभ दिए जाने की मांग को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन विधायक अर्चना पांडेय को सौंपा है।

इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करते हुए अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी भी की। ज्ञापन में कहा गया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 2016 और 2017 में जारी अधिसूचनाओं के बावजूद जिला और तहसील स्तर पर संबंधित अधिकारी उनका समुचित पालन नहीं कर रहे हैं। इसके कारण पात्र समुदायों के लोगों को अब भी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का जाति प्रमाण पत्र जारी किया जा रहा है, जिससे वे अनुसूचित जाति को मिलने वाले संवैधानिक अधिकारों और आरक्षण के लाभ से वंचित हैं। ज्ञापन में निषाद, केवट, मल्लाह, कहार, कश्यप, बिंद, धीमर, तुरहा, मांझी, गोंड़िया, प्रजापति, कुम्हार, मधुआ सहित अन्य जातियों का उल्लेख करते हुए कहा गया कि जनगणना अभिलेखों एवं विभिन्न अधिसूचनाओं के आधार पर इन्हें अनुसूचित जाति के समकक्ष मानते हुए प्रमाण पत्र जारी किए जाएं। साथ ही ओबीसी प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पर रोक लगाने की भी मांग की गई। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने जो विधानसभा में हमारी बात करेगा, वही देश पर राज करेगा के नारे लगाए। संगठन ने केंद्र और राज्य सरकार से संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी कर पात्र समाज को आरक्षण, संवैधानिक अधिकार तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने की मांग की।

## पूर्व सांसद फूलन देवी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

▸ सपा नेताओं ने 2027 में सरकार बनाने का लिया संकल्प

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



सामाजिक न्याय की बुलंद आवाज और दबे-कुचले वर्ग की लड़ाई लड़ने वाली सपा की पूर्व सांसद स्वर्गीय फूलन देवी की पुण्यतिथि शनिवार को सिकंदरपुर नगर के जीटी रोड स्थित एक प्रतिष्ठान पर मनाई गई।

कार्यक्रम का संचालन सपा के वरिष्ठ नेता एवं नगर पंचायत सिकंदरपुर से अध्यक्ष पद के प्रत्याशी रह चुके सत्य प्रकाश बाथम ने किया। अध्यक्षता सपा के वरिष्ठ नेता बाबा राम प्रकाश यादव ने की। मुख्य अतिथि सपा पिछड़ा वर्ग के जिला अध्यक्ष रामसेवक बाथम ने फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि फूलन देवी एक निर्भीक, निडर और साहसी महिला थीं। छोटी उम्र में ही उन्होंने जंगलों में रहकर सामंतवादियों और शोषकों के खिलाफ गरीबों की लड़ाई लड़ी। पूरे देश ने उन्हें डाकू फूलन देवी के रूप में जाना। समाजवादी पार्टी के संस्थापक स्वर्गीय मुलायम सिंह यादव ने उन्हें जेल से निकालकर सांसद बनाया। सांसद रहते हुए उन्होंने संसद के अंदर भी न्याय के लिए आवाज उठाई। रामसेवक बाथम ने कहा कि आज हमें संकल्प लेना होगा कि प्रदेश से लेकर देश तक व्यापारी, किसान, छात्र-छात्राओं और युवाओं के साथ अन्याय करने वाली भाजपा सरकार को हटाकर 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनानी है। सभा को संबोधित करते हुए बाबा राम प्रकाश यादव, कमल सिंह यादव और सत्य प्रकाश बाथम ने फूलन देवी के व्यक्तित्व और संघर्ष को याद किया। सभी वक्ताओं ने 2027 में पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक, किसान और युवाओं की लड़ाई लड़ने वाले सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया।

इससे पूर्व उपस्थित लोगों ने फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में खुर्शीद अहमद, मोइन खान, बब्लू यादव, खुशीराम कश्यप, धर्मेंद्र कश्यप, उमेश कश्यप, सर्वेश कश्यप, सतपाल यादव, निर्भय यादव, धर्मेंद्र सिंह, कोमल सिंह, मोहम्मद शाहिद, सुशील कुमार, महिला सभा की नेत्री मौर्य श्रीदेवी सहित दर्जनों सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## ऑनलाइन हाजिरी न लगाने वाले स्कूलों पर डीआईओएस सख्त


▸ माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को दी चेतावनी

**गुरसहायगंज, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** शैक्षिक सत्र 2026-27 में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और शिक्षणेत्तर कर्मचारियों की ऑनलाइन दैनिक उपस्थिति को लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक ने कड़ा रुख अपनाया है। जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने जिले के सभी राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त और वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज न करने वाले विद्यालयों के खिलाफ कार्रवाई तय है। डीआईओएस पप्पू सरोज ने कहा कि माध्यमिक शिक्षा परिषद के स्पष्ट निर्देश हैं कि सभी विद्यालयों में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों की हाजिरी वेब पोर्टल और मोबाइल एप के माध्यम से रोजाना दर्ज की जाए। लेकिन जिले की ऑनलाइन रिपोर्ट में सामने आया है कि शत प्रतिशत विद्यालय अभी तक इस व्यवस्था का पालन नहीं कर रहे हैं। विशेषकर राजकीय और सहायता प्राप्त विद्यालयों की स्थिति बेहद खराब है।

उन्होंने प्रधानाचार्यों को चेतावनी देते हुए कहा कि यह व्यवस्था पारदर्शिता और जवाबदेही के लिए लागू की गई है। यदि किसी भी विद्यालय द्वारा ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज नहीं की जाती है तो उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित विद्यालय के प्रधानाचार्य की होगी। लापरवाही पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीआईओएस ने कहा कि सभी प्रधानाचार्य तत्काल अपने-अपने विद्यालयों में ऑनलाइन हाजिरी की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि शासन को सही और समय से रिपोर्ट भेजी जा सके।

## 1576 विद्यालयों में बच्चों को वितरित किए गए फल

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**




जनपद में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना का संचालन गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जा रहा है। जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के नेतृत्व और निगरानी में योजना के तहत विद्यार्थियों को पौष्टिक, संतुलित और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि जनपद के 1006 परिषदीय प्राथमिक विद्यालय, 259 उच्च प्राथमिक विद्यालय, 194 कम्पोजिट विद्यालय, 39 अशासकीय सहायता प्राप्त उच्च प्राथमिक विद्यालय, 13 सहायता प्राप्त मदरसे, 04 दीनदयाल उपाध्याय राजकीय विद्यालय, 01 अनुदानित संस्कृत विद्यालय और 60 इंटर कॉलेज सहित कुल 1576 विद्यालयों में शासन के साप्ताहिक मेन्यू के अनुसार प्रतिदिन मध्यान्ह भोजन दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता और पोषण मानकों की नियमित निगरानी की जा रही है, ताकि हर छात्र-छात्रा को गुणवत्तापूर्ण भोजन मिल सके। योजना के चलते विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति और पढ़ाई के स्तर में भी सकारात्मक बदलाव दिख रहा है प्रभारी बीएसए ने बताया कि बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए हर सोमवार को फल वितरण किया जाता है।

इसी क्रम में सोमवार को जनपद के सभी 1576 विद्यालयों में बच्चों को निर्धारित मानकों के अनुसार ताजे फल वितरित किए गए। बच्चों ने उत्साह के साथ फल ग्रहण किए। संजय कुमार ने कहा कि जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग शासन की मंशा के अनुसार पीएम पोषण योजना को पूरी पारदर्शिता के साथ चला रहा है। लक्ष्य है कि हर बच्चे को सुरक्षित, स्वच्छ और पौष्टिक भोजन मिले और उनका भविष्य स्वस्थ व सशक्त बने।

## अनिल पाल बने क्षत्रिय महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की संस्तुति पर प्रदेश अध्यक्ष हौसिला प्रसाद पाल ने पाल चौराहा, कन्नौज निवासी अनिल कुमार पाल को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी मनोनयन पत्र में कहा गया है कि अखिल विश्व पाल क्षत्रिय महासभा उत्तर प्रदेश में पाल समाज को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, मानसिक, शैक्षणिक, स्वरोजगार एवं महिला सशक्तिकरण की दिशा में सशक्त रूप से काम करने वाला संगठन है। राष्ट्रीय अध्यक्ष की संस्तुति के बाद आपको उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया जा रहा है। आशा है कि आप इस दायित्व को पूरी मर्यादा से निभाते हुए समाज कल्याण के कार्य करेंगे और समाज को सशक्त बनाएंगे। उल्लेखनीय है कि अनिल कुमार पाल लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर जन सेवा समिति शरीफापुर के प्रबंधक होने के



साथ राज्य स्तरीय निशानेबाज भी हैं। संगठन में प्रदेश स्तरीय जिम्मेदारी मिलने पर उन्होंने कहा मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष हौसिला प्रसाद पाल जी का हृदय से आभारी हूँ, जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताया। यह पद मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। मैं पाल समाज के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करूँगा। महिलाओं के सशक्तिकरण और युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने को अपनी प्राथमिकता बनाऊँगा। समाज को एकजुट रखकर आगे बढ़ाने का प्रयास जारी रखूँगा।

## पूर्व विधायक के स्वास्थ्य की जानकारी लेने पहुंचे सैकड़ों समर्थक, दी लंबी उम्र की दुआ

**गुरसहायगंज कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



गुरसहायगंज के गांधीनगर स्थित आवास पर सोमवार को क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी के स्वास्थ्य की जानकारी ली। सभी ने उनके जल्द स्वस्थ होने के लिए अल्लाह से दुआ की। जानकारी के अनुसार पूर्व विधायक का उपचार लखनऊ में चल रहा था। लखनऊ से गुरसहायगंज आवास पहुंचने पर नगर सहित क्षेत्र के समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं और आम लोगों ने उनसे मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछा और उनकी लंबी उम्र की कामना की। इस मौके पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि आप सभी लोगों के प्यार और दुआओं के कारण मैं जल्द ठीक होकर फिर से क्षेत्र की सेवा में लगूंगा। आप सभी ने जिस तरह से मेरा हालचाल लेने आए, उसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। क्षेत्र की जनता का आशीर्वाद ही मेरी सबसे बड़ी ताकत है।

इस दौरान नासिर सिद्दीकी, मुजफ्फर खान, आमिर सिद्दीकी, मोनू यादव, पिंटू यादव, शिल्पी यादव, शहनवाज सिद्दीकी सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

# हाईवे पर रियल एस्टेट कंपनी के कर्मचारी की गोली मारकर हत्या

- हरियाणा निवासी पत्नी-बच्चे के साथ बाबा विश्वनाथ के दर्शन करके लौट रहा था
- डीआईजी व पुलिस अधीक्षक ने पहुंचकर की जांच पड़ताल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कादरीगेट थाना क्षेत्र अंतर्गत इटावा-बरेली नेशनल हाईवे (730-सी) स्थित पांचाल घाट पर रविवार शाम फरीदाबाद निवासी रियल एस्टेट कंपनी के कर्मचारी की उसकी पत्नी और बच्चे के सामने ही बेखौफ बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक युवक अपनी कार रोककर दुकान से चिप्स, कोल्ड ड्रिंक और पानी की बोतल खरीद रहा था, तभी दूसरी कार से आए अज्ञात बदमाशों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी। दो गोलियां लगने से युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, एएसपी और सीओ सिटी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। शव को डॉ0 राममनोहर लोहिया अस्पताल भिजवाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर मोर्चरी में रखवा दिया है। वहीं घटना की जानकारी पर डीआईजी ने घटना स्थल का निरीक्षण किया।

जानकारी के अनुसार हरियाणा के फरीदाबाद थाना चंदावली क्षेत्र के दयालपुर निवासी 32 वर्षीय अरुण पुत्र सुरेंद्र सिंह शनिवार को अपनी पत्नी राखी और बच्चे जयंत के साथ कार से वाराणसी दर्शन करने गया था। रविवार शाम को पूरा परिवार कार से वापस फरीदाबाद लौट रहा था। सफर के दौरान गंगा एक्सप्रेस-वे से होते हुए वे हरदोई के सवायजपुर कट से उतरे और आगरा की तरफ बढ़ रहे थे। शाम को जैसे ही उनकी कार फर्रुखाबाद के पांचाल घाट स्थित एक ढाबे के पास पंकज किराना स्टोर पर रुकी, अरुण सामान लेने नीचे उतरे, पत्नी और



मृतक का फाइल फोटो



लोहिया अस्पताल में मौजूद मृतक की पत्नी व पुलिस



पूछताछ करते डीआईजी

बच्चा भी गाड़ी से बाहर आ गए थे। अरुण ने कोल्ड ड्रिंक ली और जैसे ही पत्नी की तरफ बढ़ाई, तभी सफेद रंग की कार से आए बदमाशों ने उन पर गोलियां चला दीं। अरुण के सिर और कंधे में गोली लगी, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के इलाके और राहगीरों में अफरा-तफरी मच गई। घटना के तुरंत बाद कादरीगेट थाना पुलिस, सीओ सिटी अभय वर्मा और अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दुकान के पास लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। ड्यूटी पर तैनात लोहिया अस्पताल के डॉ. अभय श्रीवास्तव ने बताया कि युवक को मृत अवस्था में लाया गया था, जिसकी सूचना पुलिस को भेज दी गई थी। सीओ ने लोहिया अस्पताल की इमरजेंसी में राखी से कई चक्रों में पूछताछ की। पूछताछ में पत्नी बयान बदलती नजर आई। पत्नी राखी ने पुलिस को बताया कि वह बनारस घूमने के बाद वापस घर जा रहे थे। पुलिस ने कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे तो सीधा मेरठ पहुंचाता, इसके बाद आसानी से हरियाणा पहुंच जाते। फर्रुखाबाद आने की जरूरत ही नहीं थी। पुलिस ने अरुण के फोन को कब्जे में लिया है। उनमें अंतिम कॉल श्याम होंडा के नाम से आने की बात कही गई है। राखी ने पुलिस को जानकारी दी कि एक अन्य नंबर से पहले भी कई बार कॉल आई थी।

सीओ सिटी अभय वर्मा ने बताया कि छानबीन की जा रही है। अरुण के परिजन को जानकारी दी गई है। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा। एसपी आरती सिंह ने बताया कि डायल 112 के जरिए अज्ञात बदमाशों द्वारा युवक को गोली मारे जाने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच-पड़ताल की। मृतक अपने परिवार के साथ वाराणसी से वापस फरीदाबाद लौट रहा था। सामान खरीदने के दौरान दो अज्ञात युवकों ने फायरिंग की, जिससे उसकी मौत हो गई। शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और परिजनों को सूचित कर दिया गया है। परिजनों से तहरीर प्राप्त कर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है। मामले के शीघ्र अनावरण के लिए थाना पुलिस, एसओजी और सर्विलांस समेत 3 टीमों को लगाया गया है। सीसीटीवी फुटेज से कुछ अहम सुराग मिले हैं, जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। वहीं थाना कादरीगेट क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात कार सवारों द्वारा एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या किए जाने की घटना के सम्बन्ध में पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर रेंज कानपुर द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया व संबंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

## नकब लगाकर की चाट-पकौड़ी की दुकान में चोरी

**कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के हरियलपुर मजरा बिल्सड़ी निवासी मकरंद की कंपिल-रुदायन मार्ग पर बिल्सड़ी मोड़ के पास, गांव सामउद्दीनपुर के निकट स्थित चाट-पकौड़ी की दुकान में रविवार रात अज्ञात चोरों ने नकब लगाकर चोरी कर ली। चोर दुकान की पिछली दीवार में सेंध लगाकर अंदर घुसे और गुल्लक उठा ले गए। बाद में दुकान के पीछे खेत में गुल्लक टूटी हुई मिली, जिसमें रखे करीब 2,500 नकद गायब थे। सोमवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे मकरंद को घटना की जानकारी हुई, जिसके बाद उन्होंने तत्काल थाना कंपिल पुलिस को सूचना दी। सूचना



जांच पड़ताल करती पुलिस

मिलते ही हल्का प्रभारी दिनेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पीड़ित ने घटना के खुलासे और चोरी गए नकदी की बरामदगी की मांग की है। थानाध्यक्ष नितिन कुमार से संपर्क का प्रयास किया गया, लेकिन उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

## एसडीएम श्वेता साहू ने शरणालयों का किया सघन निरीक्षण

- हुसैनपुर राजपुर व पिथनापुर के बाढ़ शरणालयों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

गंगा के जलस्तर में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव और संभावित बाढ़ की आशंका को देखते हुए अमृतपुर तहसील प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। सोमवार को उप जिलाधिकारी श्वेता साहू एवं नायब तहसीलदार अभिषेक सिंह ने तहसील क्षेत्र के विभिन्न बाढ़ शरणालयों का सघन निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा



शरणालयों का निरीक्षण करती एसडीएम

लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राहत एवं बचाव कार्यों से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एसडीएम सबसे पहले हुसैनपुर राजपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में बनाए गए बाढ़ शरणालय पहुंचीं। यहां उन्होंने शरणालय में उपलब्ध पेयजल, साफ-सफाई, शौचालय, विद्युत व्यवस्था, रहने की क्षमता तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि बाढ़ की स्थिति उत्पन्न होती है तो प्रभावित परिवारों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सभी व्यवस्थाएं समय रहते दुरुस्त कर ली जाएं। इसके बाद एसडीएम ने पिथनापुर गांव पहुंचकर बनाए गए बाढ़ शरणालय का भी निरीक्षण किया गया।

उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों से क्षेत्र की स्थिति, संवेदनशील गांवों तथा संभावित बाढ़ प्रभावित इलाकों की जानकारी प्राप्त की। साथ ही निर्देश दिए कि बाढ़ की हर गतिविधि पर लगातार नजर रखी जाए और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किए जाएं।

## बेटे की तलाश में पहुंची महिला से अभद्रता विरोध पर पति को बेल्ट से पीटा

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला नोनियमगंज निवासी पिंकी पत्नी लखन ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उसका पुत्र ध्रुव उससे मोटरसाइकिल की चाबी मांगकर यह कहकर ले गया कि उसने गाड़ी बुक की है। इसके बाद देर रात करीब तीन बजे तक जब ध्रुव घर वापस नहीं लौटा तो वह चिंतित हो गई। इसी दौरान गांव निवासी यश पुत्र सत्य प्रकाश उर्फपूरे उसके घर आया और बिना कुछ बताए मोटरसाइकिल की चाबी रखकर चला गया। पिंकी के अनुसार जब उसने देखा कि चाबी तो वापस आ गई है, लेकिन उसका पुत्र घर नहीं लौटा है, तो वह घबराकर यश के घर जानकारी लेने पहुंची। उसे देखते ही वहां मौजूद लोगों ने उससे अभद्र व्यवहार किया और भगा दिया। विरोध करने पर यश ने उसके साथ मारपीट की तथा धमकी दी। पीड़िता ने बताया कि बाद में दोनों पक्षों के बीच समझौता भी हो गया था, लेकिन इसके बावजूद सोमवार को आरोपितों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसके पति लखन के साथ बेल्टों से बेरहमी से मारपीट की गई, जिससे वह घायल हो गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर घायल लखन का सीएचसी में मेडीकल परीक्षण कराया। चौकी प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## उधरनपुर में लगा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर

- सैकड़ों ग्रामीणों की हुई मुफ्त जांच व दवा वितरण

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी डा0 जितेन्द्र सिंह यादव के निर्देशन में अमृतपुर के ग्राम उधरनपुर में निःशुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया।

समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव व अमृतपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी डा0 जितेन्द्र सिंह यादव के निर्देशन में ग्राम उधरनपुर में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी



स्वास्थ शिविर में मौजूद ग्रामीण

स्वास्थ्य जांच कराई और निः शुल्क दवाइयां प्राप्त कीं। स्वास्थ्य शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर, हीमोग्लोबिन और मौसमी बीमारियों की गहनता से जांच की। जांच के उपरांत मरीजों को आवश्यकतानुसार दवाएं भी निःशुल्क वितरित की गईं। डॉक्टरों ने ग्रामीणों को बदलते मौसम में बीमारियों से बचाव और खान-पान में ध्यान रखने योग्य बातें भी समझाईं। शिविर के उद्देश्य ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव और महंगा इलाज गरीबों के लिए बड़ी समस्या है। कई बार आर्थिक तंगी के कारण ग्रामीण अपनी बीमारियों का सही समय पर इलाज नहीं करा पाते। समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना और उनकी निः शुल्क मदद करना ही इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य है। समाजवादी पार्टी सदैव जनसेवा और जनकल्याण के कार्यों के लिए तत्पर रही है और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर लगातार आयोजित किए जाते रहेंगे। इस दौरान ग्रामीण अंचल से आए बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। लगभग 250 मरीजों का स्वास्थ परीक्षण किया गया। इस दौरान डॉ. सुमित यादव, डॉ. अरविंद कुमार वर्मा, डॉ. दिलीप कुमार, डॉ. नीतीश कुमार शाक्य आदि मौजूद रहे।

## ई-रिक्शा चालकों के बीच हुई मापीट, वीडियो वायरल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के सीपी स्कूल के पास दो ई-रिक्शा चालकों के बीच मामूली कहासुनी के बाद जमकर लाठी-डंडे चले। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार सीपी स्कूल के पास दो ई-रिक्शा चालकों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए। गुस्से में दोनों चालकों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया। सड़क पर हुई इस मारपीट को देख आसपास भीड़ जमा हो गई। कुछ देर तक दोनों एक-दूसरे को पीटते रहे। मारपीट का वीडियो किसी ने मोबाइल से बना लिया जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

## शादी के दो महीने बाद नवविवाहिता की मौत

**पेट दर्द से बिगड़ी थी हालत, पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव ज्योनी रशीदपुर में शादी के महज दो महीने बाद एक नवविवाहिता की अचानक तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

मृतका के ससुर सतीश चंद्र ने बताया कि उनके बेटे संजीव की शादी 4 मई को मऊ निवासी 33 वर्षीय ममता के साथ हुई थी। ममता के पेट में अचानक तेज दर्द उठा। परिजन उसे तुरंत एक निजी अस्पताल ले गए। आराम न मिलने पर सोमवार को पति संजीव उसे कायमगंज के सीएचसी लेकर पहुंचा। जहाँ ड्युटी पर तैनात



जांच पड़ताल करती पुलिस

महिला चिकित्सक मधू अग्रवाल ने ममता को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव घर लेकर चले गये। अस्पताल प्रशासन ने सूचना मेमो के जरिए कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, उपनिरीक्षक अरविन्द कुमार, कास्टेबल आर्य चौधरी और नायब तहसीलदार अनवर हुसैन मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस मामले की जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## चोरों ने विद्यालय का ताला तोड़कर की हजारों की चोरी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव कुबेरपुर स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय में बीती रात चोरों ने धावा बोल दिया। चोरों ने स्कूल के ताले तोड़कर अंदर रखे सामान में तोड़फोड़ की और कीमती सामान चोरी कर ले गए। स्कूल स्टाफ के अनुसार अज्ञात चोर विद्यालय परिसर में घुसे और मुख्य गेट व कमरों के ताले तोड़ दिए।

चोरों ने कक्षाओं में रखे कंप्यूटर, प्रिंटर, फर्नीचर और अन्य सरकारी सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया। चोर अलमारी और रजिस्टर बिखेर कर कीमती सामान ले गए। रविवार सुबह जब शिक्षक स्कूल पहुंचे तो ताले टूटे देखकर उनके होश उड़ गए। अंदर का



जानकारी देते शिक्षक

नजारा देखकर स्कूल में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने स्कूल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए। इस घटना से शिक्षकों और ग्रामीणों में रोष है। उनका कहना है कि बेखौफ चोरों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वह सरकारी विद्यालय को भी नहीं बख्श रहे। शिक्षकों ने पुलिस से चोरों को जल्द पकड़ने और सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है पुलिस मामले की जांच कर रही है। आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की।

## फर्जी छात्रों के प्रतियोगिता में प्रतिभाग का छाया रहा मुद्दा

- जिला क्रीड़ा समिति की हुई बैठक
- डीआईओएस ने खिलाड़ी छात्रों के अभिलेखों की जांच हेतु गठित की कमेटी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माध्यमिक विद्यालयों की जिला क्रीड़ा समिति की सोमवार सम्पन्न हुई बैठक में फर्जी छात्रों के प्रतियोगिता में प्रतिभाग किये जाने का मुद्दा जोर-शोर से उठाया गया।

व्यायाम शिक्षकों की फर्जी छात्रों पर प्रतिबंध लगाये जाने की मांग पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने खिलाड़ी छात्रों की जन्मतिथि और विद्यालय में नामांकन की जांच हेतु व्यायाम शिक्षकों की एक कमेटी गठित की। डीआईओएस कार्यालय के सभागार में सम्पन्न हुई क्रीड़ा समिति की बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार ने स्कूली प्रतियोगिताओं में फर्जी छात्रों के भाग लेने पर चिंता व्यक्त करते हुए हर हाल में रोके जाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने पीटीआई की मांग पर प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ी छात्रों की जांच हेतु पांच सदस्यीय कमेटी नियुक्त की। जिसमें अभिषेक अवस्थी, केशव गंगवार, अर्जुन प्रताप सिंह, तुषार चौधरी व्यायाम शिक्षक शामिल है। क्रीड़ा समिति के कोषाध्यक्ष प्रधानाचार्य विनीत सिंह चौहान ने गत वर्ष की आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया।

उन्होंने क्रीड़ा शुल्क 10 रु0 प्रति छात्र की लगह 20 रु0 प्रति छात्र किये जाने का प्रस्ताव रखा। महावीर इंटर कालेज नगला खैरबंद के प्रभारी व्यायाम शिक्षक प्रवेश रत्न शाक्य ने प्रतियोगिता सम्पन्न कराने वाले व्यायाम शिक्षकों को सम्मानित किये जाने का प्रस्ताव रखा। बैठक में प्रतियोगिताओं के लिए मिलने वाली धनराशि बढ़ाये जाने का भी प्रधानाचार्यों ने प्रस्ताव रखा। संचालन समिति के सचिव अतुल दास ने किया।

### जिला और जोनल एथलेटिक रैली के संयोजक नियुक्त

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जोनल रैली का संयोजक एसएनएम इंटर कालेज कायमगंज को बनाया गया, जबकि फतेहगढ़ जोन की रैली हेतु डीपीएस इंटर कालेज मूसाखिरिया, फर्रुखाबाद जोन की रैली हेतु एमआईसी नगला खैरबंद को संयोजक बनाया गया।



बैठक लेते डीआईओस मौजूद प्रधानाचार्य

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार महिला की मौत

- बहू के भाई के साथ दवा लेने जा रही थीं अर्चना

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

थाना अमृतपुर क्षेत्र में रविवार को बाइक पर सवार महिला की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन सहित फरार हो गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शाहजहांपुर जनपद के थाना मिर्जापुर क्षेत्र के गांव दोषपुर नागर निवासी 40 वर्षीय अर्चना पत्नी स्वर्गीय रविंद्र अपने बहू के भाई के साथ बाइक से कस्बा



मृतका का फाइल फोटो



जांच पड़ताल करती पुलिस

राजपुर दवा लेने जा रही थीं। बाइक बहू का भाई चला रहा था। जैसे ही वे थाना अमृतपुर क्षेत्र के परमापुर गांव के निकट पहुंचे, तभी पीछे से आए तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्चना सड़क पर जा गिरीं और उन्होंने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया, जबकि हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीणों की भीड़ घटनास्थल पर जुट गई। सूचना पर उपनिरीक्षक राघवेंद्र भदौरिया एवं उपनिरीक्षक खूबेलाल शाक्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। करीब एक वर्ष पूर्व उनके पति रविंद्र का निधन हो चुका था।

पति की मृत्यु के बाद अर्चना ही परिवार का सहारा थीं। उनके तीन पुत्र कमलेश, अवनीश और निलेश तथा एक पुत्री अंशिका हैं। परिजनों के अनुसार अंशिका की शादी आगामी नवंबर माह में तय थी और घर में शादी की तैयारियां चल रही थीं, लेकिन इस हादसे ने परिवार की सारी खुशियां छीन लीं।

मां की मौत के बाद बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## किशोरी से दुष्कर्म के मामले में दो पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।**

जनपद कानपुर थाना बिल्हौर क्षेत्र के एक गांव एवं हाल पता पुराना शिवली रोड कल्याणपुर कानपुर निवासी महिला ने मेरापुर थाना क्षेत्र के गांव अचरा खलवारा निवासी अभिनव पुत्र सुनील यादव, पवन यादव पुत्र विजय किशोर के विरुद्ध बलात्कार, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 25 जुलाई को मेरी पुत्री दोपहर 1 बजे राधापुरम गोवा गार्डन निवासी आर्यन यादव के साथ निकली मेरी पुत्री ने आर्यन से कहा कि आप वहां अपने गांव तक जा रहे हो तो मुझे मेरी बुआ के घर नवाबगंज तक छोड़ देना। मेरी पुत्री बुआ के यहां गई थी। इस बात कि मुझे कोई जानकारी नहीं थी आर्यन ने मेरी पुत्री को नवाबगंज रेलवे स्टेशन तक छोड़ दिया। उसके बाद आर्यन यहां से चला गया। पुत्री अपने बुआ के लड़के से बात करती थी। इस बात की जानकारी हम लोगों को नहीं थी। अभिनव यादव पुत्र सुनील यादव ग्राम अचरा खलवारा थाना मेरापुर का निवासी है, मेरी पुत्री को उसने फोन करके बुलाया था। मेरी पुत्री ने फोन किया।

रेलवे स्टेशन पहुंचकर अभिनव को कि मुझे ले जाओ आकर तो अभिनव ने कहा की मैं अपने भाई पवन यादव पुत्र विजय किशोर ग्राम अचरा खलवारा को भेज रहा हूं, उसके साथ चली आना। पवन यादव रेलवे स्टेशन पहुंचा और मेरी पुत्री को खेतों में ले गया और कुछ ही देर में अभिनव भी वहां आ गया। दोनों ने मिलकर मेरी पुत्री के साथ दुष्कर्म किया। और उसको धमकाया और उसको धमकी दी। उसका वीडियो बनाया कि मैं वायरल कर दूंगा। उसके बाद पवन यादव उसको रेलवे स्टेशन छोड़ने गयाद्ध उसने आर्यन से जैसे तैसे मदद मांगी की भैया मुझे बचा लो आर्यन वहां पहुंचा और पवन यादव को पकड़ लिया। दोनों के बीच हाथापाई होने लगी वही घटनास्थल के पास से ही 112 नंबर पुलिस की गाड़ी गुजर रही थी जिसने पवन यादव को पकड़ लिया और मेरी पुत्री को भी कोतवाली ले गए। मेरी पुत्री की उम्र 15 वर्ष है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच पड़ताल शुरू कर दी।

प्रभारी निरीक्षक राजीव पांडेय ने बताया कि दोनों आरोपित अभिनव एवं पवन यादव को गांव प्रहलादपुर के मोड से गिरफ्तार कर चालान न्यायालय भेजा गया है।

# गो सम्मान आह्वान अभियान के तहत डीएम को सौंपा ज्ञापन

- जनपद से 4.5 लाख लोगों ने किये है हस्ताक्षर
- गोहत्या-निषेध हेतु केंद्रीय कानून और गोमाता को राष्ट्रमाता का दर्जा देने की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से चलाए जा रहे गो सम्मान आह्वान अभियान के द्वितीय चरण में जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को 4.5 लाख हस्ताक्षरों वाला प्रार्थना-पत्र सौंपा गया।

आयोजकों ने बताया कि पिछले लगभग 6 माह से देशभर के संतों, गोसेवकों एवं गोभक्तों के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के माध्यम से संपूर्ण भारत में गोहत्या-निषेध हेतु केंद्रीय कानून, गोमाता को राष्ट्रमाता का सम्मान, गोचर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराना, केंद्रीय गो मंत्रालय की स्थापना, केंद्रीय गो-चारा नीति का निर्माण सहित कृषि, चिकित्सा, पर्यावरण, शिक्षा एवं मानव जीवन से जुड़े 30 से अधिक प्रमुख मांगें सरकार के समक्ष रखी गई हैं। अभियान के प्रथम चरण में 27 अप्रैल 2026 को देश की लगभग 5,000 तहसीलों के माध्यम से 5 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षर वाला ज्ञापन सौंपा गया था।

मांगों पर अपेक्षित निर्णय न होने के कारण द्वितीय चरण में आज देशभर के सभी जिलों से 15 करोड़ से अधिक नागरिकों के हस्ताक्षर सहित अनुस्मारक ज्ञापन भेजे गए। कार्यक्रम का शुभारम्भ गोमाता पूजन, शंखनाद एवं श्री राम जय राम जय जय राम विजय मंत्र के सामूहिक जप के साथ हुआ। इसके बाद गोभक्तों ने झंडे, बैनर और प्लेकार्ड के साथ शांतिपूर्ण प्रार्थना-यात्रा निकालते हुए जिलाधिकारी कार्यालय तक पहुंचे। यात्रा में भगवान श्रीकृष्ण-बलराम के स्वरूप, गोमाता की झांकी और हस्ताक्षरों का प्रतीकात्मक प्रदर्शन किया गया। संत-महात्माओं, जिला कार्यकारिणी एवं विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। अभियान प्रतिनिधियों ने कहा कि गोमाता केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, कृषि, पर्यावरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का भी महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने सरकार से गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान से संबंधित सभी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम में जिले के संत-महात्मा, सामाजिक एवं धार्मिक संगठन, मातृशक्ति, युवा, किसान, व्यापारी और बड़ी संख्या में गोभक्त उपस्थित रहे।



डीएम को ज्ञापन सौंपते संत

## भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की जिला शाखा ने किया रक्तदान



रक्तदान करते पदाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कारगिल युद्ध के शहीदों को समर्पित करते हुए भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारियों ने लोहिया हॉस्पिटल मे रक्तदान किया। ब्लड बैंक में रक्त की कमी को देखते हुए जिले के अलग-अलग स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित करने की व्यवस्था बनाई गई है। इस अवसर पर शीश मेहरोत्रा सभापति, डॉ नावेद अलीम उपाध्यक्ष, अनुराधा सक्सेना कोषाध्यक्ष, आकाश चतुर्वेदी सचिव, अमित सक्सेना, अजय प्रताप सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में जिला क्रीड़ा अधिकारी संजीव, मिलिट्री हॉस्पिटल से नायब सूबेदार अवध बिहारी एवं अम्भुज मिश्रा ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

## कारगिल विजय दिवस पर छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली



कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्रायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कारगिल विजय दिवस के ऐतिहासिक अवसर पर देशभक्ति और राष्ट्र प्रेम की भावना को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जागरूकता रैली की शुरुआत विद्यालय परिसर से पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ हुई। स्कूली विद्यार्थियों ने हाथों में तिरंगा झंडा और देशभक्ति के संदेशों से सजी तख्तियां लेकर इस रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। रैली के दौरान स्कूली बच्चों के भारत माता की जय और वंदे मातरम के गगनभेदी नारों से पूरा वातावरण देशभक्ति के रंग में रंग गया। विद्यार्थियों ने इस रैली के माध्यम से कारगिल युद्ध में अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों के अदम्य साहस, सर्वोच्च बलिदान और राष्ट्र के प्रति उनके समर्पण का संदेश समाज को दिया। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने छात्रों को संबोधित किया और कारगिल के अमर बलिदानियों को श्रद्धापूर्वक नमन किया। वीर जवानों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्होंने कहा यह दिन हमारे वीर सैनिकों के अदम्य साहस, त्याग और देशभक्ति की याद दिलाता है। इस आयोजन ने छात्रों के साथ-साथ उपस्थित सभी लोगों के भीतर राष्ट्र प्रेम की भावना को और अधिक सुदृढ़ करने का कार्य किया।

# निषाद पार्टी ने आरक्षण की मांग को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन



विधायक को ज्ञापन सौंपते अनिल कश्यप आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

निर्बल इण्डियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने सोमवार को अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य को उनके आवास पर पहुंचकर आरक्षण से संबंधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य उच्चाधिकारियों को संबोधित करते हुए दिया गया है। पार्टी ने आरोप लगाया है कि शासनादेशों के बावजूद स्थानीय स्तर पर तहसीलदार और लेखपाल नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं। निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, कहार, धीमर, बिन्द, बाथम, तुरहा, गोड़िया, मांझी, मछुआ आदि जातियों को पिछड़ी जाति का प्रमाण पत्र जारी करने पर तत्काल रोक लगाई जाए। 31 दिसम्बर 2016 और 12 जनवरी 2017 के शासनादेश का सख्ती से पालन कराते हुए इन जातियों को अनुसूचित जाति की श्रेणी में मानकर उन्हें एससी का प्रमाण पत्र निर्गत किया जाए। पार्टी ने मांग की है कि अति पिछड़ी जातियों के 9 प्रतिशत कोटे को ओबीसी से निकालकर अनुसूचित जाति के 21 प्रतिशत कोटे में जोड़ दिया जाए, जिससे एससी का कुल कोटा 30 प्रतिशत हो जाए। पार्टी का कहना है कि 1950 और 1961 के सेंसस मैनुअल के अनुसार ये जातियां पहले से ही अनुसूचित जाति के पर्यायवाची के रूप में सूचीबद्ध हैं, इसलिए इन्हें इनका संवैधानिक हक मिलना चाहिए। ज्ञापन सौंपने वाले जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप, मुनेश कश्यप, इन्द्र कश्यप, राजवीर कश्यप, सोहन लाल कश्यप, संजीव बाथम, सुरेश कश्यप, राम कश्यप आदि शामिल थे।

## वंदे मातरम गायन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



कार्यक्रम का शुभारम्भ करते अतिथि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सेनापति में देशभक्ति से ओतप्रोत वंदे मातरम गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नारायण मिश्र पूर्व प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज श्याम नगर व धर्मवीर सिंह ने द्वीप प्रज्जवलन के साथ किया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतिभागियों को, सुर, लय, ताल उच्चारण, एवं भाव प्रस्तुत के आधार पर किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न कक्षाओं के चार छात्राओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया और मध्य स्वर में वंदे मातरम एवं देशभक्ति गीत प्रस्तुत कर सभी को भाव विभोर कर दिया। बच्चों की प्रस्तुति ने पूरे वातावरण को देशभक्त में रंग दिया। निर्णय प्रधानाचार्य नारायण मिश्र, ने किया। बच्चों का उन्होंने उत्साहवर्धन भी किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सभी भैया बहनों को प्रधानाचार्य धर्मवीर सिंह ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया और अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन से बच्चों में देशभक्ति, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक मूल्यों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# ओम प्रकाश मिश्रा कंचन की स्मृति में पांचाल संगीत संध्या का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**



संगीत प्रस्तुत करते विद्यार्थी

ललन पिया हाजी विलायत अली संगीत अकादमी द्वारा एक लंबे अंतराल के बाद मासिक संगीत गोष्ठी पांचाल संगीत संध्या का पुनः शुभारम्भ किया गया। इस माह की गोष्ठी आचार्य ओम प्रकाश मिश्र कंचन की स्मृति में गुरु पूर्णिमा को समर्पित रहा। गोष्ठी का आयोजन आइकॉनिक मेकओवर्स साहबगंज के सभागार में किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 शिव ओम अम्बर द्वारा भगवान नटराज की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर किया गया। डॉण् अम्बर ने गुरु की महिमा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गुरु ही शिष्य को कला और जीवन का मार्ग दिखाते हैं। कार्यक्रम में अकादमी के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। राग बिहाग की बंदिश एवं कजरी सावन झर लागी हां धीरे-धीरे प्रस्तुत की गई। शिवि पाण्डेय ने गणेश वंदना प्रस्तुत की। काव्या चतुर्वेदी ने भाव नृत्य की प्रस्तुति दी। शुभांगी अग्निहोत्री ने सितार पर राग यमन में गत प्रस्तुत की। लोक गायिका आस्तिकी मिश्रा ने लोक गीत प्रस्तुत कर समां बांध दिया। अभिव्यंजना के समन्वयक भूपेंद्र प्रताप सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में हारमोनियम पर आकर्ष शुक्ला, तानपुरे पर शुभांगी अग्निहोत्री तथा तबले पर अमन मिश्रा ने संगत की। संचालन उत्कर्ष अग्निहोत्री ने किया। इस अवसर पर अनुज दीक्षित, नैन्सी गुप्ता, सृष्टि सक्सेना, निकिता मिश्रा, अभिनय दीक्षित उपस्थित रहे। आयोजक आकर्ष शुक्ला ने सभी अतिथियों, कलाकारों एवं उपस्थित श्रोताओं का आभार व्यक्त किया।

## खबरें एक नजर में

### रस्तोगी इं.का. में छात्रों को दिया गया स्काउट गाइड का प्रशिक्षण



छात्रों को प्रशिक्षण देते प्रशिक्षक

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रस्तोगी इंटर कॉलेज में प्रवेश प्रथम सोपान एवं द्वितीय सोपान स्काउट का प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया। इस प्रशिक्षण में छात्रों को स्काउट गाइड प्रार्थना, स्काउट गाइड झंडा गीत, स्काउट के जन्मदाता के विषय में बताया गया तथा स्काउट की भावना के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण जिला संगठन कमिश्नर गजेंद्र सिंह एवं प्रशिक्षक डॉ0 यशवंत सिंह राठौड़ द्वारा दिया गया। प्रधानाचार्य संतोष कुमार त्रिपाठी ने छात्रों को स्काउट के बारे में जानकारी दी।

### पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की मनाई गई पुण्यतिथि



पुण्यतिथि मनाते लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को अखिल भारतीय मुस्लिम महासंघ ने देश के 11वें राष्ट्रपति भारत रत्न महान वैज्ञानिक मिसाइल मैन पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि पर मोहम्मद युनुस अंसारी के आवास पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। संचालन रिजवान अहमद ताज ने किया। विचार गोष्ठी में जिले भर के गणमान लोग ने भाग लिया। हाजी अलादीन, सतेंद्र शाक्य, वारिस पठान, तारिक बशीर, वसीम जमा खान, इरशाद, कृष्ण गोविंद, अली, सर्वेश अम्बेडकर, उर्मिला राजपूत पूर्व विधायक, पूर्व अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, जवाहर सिंह गंगवार, जगपाल सिंह राठौर, विकाश अग्निहोत्री, रामपालसिंह, जाहिद, जुम्मन, राजा खान, ताज खां आदि ने विचार व्यक्त किये। इस मौके पर कृष्ण गोविंद, अनीस अहमद, मोहसीन शमशी, जहान सिंह लोधी, रित्तेश प्रजापति, मज़हर मोहम्मद खान, आदि दर्जनों लोग उपस्थित रहे। वहीं नदीम अहमद फारुकी ने कलाम साहब की जयंती के अवसर स्कॉलरशिप देने की घोषणा की।

### गुरु पूर्णिमा पर संस्कार भारती ने किया गुरुओं का सम्मान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा गुरु पूर्णिमा पर मेघा प्रीपैटरी स्कूल नया कोठा पार्चा में सम्मान समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि राजीव सिंह एवं विशिष्ट अतिथि राजेश शर्मा द्वारा मां सरस्वती एवं नटराज के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। सचिव गौरव मिश्रा ने ध्येय गीत प्रस्तुत कर सभी अतिथियों एवं गुरुजनों का स्वागत किया। गुरु पूर्णिमा के संयोजक विशाल श्रीवास्तव ने मंच पर उपस्थित सभी गुरुजनों का परिचय प्रस्तुत किया। इस अवसर पर विभिन्न विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले गुरुजनों को मोती माला, स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंचीय कला रंजीत चक, लोककला विदित दीक्षित, धरोहर कला शरद चंदेल, दृश्य कला मोनिका गुप्ता, साहित्य दिलीप कश्यप, गुरु-शिष्य पर आधारित नाटक ने बांधा समां। गुरु-शिष्य की महत्ता पर आधारित नाटक का मंचन किया गया। नाटक का निर्देशन नवीन मिश्रा नब्बू ने किया। अरविंद दीक्षित, विदित दीक्षित एवं उज्जवल पाण्डेय ने अभिनय किया। बच्चों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि राजीव सिंह ने कहा कि आदिकाल से गुरु की महत्ता को समझा गया है। गुरु के बिना ज्ञान की प्राप्ति संभव नहीं है। संचालन गौरव मिश्रा बंटी एवं विशाल श्रीवास्तव ने किया। वंदे मातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम में नरेंद्र नाथ मिश्र, भूपेंद्र प्रताप सिंह, महेश पाल सिंह उपकारी, अरविंद दीक्षित, कुलभूषण श्रीवास्तव, रामजी बाजपेई, राम औतार शर्मा, संजय गर्ग, शशिकांत पाण्डेय, दीपक सक्सेना, अखिलेश पाण्डेय, कीर्ति मिश्रा, अनुभव सारस्वत, अर्पण शाक्य, आशीष शर्मा, पारुल सैनी, गुंजा जैन, किरण त्रिवेदी, हेमलता श्रीवास्तव, नमन पाण्डेय, रजनी लौंगवानी,गुंजन त्रिवेदी, सुबोध शुक्ला, अनुराग पाण्डेय, अमन अवस्थी, नीरज शर्मा, रविंद्र भदोरिया, शिल्पी रस्तोगी उपस्थित रहे।

# डीआईजी कानपुर परिक्षेत्र ने पांचालघाट का किया निरीक्षण

- आगामी कांवड़ यात्रा को लेकर अलर्ट पर पुलिस प्रशासन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस उपमहानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र द्वारा आगामी कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत थाना कादरीगेट क्षेत्रान्तर्गत पांचालघाट का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कांवड़ मार्ग, सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग, पुलिस ड्यूटी, सीसीटीवी निगरानी एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं का जायजा लिया गया। इस दौरान संबंधित अधिकारियों को कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



पांचाल घाट का निरीक्षण करते डीआईजी व एसपी मौजूद अन्य

आगामी कांवड़ यात्रा को सकुशल, शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन ने अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। सोमवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) कानपुर परिक्षेत्र ने थाना कादरीगेट क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्रमुख कांवड़ स्थल, पांचालघाट का सघन स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कांवड़ मार्ग और वहां की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीआईजी ने कांवड़ मार्ग की सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन की विस्तृत समीक्षा की, ताकि कांवड़ियों को कोई असुविधा न हो। घाट और प्रमुख मार्गों पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बैरिकेडिंग की स्थिति और पुलिसकर्मियों की तैनाती ड्यूटी का जायजा लिया। असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सीसीटीवी कैमरों के कवरेज और निगरानी तंत्र को परखा। शिवभक्तों के लिए घाट पर उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं जैसे-स्नान, प्रकाश और पेयजल आदि की भी जानकारी ली। स्थलीय निरीक्षण के पश्चात, डीआईजी कानपुर परिक्षेत्र ने मौके पर मौजूद संबंधित पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कांवड़ यात्रा को सकुशल, सुरक्षित एवं पूरी तरह से व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है।

इसके लिए सभी जरूरी इंतजाम समय रहते पूरे कर लिए जाएं और सुरक्षा में किसी भी स्तर पर कोई लापरवाही न बरती जाए।

## सरस्वती बालिका विद्या मंदिर में नौ छात्राओं को लगाई गयी एचपीवी वैक्सीन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सरस्वती बालिका विद्या मंदिर सेनापति में डॉ0 नवनीत गुप्ता के निर्देशन में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महिलाओं के सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से सरस्वती बालिका विद्या मंदिर सेनापति में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुल 9 छात्राओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को एचपीवी संक्रमण, सर्वाइकल कैंसर से बचाव तथा समय पर टीकाकरण के महत्व के बारे में भी विस्तार से जागरूक किया गया। डॉण् नवनीत गुप्ता, एचवी सुधा देवी, स्टाफनर्स रेखा राजपूत तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों/कर्मचारियों का सहयोग रहा। स्वास्थ्य विभाग ने विद्यालय परिवार एवं अभिभावकों से अपील की कि पात्र आयु वर्ग की सभी छात्राओं का समय पर एचपीवी टीकाकरण कराकर उन्हें भविष्य में सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।



छात्रा का टीका लगाती स्टाफ नर्स

# टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एएनएम की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सोमवार को नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से ब्लॉक क्षेत्र की सभी एएनएम की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी टीकाकरण सत्रों के लिए तैयार किए गए माइक्रो प्लान का बिंदुवार मूल्यांकन किया गया।

अधिकारियों ने टीकाकरण अभियान को अधिक प्रभावी और गुणवत्तापूर्ण ढंग से संचालित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने जोर दिया कि नियमित टीकाकरण कार्यक्रम मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा या गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रहे। सभी एएनएम को निर्देश दिए गए कि वे अपने कार्यक्षेत्र में माइक्रो प्लान के अनुसार टीकाकरण सत्रों का संचालन करें। उन्हें छूटे हुए लाभार्थियों की पहचान कर समयबद्ध टीकाकरण कराने और प्रत्येक सत्र की जानकारी पोर्टल पर अपडेट करने को कहा गया। समीक्षा के दौरान प्रत्येक उपकेंद्र के माइक्रो प्लान, टीकाकरण सत्रों की संख्या, लाभार्थियों की उपलब्धता, वैक्सीन की आपूर्ति, कोल्ड चेन व्यवस्था और फील्ड स्तर पर आने वाली समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। अधिकारियों ने एएनएम से आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक बच्चों और गर्भवती महिलाओं तक टीकाकरण सेवाएं पहुंचाने को कहा। ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को टीकाकरण के प्रति जागरूक करने और अफवाहों से बचाने के लिए लगातार जनसंपर्क करने के भी निर्देश दिए गए। बैठक में टीकाकरण की गुणवत्ता, समयबद्ध रिपोर्टिंग, रिकॉर्ड संधारण और नियमित मॉनिटरिंग पर विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र लाभार्थी तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना सभी स्वास्थ्य कर्मियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। इस बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन डब्ल्यूएचओ से उदयवीर, धर्मेंद्र यादव, अफार खां, सीएचसी से निमेष चंद, पियूष दीक्षित, एआरओ सुदर्शन सहित ब्लॉक क्षेत्र की सभी एएनएम उपस्थित रहीं।



बैठक में मौजूद स्वास्थ कर्मी

सभी स्वास्थ्यकर्मियों ने नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का संकल्प लिया।

# छात्र-परिषद् अलंकरण समारोह व कारगिल विजय दिवस का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व बोध एवं अनुशासन की भावना विकसित करने के उद्देश्य से आर्मी पब्लिक स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र-परिषद् का गठन कर अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि आर्मी वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन सिखलाई रेजीमेंट सेंटर की अम्बिका जैन रहीं। कार्यक्रम का शुभारम्भ एनसीसी 12 यूपी बटालियन की कैडेट प्रज्ञा एवं सिद्धि द्वारा मुख्य अतिथि की पायलटिंग के साथ हुआ। मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। वरिष्ठ शिक्षक डॉ0 सुनील कुमार त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चार किया। पूर्व प्राथमिक वर्ग के नन्हे विद्यार्थियों ने नन्हा मुन्ना राही हूँ, देश का सिपाही हूँ, अभिनय गीत प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने जयशंकर प्रसाद की प्रेरणादायी कविता बढ़े चलो का प्रभावशाली समूह गान प्रस्तुत किया। कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों ने भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य एवं बलिदान को दर्शाता भावपूर्ण अभिनय प्रस्तुत किया। पूर्व माध्यमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने माँ तुझे सलाम पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि प्राथमिक वर्ग के विद्यार्थियों ने रुके न जो, झुके न जो समूह गीत तथा जय हो पर आकर्षक समूह नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जनसमूह की भरपूर सराहना प्राप्त की। मुख्य अतिथि अम्बिका जैन ने चयनित छात्र-छात्राओं को बैज एवं दायित्व प्रदान करते हुए उन्हें नेतृत्व की जिम्मेदारियों के निर्वहन हेतु शुभकामनाएँ दीं। विद्यालय के छात्र प्रमुख के रूप में कक्षा 12 अ के आशू सिंह तथा छात्रा प्रमुख के रूप में कक्षा 12 अ की आरजू राठौर को चयनित किया गया। प्रीफेक्ट बॉय के रूप में कक्षा 12 के विवेक कुमार तथा प्रीफेक्ट गर्ल के रूप में कक्षा 12 की रिया त्रिपाठी को मनोनीत किया गया। सदन कप्तानों में कक्षा 12 के युवराज सिंह को अशोका सदन, कक्षा 12 के जसवीर सिंह को पटेल सदन, कक्षा 12 के आशुतोष बघेल को रामानुजन सदन तथा कक्षा 12 के विधान्त राठौर को सुभाष सदन का कप्तान नियुक्त किया गया। सहगामी गतिविधियों के कप्तान के रूप में विक्रान्त सिंह एवं सौभाग्या, अनुशासन कप्तान के रूप में आयुष सिंह राठौर एवं दीप्ति, स्पोर्ट्स कप्तान के रूप में वैभव सिंह एवं स्नेहा शर्मा, तथा लिटरेरी कप्तान के रूप में अभिराज सिंह तोमर एवं सृष्टि को दायित्व सौंपा गया। उप-कप्तानों में अंशिका सिंह अशोका सदन, मेधा मिश्रा को पटेल सदन, सगुन को रामानुजन सदन तथा सिमिरत जैन को सुभाष सदन, को सदन उप-कप्तान बनाया गया। रुद्र प्रताप सिंह एवं आस्था राठौर को सांस्कृतिक गतिविधियों का उप-कप्तान, रुद्र प्रताप सिंह एवं अनुष्का राठौर को अनुशासन उप-कप्तान तथा कार्तिकेय दुबे एवं आरुषी को स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन नियुक्त किया गया। कार्यवाहक प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी ने सभी नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को विद्यालय की उन्नति, अनुशासन, सत्यनिष्ठा, निष्पक्षता एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की शपथ दिलाई। अम्बिका जैन ने अपने विचार व्यक्त किये। समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। संचालन कक्षा 11 की छात्राओं मानसी चौहान एवं व्याख्या कन्नौजिया ने किया। इस अवसर पर स्मिता बोस, दीप्ति सिंह उपस्थित रहे।

# मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय बचाने को सपा ने सौंपा ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी अल्पसंख्यक सभा द्वारा कलेक्ट्रेट पहुंचकर मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय रामपुर के 38 भावनाओं को तोड़ने के आदेश के विरोध में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा।

जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में पहुंचे सपा नेताओं ने दिए गए ज्ञापन में मांग की कि जौहर अली विश्वविद्यालय के 38 भवनों को ध्वस्त किए जाने की कार्यवाही जो कि प्रस्तावित है। यह विषय हजारों विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों तथा स्थानीय नागरिकों के भविष्य से जुड़ा हुआ है। किसी भी प्रकार की प्रशासनिक या कानूनी कार्यवाही संविधान कानून तथा न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप तथा शिक्षा एवं छात्रों के भविष्य पर विचारों पर आधारित होनी चाहिए। यदि विश्वविद्यालय में किसी निर्माण भूमि से संबंधित कोई विवाद है तो उसका समाधान विधि संवत् प्रक्रिया के माध्यम से किया जाना चाहिए, ताकि शिक्षा, विद्यार्थियों के हित तथा जन सामान्य का अहित न हो। रामपुर जनपद में क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करने एवं युवाओं का भविष्य उज्जवल बनाए रखने हेतु मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की स्थापना की गई है। जो कि लगातार बच्चों को समुचित शिक्षा व्यवस्था प्रदान कर रही है। सत्तारूढ़ पार्टी राजनीतिक द्वेष भावना से ग्रसित होकर उपरोक्त शिक्षा संस्थान की बिल्डिंगों को ध्वस्त करने हेतु प्रयासरत है। जबकि मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय के निर्माण के संबंध में महत्वपूर्ण तथ्य यह हैं कि विश्वविद्यालय के निर्माण के समय सींगनखेड़ा ग्राम पंचायत क्षेत्र में था और उत्तर प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1947 अथवा किसी विधि के अंतर्गत निर्माण की अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं थी। विश्वविद्यालय के निर्माण के समय ग्राम सींगनखेड़ा आर0बी0 एक्ट 1958 के अंतर्गत रेगुलेटेड एरिया में शामिल नहीं था, इसलिए आर0बी0 एक्ट के अंतर्गत भी अनुमति प्रदान किया जाना संभव नहीं था। 27 सितम्बर 2024 को रामपुर डेवलपमेंट क्षेत्र में 62 नए राजस्व ग्राम शामिल किए गए थे जिसमें ग्राम सींगनखेड़ा को भी शामिल किया गया, इस प्रकार ग्राम सींगनखेड़ा पहली बार दिनांक 27 सितम्बर 2024 को रामपुर विकास प्राधिकरण में शामिल हुआ, जबकि विश्वविद्यालय का निर्माण उससे पूर्व ही पूर्ण हो चुका था। रामपुर विकास प्राधिकरण एवं जिलाधिकारी रामपुर द्वारा अवैधानिक तरीके से शिक्षा का मजाक बनाते हुए गरीब बच्चों के हाथों से कलम छीनने व शिक्षा से वंचित किए जाने का कार्य किया जा रहा है, उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट है कि मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय रामपुर के 38 भवनों को तोड़ने का आदेश छात्र एवं शिक्षा हित में नहीं है।



नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपते सपा नेता

केवल सत्तारूढ़ पार्टी की राजनीतिक द्वेष भावना पर आधारित है और विधि विरुद्ध है जिसे निरस्त किया जाना जनहित एवं छात्र हित में आवश्यक है। मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय रामपुर के 38 भवनों को तोड़ने का आदेश रद्द करते हुए उचित वैधानिक रास्ता निकाला जाना ही जनहित का निर्णय होगा। इस दौरान अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष साजिद अली खान के साथ पार्टी के जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष राम सेवक सिंह यादव, पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत, सर्वेश अंबेडकर, पूर्व जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी, इलियास मंसूरी, हाजी अहमद अंसारी, मारिया आलम, डॉ0 जेपी वर्मा, सिराजुल अफाक मुन्ना, कमल हसन, डॉ0 नवरंग सिंह यादव, मुदस्सिर खां सभासद, रफी अंसारी, छोटे अंसारी, रफी अहमद, मुजाहिद अंसारी, पवन कठेरिया, चांद खान, रवि पांडे, अनुराग यादव, अमित कठेरिया, फैजल खान, ओम प्रकाश शर्मा, रामशरण कठेरिया, इजहार खां, देवेंद्र सिंह यादव, फुरकान अहमद, इरफान खान, शाहरुख, अमित यादव, शिवम पटेल, मिर्जा समीर वेग, रामपाल सिंह यादव, अरविंद कुशवाहा, रिजवान, बीना शर्मा, बिल्लू श्रीवास्तव, माजिद अली, राजपाल यादव, फारूक अली, अजीम खान, रोशन खान, मुशीर खान, रमजान मंसूरी, इरफान, फैजान खान, आलम शेख आदि मौजूद रहे।

## परिजनों ने लगाया जहरीला पदार्थ खिलाने का आरोप

# हिरासत के बाद युवक की मौत, एसडीएम कोर्ट ले जाते समय बिगड़ी तबीयत

**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।**



शारदानगर थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत में चालान किए गए युवक की इलाज के दौरान हुई मौत ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है। मृतक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने गांव के चार लोगों, एक गार्ड और एक सिपाही के खिलाफ जहरीला पदार्थ खिलाकर हत्या करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। वहीं पुलिस का कहना है कि मेडिकल परीक्षण में युवक के शरीर पर कोई गंभीर बाहरी चोट नहीं मिली थी और मौत के वास्तविक कारणों का पता वीडियो पैनल से कराए जा रहे पोस्टमार्टम के बाद ही चल सकेगा। एफआईआर के अनुसार, मूलचन्द्रपुरवा निवासी हरीगोबिंद ने बताया कि 26 जुलाई को गांव के विवाद के मामले में उनके भाई शिवकुमार का शारदानगर पुलिस ने बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के तहत चालान किया था। मेडिकल परीक्षण के बाद पुलिस उसे एसडीएम न्यायालय में पेश करने के लिए ले जा रही थी। आरोप है कि खम्भारखेड़ा चीनी मिल के पास पहुंचने पर पुलिस ने फोन कर सूचना दी कि शिवकुमार की तबीयत बिगड़ गई है। जब वह मौके पर पहुंचे तो शिवकुमार तड़प रहा था, उसके मुंह से झाग निकल रहा था और वहां कोई पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। हरीगोबिंद ने एफआईआर में आरोप लगाया है कि श्रीनिवास पुत्र चन्द्रपत, विजय पुत्र शिवचन्द्र, दिनेश पुत्र फिरई निवासी मूलचन्द्रपुरवा तथा कन्हई निवासी दुबैला ने गार्ड शफीक और सिपाही चन्द्रभान की लापरवाही अथवा मिलीभगत से उनके भाई को जहरीला पदार्थ खिलाया, जिससे उसकी मौत हो गई। तहरीर में यह भी कहा गया है कि यदि भविष्य में उनके परिवार के किसी सदस्य के साथ कोई अनहोनी होती है तो इसकी जिम्मेदारी नामजद आरोपियों और उनके परिवार की होगी। वहीं, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर विवेक तिवारी ने बताया कि शिवकुमार का अपने ही गांव की एक युवती से बातचीत को लेकर 25 जुलाई को युवती के भाई से विवाद हुआ था। इसी संबंध में थाने में प्रार्थना पत्र मिला था। जांच के लिए 26 जुलाई को दोनों पक्ष थाने पहुंचे थे। शिवकुमार अपने भाई हरीगोबिंद और बहनोई लक्ष्मण के साथ आया था, जबकि दूसरा पक्ष भी अपने परिजनों के साथ मौजूद था। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान शांति भंग की आशंका में शिवकुमार का बीएनएसएस की धारा 170 के तहत चालान किया गया। इसके बाद उसका मेडिकल पीएचसी पतरासी में कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसके शरीर पर कोई गंभीर बाहरी चोट नहीं पाई।

## ढखेरवा हाईवे पर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, युवक गंभीर घायल

**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।**



थाना पढुआ क्षेत्र के बोझिया फार्म से ढखेरवा जाने वाले हाईवे पर सोमवार को दो बाइकों की आमने-सामने हुई जोरदार टक्कर में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दोनों बाइकें तेज रफ्तार में आमने-सामने टकरा गईं। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान सोनू पिता शीतल प्रसाद सिंगाही थाना निवासी सिधौना के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही पढुआ थाना प्रभारी मोहित पुंडीर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने बिना देर किए घायल युवक को एंबुलेंस की सहायता से जिला अस्पताल रमियाबेहड़ भेजवाया, जहां उसका उपचार जारी है। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु कराया।

दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है। स्थानीय लोगों ने समय पर पहुंचकर घायल को अस्पताल भेजने के लिए पढुआ पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

## गड़बड़ाधाम में श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध गड़बड़ाधाम में सोमवार को आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष त्रयोदशी एवं पर्व पार्वती व्रत के पावन अवसर पर हजारों श्रद्धालुओं ने मां शीतला के दरबार में पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की तथा शीश नवाकर परिवार की सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली की कामना की। धार्मिक अनुष्ठानों और भक्तिमय वातावरण में डूबा रहा।भोर लगभग चार बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर परिसर में लगनी शुरू हो गई थीं। श्रद्धालु मां शीतला के दर्शन के लिए अपनी बारी का धैर्यपूर्वक इंतजार करते रहे। मंगला आरती संपन्न होने के बाद जैसे ही मंदिर के कपाट खोले गए, श्रद्धालुओं ने मां शीतला को प्रसाद, फूल-माला और चुनरी अर्पित कर पूजा की।

## खबरें एक नजर में

### स्कूली बच्चों की जान खतरे में: जलभराव के बीच हादसे को दावत देता शेर सिंह चौराहे पर रखा ट्रांसफार्मर

**समृद्धि न्यूज़, पलिया कलां खीरी।** नगर के व्यस्ततम शेर सिंह चौराहे पर विद्युत विभाग की लापरवाही लोगों की सुरक्षा पर भारी पड़ती दिखाई दे रही है। बारिश के बाद ट्रांसफार्मर के आसपास जलभराव होने से स्कूली बच्चों, राहगीरों और स्थानीय लोगों की जान पर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद विद्युत विभाग ने अब तक सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए हैं। प्रतिदिन सैकड़ों स्कूली बच्चे इसी मार्ग से होकर स्कूल आते-जाते हैं। ट्रांसफार्मर के चारों ओर पानी भरा होने के कारण किसी भी समय करंट फैलने जैसी गंभीर घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय नागरिकों ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि ट्रांसफार्मर के चारों ओर सुरक्षा घेरा, ऊंचा प्लेटफार्म और जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जानी चाहिए थी, लेकिन विभाग की उदासीनता के चलते स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों का कहना है कि नगर के सबसे व्यस्त चौराहों में शामिल शेर सिंह चौराहे पर स्थित इस ट्रांसफार्मर को सुरक्षित बनाने में विभाग गंभीरता नहीं दिखा रहा है। ऐसे में हर दिन यहां से गुजरने वाले लोगों, विशेषकर स्कूली बच्चों के अभिभावकों में चिंता का माहौल है।

### खेत जोतने के दौरान मारपीट व धमकी, चार लोगों पर मुकदमा दर्ज

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बेदउर गांव निवासी कलावती, पत्नी हीरालाल, की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफमारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि वह अपने खेत की जुताई करा रही थीं। इसी दौरान गांव के सुमन, राजकुमार, साधु और सावित्री निवासी गड सुईया कला मौके पर पहुंच गए और गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपितों ने जान से मारने की धमकी दी तथा धक्का देकर उन्हें वहां से भगा दिया। पीड़िता के अनुसार बीच-बचाव करने पहुंचे छेदीलाल के साथ भी आरोपितों ने गाली-गलौज की, जान से मारने की धमकी दी और धक्का देकर भगा दिया।घटना के बाद कलावती ने हलिया थाने पहुंचकर तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। साथ ही पीड़िता ने अपनी एवं अपने परिवार की जान-माल की सुरक्षा की भी मांग की है।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि तहरीर के आधार पर संबंधित आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### जहरीले जंतु के काटने से वृद्ध किसान की मौत

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया बाजार निवास छोटक कोल 66 की सोमवार को खेत पर काम करने के दौरान जहरीले जंतु के डसने से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी सहित परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।जानकारी के अनुसार, छोटक कोल सोमवार को हलिया के सारी बारी मोहल्ला स्थित खेत पर काम करने गए थे। इसी दौरान उन्हें किसी जहरीले जंतु ने डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक डा. विवेक खरे ने मृत घोषित कर दिया।मृतक के बड़े पुत्र सूरज ने बताया कि उनके पिता खेत पर काम कर रहे थे, तभी उन्हें सांप ने काट लिया। उपचार के लिए तुरंत अस्पताल लाया गया, लेकिन उनकी जान नहीं बच सकी। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई की। थाना प्रभारी राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक अपने पीछे दो पुत्र तथा एक अविवाहित पुत्री छोड़ गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि उनका छोटा पुत्र पहले ही दिवंगत हो चुका है। पति की असामयिक मौत से पत्नी लचिया सहित पूरे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

### अभिषेक वर्मा ऑल इंडिया बार काउंसिल में चयनित

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** नगर पंचायत आनंद नगर निवासी पूर्व सभासद



ध्रुव कुमार वर्मा के छोटे बेटे का ऑल इंडिया बार काउंसिल में चयन होने पर स्वर्णकार समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित कर युवा अधिवक्ता अभिषेक वर्मा को सम्मानित किया है। इस उपलब्धि पर नगर के लोग अपने को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैंऔर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। नगर पंचायत आनंद नगर के पूर्व सभासद धूप वर्मा के पुत्र अभिषेक वर्मा के ऑल इंडिया बार काउंसिल में चयनित होने पर उनके चाहने वालों में खुशी की लहर दौड़ गई है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर स्वर्णकार समाज और गणमान्य नागरिकों ने अभिषेक वर्मा को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। आयोजित सम्मान समारोह में वक्ताओं ने कहा कि अभिषेक वर्मा की यह सफलता न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे जनपद महराजगंज के लिए गर्व का विषय है।

# 96 बोरी यूरिया की कथित कालाबाजारी पर किसानों का हंगामा

### शपथ पत्र के साथ पीएम, सीएम सहित उच्च अधिकारियों से शिकायत, वायरल वीडियो की जांच की उठाई मांग

**समृद्धि न्यूज़, धौरहरा खीरी।**



धौरहरा के ईसानगर क्षेत्र की फिरोजाबाद बी-पैक्स में तीन दिन पूर्व 96 बोरी यूरिया की कथित कालाबाजारी को लेकर किसानों में आक्रोश है। किसानों ने समिति के सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए शपथ पत्र के साथ मुख्यमंत्री,प्रधानमंत्री सहित कई उच्च अधिकारियों को शिकायत भेजकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। किसानों का आरोप है कि समिति से 96 बोरी यूरिया ट्रैक्टर-ट्राली में लादकर ब्लैक मार्केट में बेचने के उद्देश्य से भेजी गई।इस दौरान ट्रैक्टर-ट्राली में यूरिया लादने का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। समिति में क्षेत्र के किसान संतराम, रामू, राजपति, सुरेश, महेशा देवी, रामरानी, बालकराम, भारत व सुशीला देवी ने सोमवार को तहसील पहुंचकर एसडीएम राशि कृष्णा, जिला कृषि अधिकारी, आयुक्त निबंधन सहकारिता, मंडलायुक्त सहित मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को संबोधित (शपथपत्र) प्रार्थना पत्र सौंपा। किसानों का कहना है कि एक ओर आम किसान एक-एक बोरी यूरिया के लिए समितियों के चक्कर काट रहा है,उसे बताया जाता है कि सर्वर नही होने से मशीन नहीं चल रही,जबकि दूसरी ओर बिचौलियों को ट्रैक्टर-ट्रालियों में भरकर यूरिया उपलब्ध कराई जा रही है।किसानों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा यूरिया वितरण व्यवस्था को पारदर्शी बनाने की मांग की है। वहीं सचिव दयाशंकर मिश्रा ने आरोपों को निराधार बताया है।

इस मामले में एसडीएम धौरहरा राशी कृष्णा ने बताया कि किसानों की शिकायत और वायरल वीडियो की जांच की जा रही है,दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

# शारदा नदी का कटान तेज गन्ने की फसल नदी में समाई

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।**



ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के ग्राम रामनगर कलां में शारदा नदी का कटान एक बार फिर तेज हो गया है। नदी की तेज धार के चलते दूसरी ओर स्थित किसानों की खड़ी गन्ने की फसल लगातार कटकर नदी में समा रही है। कटान बढ़ने से किसानों में दहशत है और उनकी वर्षों की मेहनत तथा जमा पूंजी पर संकट गहरा गया है। ग्रामीणों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से नदी का जलस्तर घटने के बाद कटान की रफ्तार बढ़ गई है। देखते ही देखते कई बीघा कृषि भूमि नदी में विलीन हो चुकी है, जबकि कटान का दायरा लगातार आगे बढ़ रहा है। सबसे अधिक नुकसान गन्ने की खड़ी फसल को हुआ है, जो किसानों की मुख्य नकदी फसल मानी जाती है। पीड़ित किसानों ने बताया कि उन्होंने कर्ज लेकर गन्ने की खेती की थी और इस बार अच्छी पैदावार की उम्मीद थी, लेकिन नदी के कटान ने उनकी सारी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। किसानों का कहना है कि उनकी मेहनत और पूंजी दोनों नदी में समा गई हैं, जिससे उनके सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि कटान रोकने के लिए अब तक प्रशासन और सिंचाई विभाग की ओर से कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है।

## जल संरक्षण का संदेश देकर 600 बच्चों को बांटी गईं कॉपी-कलम



**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**

स्थानीय क्षेत्र के हलिया स्थित सिद्धि शांति पब्लिक स्कूल में सोमवार को जल संचय एवं जल संरक्षण अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अपना दल (एस) के नेता ने छात्र-छात्राओं को जल संरक्षण का महत्व बताते हुए पानी का सदुपयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत प्रधानमंत्री की प्रेरणा से हर घर तक नल से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। यह पानी स्वास्थ्यवर्धक है। इसलिए इसे व्यर्थ न बहाएं और इसका जिम्मेदारी से उपयोग करें। उन्होंने कहा कि नल के शुद्ध पानी के नियमित उपयोग से दूषित पानी से होने वाली कई बीमारियों से बचाव संभव है।

## महिला ने पति के विरुद्ध दर्ज कराया मुकदमा

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहुगी खुर्द गांव निवासी शबनम बानो ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर पति के विरुद्ध गाली गलौज देते हुए मारने पीटने व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज कराया है पुलिस मुकदमा दर्ज कर महिला को उपचार के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया भेज दिया है दी गयी तहरीर में बताया की पति इरशाद अली रविवार को समय 10 बजे सुबह अनायास गाली गलौज देते हुए लाठी डंडे से मारने पीटने लगे जिससे पूरे शरीर में गंभीर चोटे आई व पति द्वारा जान से मारने की धमकी देने लगे जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गयी इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की महिला की तहरीर पर उसके पति के विरुद्ध गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बाइक सवार बदमाश ने महिला के कान से कुंडल नोंचे

**समृद्धि न्यूज़, उचौलिया खीरी।**



थाना क्षेत्र में रविवार शाम करीब छह बजे बाइक सवार बदमाशों ने एक महिला के कान से सोने के कुंडल नोच लिए और फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार, शाहजहांपुर जनपद के थाना रोजा क्षेत्र के बनतारा गांव निवासी विनीता, पत्नी देवेंद्र, अपने पति के साथ मोटरसाइकिल से मायके मुरादपुर जा रही थीं। राष्ट्रीय राजमार्ग से मोहदियापुर होते हुए जैसे ही वे पिपरहा ग्रांट गांव के पास पहुंचे, तभी पीछे से हीरो एचएफ डीलक्स बाइक पर सवार अज्ञात बदमाश उनकी बाइक के बराबर आया और महिला के कान से सोने के कुंडल नोचकर फरार हो गया। पीड़िता के पति देवेंद्र ने बदमाश का पीछा करने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी रास्ते में ट्रैक्टर-ट्रॉली की आड़ लेकर तेज रफ्तार से फरार हो गया। घटना की सूचना पर क्षेत्राधिकारी मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह तथा उचौलिया थाना प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह गौर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ अन्य साक्ष्यों के आधार पर बदमाश की तलाश में जुटी है। थाना प्रभारी निरीक्षक अवधराज सिंह गौर ने बताया कि पीड़िता विनीता की तहरीर पर अज्ञात बदमाश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना के शीघ्र खुलासे के लिए तीन पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

# लालगंज में सपा ने की पीडीए जनपंचायत

### 2027 में पीडीए की सरकार बनेगी: श्यामलाल पाल

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।**



छानबे विधानसभा क्षेत्र के लालगंज स्थित हर्षित मैरिज लॉन में सोमवार को समाजवादी पार्टी की पीडीए कार्यकर्ता सम्मेलनध्जन पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला।सम्मेलन के मुख्य अतिथि सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल रहे। मंच पर जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में कार्यक्रम हुआ। प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल ने कहा कि भाजपा सरकार में पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक यानी पीडीए का शोषण हो रहा है। 2027 के चुनाव में पीडीए एकजुट होकर भाजपा को सत्ता से बाहर करेगा और प्रदेश में सपा की सरकार बनाएगा। उन्होंने कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर मजबूती से काम करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में छानबे विधानसभा के प्रभारी सोकिम अहमद उर्फ झल्लू, हरिशंकर यादव सहित जिले के तमाम सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मंचासीन रहे। सभी नेताओं ने गुलाबी गमछा और लाल टोपी पहनकर सपा की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने आए हुए सभी अतिथियों और कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष शिव शंकर यादव, आशीष यादव, जगतम्बा सिंह पटेल,गुलाब चंद्र यादव उर्फ मुन्नी यादव,दामोदर प्रसाद मौर्य, रम्भा कोल,कीर्ति कोल, रविंद्र कोल, ब्लॉक अध्यक्ष मुकुंद लाल यादव आदि मौजूद रहे।

## गो संरक्षण की मांग को लेकर छह लाख हस्ताक्षरों के साथ सरकार को भेजा गया ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** गोमाता की सेवा, सुरक्षा एवं सम्मान को लेकर चलाए जा रहे गो सम्मान आह्वान अभियान के दूसरे चरण के तहत सोमवार को जिले में व्यापक जनसमर्थन देखने को मिला। अभियान के अंतर्गत संतों, गौसेवकों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने



जिला प्रभारी योगेश जायसवाल के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन प्रशासन को सौंपा। इसके साथ जिले के करीब छह लाख नागरिकों के हस्ताक्षरयुक्त प्रार्थना-पत्र भी सरकार को प्रेषित किए गए। जिला प्रभारी योगेश जायसवाल ने बताया कि पिछले छह माह से देशभर में संचालित गो सम्मान आह्वान अभियान के माध्यम से गोवंश संरक्षण एवं संवर्धन को लेकर जनजागरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गोमाता भारतीय संस्कृति, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का अभिन्न आधार हैं। ऐसे में उनके संरक्षण के लिए प्रभावी कानून एवं ठोस नीतियों का निर्माण आवश्यक है। उन्होंने बताया कि अभियान के माध्यम से केंद्र सरकार के समक्ष 30 से अधिक प्रमुख मांगें रखी गई हैं।

## जीएसटी की खामियों पर भड़के व्यापारी, 12 सूत्रीय मांगों का सौंपा ज्ञापन

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** जीएसटी व्यवस्था में व्याप्त खामियों, जटिल प्रक्रियाओं और व्यापारियों के कथित उत्पीड़न के विरोध में उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद की। संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर अग्रहरी के नेतृत्व में व्यापारियों ने केंद्रीय वित्त मंत्री को संबोधित 12 सूत्रीय मांगपत्र असिस्टेंट कमिश्नर जीएसटी ग्रेड-1, महराजगंज को सौंपते हुए जीएसटी कानून में व्यापक सुधार की मांग की। व्यापारियों ने कहा कि वर्तमान जीएसटी प्रणाली में तकनीकी एवं मानवीय त्रुटियों को आधार बनाकर की जा रही दंडात्मक कार्रवाई से व्यापारी वर्ग अनावश्यक रूप से



परेशान हो रहा है। उन्होंने मांग की कि सचल जांच दल केवल तकनीकी कमियों के आधार पर वाहनों को रोककर जुर्माना लगाने की कार्रवाई बंद करे तथा जांच और सर्वे के दौरान कर जमा कराने के लिए दबाव बनाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाई जाए। प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर अग्रहरी ने कहा कि 40 लाख रुपये तक वार्षिक कारोबार करने वाले व्यापारियों को जीएसटी पंजीकरण के लिए बाध्य न किया जाए। साथ ही विलंब से कर भुगतान पर लगने वाली 18 प्रतिशत ब्याज दर को घटाकर अधिकतम छह प्रतिशत किया जाए तथा जीएसटी कानून के दंडात्मक प्रावधानों में संशोधन कर जेल की सजा समाप्त कर केवल आर्थिक दंड का प्रावधान किया जाए। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि पंजीकृत व्यापारियों को डिजिटल कार्यों के लिए निःशुल्क लैपटॉप एवं आवश्यक सॉफ्टवेयर उपलब्ध कराया जाए।

तंबाकू, पत्ता और तैयार तंबाकू पर अलग-अलग जीएसटी दरों से व्यापार प्रभावित होने का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। व्यापारियों ने कहा कि कच्चे माल एवं तैयार उत्पाद पर अलग-अलग कर दरों के कारण इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) और रिफंड की बड़ी राशि लंबे समय तक फंसी रहती है। इसलिए रिटर्न दाखिल होने के बाद रिफंड की राशि स्वतः व्यापारी के खाते में भेजी जाए तथा देरी होने पर 18 प्रतिशत ब्याज दिया जाए।

## होमगार्ड जवानों से हर महीने अवैध वसूली का आरोप डीएम से कार्रवाई की मांग

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** लालगंज होमगार्ड विभाग में तैनात जवानों से हर महीने अवैध वसूली किए जाने का गंभीर आरोप लगा है। पीड़ित जवान ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है। लालगंज होमगार्ड में तैनात सुनील कुमार त्रिपाठी ने डीएम को दिए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि विभाग के बीओ द्वारा सभी होमगार्ड जवानों से हर महीने अवैध रूप से रुपये मांगे जाते हैं। शिकायत में कहा गया है कि जो जवान रुपये नहीं देते हैं, उन्हें ड्यूटी से हटाने और विभाग से निष्कासित करने की धमकी दी जाती है।

इसी डर के कारण कई जवान चुपचाप रुपये देने को मजबूर हैं।

# सोनौली सीमा पर कस्टम विवाद गहराया

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** भारत-नेपाल की अंतराष्ट्रीय व्यापारिक सीमा सोनौली-बेलहिया पर नेपाल भंसार (कस्टम) में भारतीय कस्टम एजेंटों के प्रवेश पर लगाए गए प्रतिबंध को लेकर उत्पन्न विवाद सोमवार को और गहरा गया। भारतीय कस्टम एजेंटों की कलमबंद हड़ताल लगातार दूसरे दिन भी जारी रही, जिससे दोनों देशों के बीच आयात-निर्यात का कारोबार लगभग ठप हो गया। विवाद के समाधान के लिए भारतीय और नेपाली कस्टम अधिकारियों के बीच हुई वार्ता भी बेनतीजा रही, जिससे व्यापारियों और ट्रांसपोर्टरों की चिंता बढ़ गई है। बैठक के दौरान नेपाल कस्टम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि भारतीय एजेंटों के प्रवेश का मामला नेपाल कस्टम एजेंट महासंघ से जुड़ा है। महासंघ जिस प्रतिनिधि को अधिकृत करेगा, कस्टम विभाग उसी के माध्यम से कार्य करेगा। अधिकारियों के इस रुख से नाराज भारतीय कस्टम एजेंटों ने सीमा पर इंडिया गेट के समीप नेपाल कस्टम संघ और नेपाल कस्टम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। भारतीय एजेंटों का कहना है कि दो दिनों से जारी कलमबंद हड़ताल के कारण नेपाल भंसार को करीब 125 करोड़ रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। वहीं भारतीय कस्टम कार्यालय में भी कामकाज लगभग ठप रहा और इक्का-दुक्का मालवाहक वाहनों को ही क्लीयरेंस मिल सका।



दूसरे दिन भी ठप रहा भारत-नेपाल व्यापार